RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 64
नई दिल्ली, शनिवार, 7 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम पर भारत का फोकस
स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली को नहीं मिल सका मेयर

- पहली बैठक में आप और भाजपा के पार्षदों में भिड़ंत, सदन को करना पड़ा स्थगित
- एलजी बाद में करेंगे मेयर के चुनाव के लिए नई तिथि का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों के बीच चलीं कुर्सियां और हुई हाथापाई

**सिविक** सेंटर में शुक्रवार को दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए मतदान से पहले आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट से अफरा-तफरी मच गई। पार्षदों ने एक-दूसरे पर माइक और मेज-कुर्सियां फेंककर से हमला किया। जबरदस्त हंगामे के चलते मेयर और डिप्टी मेयर के लिए मतदान नहीं हो सका।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना चुनाव की नई तारीख का जल्द ऐलान करेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना पर स्थापित संवैधानिक परंपरा के उल्लंघन का आरोप लगाया, वहीं एलजी ने कहा कि उन्होंने कानून के तहत ही एल्डरमैन मनोनीत किए हैं। सिविक सेंटर में स्थित निगम सदन की तस्वीरें बहुत ही भयावह हैं। नए पार्षदों का व्यवहार देख किसी का भी सिर शर्म से झुक जाए। दोनों दलों के सदस्य एक-दूसरे को धक्का देते, माइक उखाड़ते, कुर्सी-मेज उठाकर फेंकते दिख रहे हैं। जैसे उन पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इस बीच, कांग्रेस के सभी नौ पार्षदों ने सदन से वाकआउट किया। इस पर आप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा ने आपस में समझौता कर लिया है। दरअसल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा नियुक्त 10 एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) को पहले शपथ दिलाने का आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने तीखा विरोध किया। उनका कहना था कि यह परंपरा है कि पहले निर्वाचित सदस्य शपथ लेते हैं और मनोनीत सदस्य बाद में। आप सदस्यों ने महापौर और उप महापौर चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने पर भी सवाल उठाया और कहा कि सदन में सबसे वरिष्ठ सदस्य को यह जिम्मेदारी दी जाती है। इसी को लेकर गर्मा-गरम बहस हुई और देखते ही देखते हंगामे एवं मारपीट में बदल गई। पार्षदों के शांत नहीं होने पर पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने एमसीडी सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया और कहा कि मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए अगली तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। आप ने कहा कि इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एल्डरमैन को निर्वाचित सदस्यों से पहले शपथ दिलाई गई हो। आप ने दावा किया कि धक्का-मुक्की और मारपीट में उसके दर्जन से अधिक पार्षद घायल हुए हैं। उधर, भाजपा ने कहा कि उसके सात पार्षदों को चोट लगी है। भगवा दल ने आरोप लगाया कि उसके कई पार्षदों पर धारदार हथियारों से हमला किया गया है।

निगम अधिकारियों के अनुसार इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब सदन की पहली बैठक बिना मेयर और डिप्टी मेयर चुने स्थगित करनी पड़ी हो। एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में बैठक की शुरुआत भाजपा पार्षद सत्या शर्मा को दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर पद के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके बाद 10 एल्डरमैन को शपथ दिलाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के साथ ही हंगामा होने लगा। आप के कई विधायक और पार्षद पार्षद नारे लगाते हुए आसन के करीब पहुंच गए। उन्होंने निर्वाचित पार्षदों के बजाय एल्डरमैन को पहले शपथ दिलाने का विरोध किया। आप पार्षदों के पीठासीन अधिकारी की मेज सहित अन्य मेज पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे (शेष पेज 8)

# महिला पर पेशाब करने वाले को कंपनी ने किया बर्खास्त

राजेश कुमार। नई दिल्ली

- अमेरिकी बैंकिंग कंपनी ने अपने भारतीय कारोबार के उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा पर की कड़ी कार्रवाई
- गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची मुंबई, घर लगा मिला ताला, लुकआउट नोटिस जारी

**अमेरिकी** बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेल्स फारगो ने अपनी भारतीय शाखा के उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा को बर्खास्त कर दिया है। मिश्रा ने बीते साल 26 नवंबर को एयर इंडिया की एक उड़ान में बुजुर्ग महिला सहयात्री पर कथित रूप से पेशाब कर दिया था। इस बीच, दिल्ली पुलिस की चार सदस्यीय टीम शुक्रवार दोपहर मिश्रा की तलाश में मुंबई पहुंची, लेकिन उनके घर पर ताला लगा मिला। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

इस मामले में दिल्ली पुलिस ने न्यूयॉर्क से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उस उड़ान एआई-102 के पायलट और अन्य चालक दल के सदस्यों को बुलाया है, जिसमें यह शर्मनाक घटना हुई थी। इस बीच, आरोपी मिश्रा ने शुक्रवार को महिला के व्हाट्सएप संदेशों का हवाला देते हुए दावा किया कि महिला ने उसके कृत्य को माफ कर दिया है और इस संबंध में वह शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती हैं। मिश्रा के वकीलों ने एक बयान में कहा कि दोनों के बीच एक समझौता किया गया था। इसी के तहत 28 नवंबर को ही संबंधित बुजुर्ग महिला को मुआवजा दे दिया गया था, लेकिन महिला की बेटी ने 19 दिसंबर को यह रकम लौटा दी। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि शंकर मिश्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप बेहद परेशान करने वाले हैं। फर्म ने यह भी कहा कि मिश्रा को वेल फारगो से हटा दिया गया है। कंपनी ने आगे कहा कि उसने अपने कर्मचारियों को पेशेवर और व्यक्तिगत व्यवहार के उच्चतम मानकों का पालन करने का निर्देश दिया है।

बयान के अनुसार हम जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं और उनके खिलाफ कोई भी अतिरिक्त जांच की जा सकती है। एयर इंडिया की एक उड़ान में महिला यात्री पर पेशाब करने की घटना की खबर आने के बाद दिल्ली पुलिस ने 5 जनवरी को संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मिश्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने का अनुरोध किया। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की जिस फ्लाइट में यह घटना हुई, उसके पायलट और चालक दल के अन्य सदस्यों को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। मिश्रा के वकीलों के समझौता होने और माफी मांगने के बयान पर पीड़ित महिला ने कहा कि उसने घटना की शिकायत चालक दल से की थी। जब अपराधी को उसके सामने लाया गया तो उसने रोना शुरू कर दिया और माफी मांगने लगा। इस पर उसने चालक दल से कहा था कि उसे हवाईअड्डा पुलिस के हवाले किया जाए और वह उसका चेहरा नहीं देखना चाहती।

महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी अनिच्छा के बावजूद, उसे आरोपी का सामना करने और उसके साथ बातचीत करने के लिए मजबूर किया गया। महिला ने चालक दल पर गैर-पेशेवर रवैया अपनाने का आरोप भी लगाया। पीड़ित महिला ने शिकायत में कहा कि उसने घटना के बारे में फौरन ही एयरहोस्टेस को सूचित किया था। मेरे कपड़े, जूते और बैग मूत्र में भीग गए थे। बैग में मेरा पासपोर्ट, यात्रा दस्तावेज और पैसे भी थे। फ्लाइट के कर्मचारियों ने उन्हें छूने से इनकार कर दिया, मेरे बैग और जूतों पर स्प्रे कर दिया और मुझे बाथरूम में ले गया और मुझे एयरलाइन पजामा और मोजे का एक सेट दिया। करीब 20 मिनट तक खड़े रहने के बाद, महिला को एयरलाइन कर्मचारियों द्वारा इस्तेमाल की जाने (शेष पेज 8)

# यूक्रेन संघर्ष के विपरीत प्रभाव पर होगी चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- भारत 12-13 जनवरी को वॉयस आफ ग्लोबल साउथ डिजिटल शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा, 120 देशों को किया गया है आमंत्रित
- विकासशील देशों को अपने मुद्दों, चिंताओं और प्राथमिकताओं को रखने का मिलेगा मौका

**भारत** 12-13 जनवरी को डिजिटल माध्यम से वॉयस आफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसमें वैश्विक दक्षिण सहित विकासशील देशों को अपने मुद्दों, चिंताओं और प्राथमिकताओं को रखने का मौका मिलेगा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को बताया, इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 120 देशों को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय यूनिटी आफ वॉयस, यूनिटी आफ पर्पज है।

उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन की संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास तथा भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भारत विकासशील विश्व की आवाज एवं चिंताओं को वैश्विक मंच पर रखने में सबसे आगे रहा है। पिछले समय में कोविड-19 महामारी और यूक्रेन संघर्ष का दुनिया के देशों पर प्रभाव पड़ा है। इससे खाद्य, ईंधन और उर्वरकों तक पहुंच प्रभावित हुई है। क्वात्रा ने कहा कि कर्ज और मुद्रास्फीति का दबाव भी अर्थव्यवस्थाओं के ढांचागत मानदंडों पर दिखाई दिया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में इस सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण सहित विकासशील देशों को अपने मुद्दों, चिंताओं और प्राथमिकताओं को रखने का मौका मिलेगा। यह पूछे जाने पर कि इस सम्मेलन में भारत के किन किन पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया है, क्वात्रा ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल शिखर बैठक में 10 सत्र होंगे जिसमें दो सत्र शासनाध्यक्ष स्तरीय होंगे जबकि आठ सत्र मंत्री स्तरीय होंगे। शासनाध्यक्षों के स्तर के सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल रहेंगे। शिखर बैठक में आठ मंत्री स्तरीय सत्र में सहयोगी देशों के मंत्री भी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक सत्र 10-20 सदस्यों का समूह होगा। समझा जाता है कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) देशों में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरिबियाई, प्रशांत द्विपीय एवं एशियाई देश शामिल हैं हालांकि इसमें इजराइल, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल नहीं है।

राष्ट्राध्यक्ष स्तरीय सत्र की शुरूआत 12 जनवरी को होगी। इसका विषय मानव केंद्रित विश्व के लिए वैश्विक दक्षिण की आवाज होगा। मंत्री स्तरीय सत्र के तहत वित्त मंत्री स्तरीय सत्र का विषय लोक केंद्रित विकास का वित्त पोषण होगा। क्वात्रा ने कहा कि वित्त मंत्री स्तर के सत्र में विकास एवं वित्त पोषण से जुड़े आयाम शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विकास की यात्रा का मुख्य बिन्दू यह है कि विकास का वित्त पोषण कैसे किया जाए, (शेष पेज 8)

# ठंड से राहत नहीं, बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

- दिल्ली के आयानगर में तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, औसत पारा 4 डिग्री रहा
- ठिठुर रहा पूरा उत्तर भारत, घने कोहरे के कारण 30 उड़ानें और 26 ट्रेन हुईं लेट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नई दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच अपने काम पर जाता एक साइकिल सवार

**हरियाणा,** पंजाब और राजस्थान समेत समूचा उत्तर भारत पिछले तीन दिन से कड़ाके की ठंड से जूझ रहा है। दिल्ली में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन शीतलहर चली और यहां के आयानगर इलाके में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि कश्मीर में ठंड से कुछ राहत मिली है।

यहां न्यूनतम तापमान थोड़ा बढ़ा है। मौसम विभाग ने घाटी में शनिवार से बारिश की संभावना जताई है। बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली में बिजली की मांग भी रिकॉर्ड 5,526 मेगावाट हो गई। बीएसईएस के एक अधिकारी ने कहा कि वितरण कंपनियों सर्दियों में बढ़ी मांग के अनुरूप अपने 47 लाख उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली देने की तैयारी कर रखी है। आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह 10.58 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग 5,526 मेगावाट रही। यह सर्दियों के महीनों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है। दिल्ली के मौसम स्टेशन सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो डलहौजी (8.7 डिग्री सेल्सियस), धर्मशाला (5.4 डिग्री), शिमला (6.2 डिग्री), देहरादून (4.4 डिग्री), मसूरी (6.4 डिग्री) और नैनीताल (6.5 डिग्री) से भी कम है। उत्तर-पश्चिम भारत और देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में छाए घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम की वजह से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर करीब 30 उड़ानें और दिल्ली पहुंचने वाली कम से कम 26 ट्रेन लेट हुईं। आईजीआई हवाईअड्डे के पास स्थित पालम वेधशाला ने सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता स्तर 200 मीटर थी। दिल्ली के लोधी रोड, आयानगर और रिज के मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान क्रमशः 3.8 डिग्री सेल्सियस, 1.8 डिग्री और 3.3 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की मौसम रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में नारनौल सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के बलाचौर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान में सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 0.7 और चुरू में 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू और कश्मीर में घाटी के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य (शेष पेज 8)

# आजाद की पार्टी के 17 पूर्व नेता कांग्रेस में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के 17 पूर्व नेता शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए जिनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद भी शामिल हैं। इन नेताओं की यह कांग्रेस में वापसी है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। वेणुगोपाल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से पहले हमारे कई नेता घर वापस आ रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। तारा चंद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पीरजादा मोहम्मद और 15 अन्य नेताओं ने कांग्रेस में वापसी की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आने वाले दिनों में डीएपी के कई और नेता कांग्रेस में वापसी करेंगे। आजाद ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और फिर डीएपी की स्थापना (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,900 | ↓ 452 | |
| निफ्टी | 17,859 | ↓ 132 | |
| सोना | 55,650 | ↓ 153 | /10g |
| चांदी | 68,700 | ↓ 07 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डीआरडीओ ने विकसित किया मानवरहित यान

**नागपुर।** हिमालई सीमा पर साजो-सामान संबंधी परिचालन को लक्षित करते हुए अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक ऐसा मानवरहित यान विकसित किया है जो पांच क्लिोग्राम तक सामान ले जाने तथा दुश्मन क्षेत्र मे बम गिराने मे भी सक्षम है। महाराष्ट्र के नागपुर मे 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस मे डीआरडीओ ने इसे प्रदर्शित किया। सिक्किम मे 14000 फुट की ऊंचाई पर इसके सफल परीक्षण किए जा चुके है। डीआरडीओ के अधिकारी महेश साहू ने बताया कि शेष बचे दो परीक्षण पूरे करने के बाद यह उत्पाद सशस्त्र बलो को सौपे जाने के लिए तैयार होगा। उन्होने कहा कि डीआरडीओ ने पांच क्लिोग्राम से 25 क्लिो तक सामान ले जाने मे सक्षम यह मानवरहित यान विकसित किया है और यह क्षमता को 30 क्लिो तक बढ़ाने की दिशा मे काम कर रहा है।

# भारत अबेई में तैनात करेगा महिला शांतिरक्षक दल



पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

- संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मिशन के तहत बटालियन की होगी तैनाती, प्रधानमंत्री ने जताई खुशी

**संयुक्त** राष्ट्र शांतिरक्षा में सबसे ज्यादा सैनिक भेजने वाले देशों में से एक भारत अबेई में महिला शांतिरक्षकों की एक प्लाटून तैनात कर रहा है।

भारत यहां 2007 से अब तक, संयुक्त राष्ट्र मिशन में देश की सबसे बड़ी महिला इकाई ब्ल्यू हैलमेट्स को तैनात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय सेना द्वारा संयुक्त राष्ट्र मिशन में महिला शांतिरक्षकों की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी तैनात किए जाने पर खुशी जाहिर की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, यह देखकर गर्व हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत की सक्रिय भागीदारी की परंपरा रही है। हमारी नारी शक्ति की भागीदारी और भी खुशी की बात है।

वह सेना के एक ट्वीट का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया था, भारतीय सेना ने यूएनआईएसएफए के अबेई में संयुक्त राष्ट्र मिशन में महिला शांति सैनिकों की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी तैनात की है। इस कदम से शांतिरक्षक सेना में महिलाओं की संख्या महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की भारत की (शेष पेज 8)

# जोशीमठ में धंसती जमीन से दहशत में लोग

- विशेषज्ञों के मुताबिक इसके प्राकृतिक या मानवजनित कारण हो सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। चमोली(उत्तराखंड)



धंसाव के मकानों और जमीन पड़ रही दरारें। फाइल फोटो

**पहले** ही आपदा झेल चुका जोशीमठ फिर दहशत में है। पिछले कुछ महीनों में यहां 500 से ज्यादा घरों में दरारें आ गईं हैं। इस हिमालयी क्षेत्र के सिंगधार में शुक्रवार को एक मंदिर भी ध्वस्त हो गया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक घटना के समय मंदिर में कोई नहीं था। 15 दिन पहले में मंदिर एक बड़ी दरार पड़ने के बाद उसे खाली कर दिया गया था।

जमीन में ये धंसाव लंबवत हो रहा है। इसमें जमीन की सतह नीचे की तरफ जा रही है। इसका कारण मानवीय और प्राकृतिक दोनों हो सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कहा कि विशेषज्ञों की टीम समस्या के सभी पहलुओं का अध्ययन करेगी। इस टीम में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडियाा, वाडिया इंस्टीट्यूट तथा आईआईटी रुड़की के सदस्य शामिल हैं। संयोग से वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी तथा आईआईटी रुड़की के अलावा अन्य की टीम, जिसे सरकार ने पिछले साल गठित किया था, ने एक रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया था कि जोशीमठ 6,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसका एक बड़ा हिस्सा धंस रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि एक साल से धंसाव जारी है लेकिन पिछले एक पखवाड़े से इसकी रफ्तार तेज हो गई है। प्रभावित स्थानीय लोग सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए हैं। राज्य सरकार ने अगले छह महीने के लिए लोगों को चार हजार रुपये बतौर किराया देने का ऐलान किया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि बहुत से घरों में चौड़ी दरारें आई हैं तथा 50 से ज्यादा परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए हैं। इसके निदेशक पंकज चौहान ने बताया कि इसके अलावा विष्णु प्रयाग जल विद्युत परियोजना से कर्मचारियों के 60 परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

जमीन के धंसाव के बारे में रुड़की आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. सत्येंद्र मित्तल ने कहा कि इसके दो कारण हो सकते हैं एक मानवीय दूसरा प्राकृतिक। जब अनियोजित तरीके से निर्माण कार्य शुरू हो जाते हैं तो इसे मानवीय कारण कहा जाता है। डॉ.मित्तल ने कहा 'सुरंग से किसी अनजान जगह से पानी रिस रहा है और कही इकट्ठा हो रहा है। जब पानी का इकट्ठा होना जमीन की क्षमता से अधिक हो जाता है तो इससे हाईड्रोस्टेटिक दबाव बढ़ जाता है और इससे जमीन धंसाव होने लगता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 7 जनवरी, 2023



# 76 स्थानों पर लगाए गए इमरजेंसी कॉल बाक्स

## बटन दबाते ही कमांड कंट्रोल पहुंचेगी जानकारी, जीपीएस से ट्रैक कर मिलेगी तुरंत मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

इंटीग्रेटड सिक्यूरटी एंड ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम के तहत नोएडा के चौराहों व अन्य स्थानों पर इमरजेंसी कॉल बाक्स ईसीबी लगाए जा रहे है। अब तक 76 स्थानों पर इन बाक्स को लगाया गया है। इस बाक्स में एक हैल्प बटन है। जिसे दबाकर आप सीधे कमांड कंट्रोल रूम से जुड़ सकते है।

नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि एक चौराहे पर एक इमरजेंसी कॉल बाक्स लगाया गया है। डीजीएम ने बताया कि बटन दबाते ही कमांड कंट्रोल रूम में लगा इमरजेंसी सेक्शन ऑन हो जाएगा और आप सीधे कनेक्ट हो जाएंगे।

वहां बैठा कंट्रोलर आपको देख भी सकता है और बातचीत भी कर सकता है। कंट्रोल रूम से आपकी समस्या पूछी जाएगी। जीपीएस सिस्टम से लोकेशन ट्रेस कर उसी जगह पर पेट्रोलिंग पुलिस वाहन या एम्बुलेंस पहुंचेगी। ये सेवा 24 घंटे काम करेगी। उन्होंने बताया कि अक्सर सड़क दुर्घटना के बाद




लोगों को बचा पाना इसलिए मुश्किल हो जाता है कि क्योंकि समय से वह अस्पताल नहीं पहुंच पाता। इस स्थिति में यदि कोई व्यक्ति हमे ईसीबी के जरिए संदेश देगा तो वहां मौजूद सबसे नजदीक एंबुलेंस को मौके पर भेजा जा सकेगा। साथ कंट्रोल रूम के जरिए अस्पताल को भी जानकारी दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि पूरे शहर को सर्विलांस में तब्दील किया जा चुका है। यहां 1076 कैमरे लगाए गए है। जिनसे शहर के यातायात की 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग कमांड कंट्रोल रूम से की जा रही है।

इन कैमरों की मदद से ऑनलाइन चालान भी किए जा रहे है। ग्रीन कोरिडोर से लेकर पुलिस विभाग के कई केस भी इन कैमरों की मदद से साल्व किए गए।

### यहां लगाये गए ईसीबी

हाजीपुर चौराहा, सेक्टर.63 इनफील्ड, एबीसीडी चौराहा सेक्टर.63, ओकाया चौक सेक्टर.62, 12.22 टी प्वांट, स्टेडियम चौराहा, गोल चक्कर आईओसीएल, डीएम चौराहा, झुंडपुरा चौराहा, सेक्टर.19,20, जेएसएस तिराहा, डीएस ग्रुप तिराहा सेक्टर.66, होशियारपुर तिराहा, एल्डिको चौराहा, सेक्टर.91 टी प्वाइंट, वंसुधरा इंक्लेव बाउंड्री, डिग्री कॉलेज तिराहा, महामाया, सिटी सेंटर, सेक्टर.18,52,76,51 और इलेक्ट्रानिक सिटी मेट्रो स्टेशन, फोर्टिस मेट्रो, रजनीगंधा चौराहा, एडोब चौराहा, एचसीएल चौराहा समैत कुल 76 स्थानों पर इन ईसीबी को लगाया गया है।




सड़क हादसे में घायल छात्रा स्वीटी कुमारी के पिता शिवानंद प्रसाद को गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 11 लाख दिए।

# पुलिस अधिकारी के साथ बदसलूकी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में जांच अभियान के दौरान एक पुलिस अधिकारी के साथ कथित रूप से बदसलूकी करने को लेकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) अभिषेक वर्मा ने बताया कि बुधवार और बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात को चेकिंग के दौरान जब आरोपी की कार रोकी गई तब वह नशे की हालत में गाड़ी चलाता पाया गया और उसके पास गाड़ी के कागजात भी नहीं थे। उनके अनुसार आरोपी की पहचान राहुल भाटी के रूप में हुई है जिसने भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की गाजियाबाद इकाई का कार्यकर्ता होने का दावा किया।

अब तक हालांकि भाजपा या भाजयुमो ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिस ने बताया कि जब बिलासपुर-सिकंदराबाद रोड पर भाटी की कार को रोका गया, तब गाड़ी तेज गति से जा रही थी और हूटर बहुत ऊंची आवाज में बज रहा था। इस मारूति स्विफ्ट कार के शीशे पर भाजयुमो का स्टीकर और भाजपा का झंडा लगा था। उसपर लगे एक स्टीकर में अध्यक्ष: महानगर, गाजियाबाद भाजपा लिखा था। वर्मा ने कहा, दनकौर इलाके में पुलिस चौकी स्थापित की गई है जहां एक कार को रोका गया। राहुल भाटी कार चला रहा था लेकिन वह नशे में था।

कार में काली फिल्म, सायरन और हूटर लगे थे। उसने पुलिस के साथ बदतमीजी भी की। उन्होंने कहा, पुलिस ने कार जब्त कर ली और राहुल भाटी के विरूद्ध सीआरपीसी की धारा 151 के तहत कार्वाई की गई। उसके बाद उसे सक्षम अदालत में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि आगे की कार्वाई की जा रही है।

# तेंदुए की खोज: बच्चों में दहशत, लोगों ने छोड़ी सुबह की सैर

- हाइड्रोलिक क्रेन से की जा रही निर्माणाधीन इमारतों की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मंगलवार को एक निर्माणधीन सोसाइटी में तेंदुआ दिखाई दिया था और उसके बाद से लगातार वन विभाग की टीम यहां पर रेस्क्यू कर रही है।

आगरा, मेरठ की टीमों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में डेरा डाला हुआ है और तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। गुलशन बेलिना सोसायटी के रोहित सिंह ने कहा हमारी सोसाइटी के प्रबंधन ने तेंदुए से बचाव को लेकर दिशा निर्देश जारी नहीं किए हैं। यहां रह रहे 800 परिवार डरे हुए हैं।



हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से तेंदुएं की खोज करते वन्यकर्मी।

बच्चे और घर के अन्य सदस्य बाहर नहीं निकल रहे हैं। अजनारा ली गार्डन सोसायटी के मुकेश गुप्ता ने कहा कि तेंदुआ को तलाशने की सूचना के बाद प्रबंधन ने निवासियों को घरों में ही रहने तथा दरवाजे बंद रखने के लिए कहा है। उनके अनुसार, लोग काफी डरे हुए हैं।

पंचशील ग्रीन्स 2 सोसायटी के दीपांकर कुमार ने कहा जिस जगह पर तेंदुआ देखा गया है वहां से हमारी सोसायटी की बाउंड्री सटी हुई है। हालांकि, प्रबंधन ने अभी कोई परामर्श जारी नहीं किया है। लेकिन लोग डर के कारण सुबह टहलने के लिए भी नहीं निकल रहे हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेक्टर 16 की अजनारा ली गार्डन सोसायटी में मंगलवार को दिखे तेंदुए के वहां अब तक होने के कोई सबूत तो नहीं मिले हैं लेकिन आगे की कार्यवाही पर आज शाम तक फैसला लिया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर के संभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए आधा दर्जन पिंजरे और कैमरे लगाए गए हैं लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली। उन्होंने बताया, हमने आज दमकल विभाग से एक हाइड्रोलिक क्रेन ली है, जिसकी मदद से निर्माणाधीन इमारतों के ऊपरी तलों की जांच की जा रही है कि कहीं तेंदुआ ऊपर ना चला गया हो। हम जांच जारी रखेंगे। अगर तेंदुए का कोई सुराग न मिला तो आगे की कार्रवाई पर शाम को निर्णय लिया जाएगा।

श्रीवास्तव ने बताया कि जिन चार-पांच निर्माणाधीन इमारतों में तेंदुए के छिपे होने की बात कही जा रही है, उनके आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी करने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि इन निर्माणाधीन इमारतों के दोनों तरफ आवासीय इमारतें हैं, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर वन विभाग की चार टीमों के अलावा, आगरा, मेरठ और गाजियाबाद के विशेषज्ञ भी सोसाइटी में मौजूद हैं।

## संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई के दौरान महिला की शिकायत का निवारण करते पुलिस अधिकारी।

### अब मिड.डे मील में अक्षय पात्र रसोई का भोजन

**गाजियाबाद।** कुछ महीनों में मोदीनगर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के बच्चों को स्तरीय मिड डे मील परोसा जाएगा। मोदीनगर की विधायक डा मंजू शिवाच के प्रयास स्वरूप मोदीनगर की गोविंपुरी कॉलोनी में अक्षय पात्र रसोई की स्थापना की जाएगी। डीएम व अक्षय पात्र संस्था के संरक्षक ने एक एमओयू पर साइन किए। इस दौरान विधायक भी मौजूद रही। विधायक ने इसे क्षेत्र के ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। जिला मुख्यालय के गांधी सभागार में डीएम राकेश सिंह और अक्षय पात्र संस्था के संरक्षक अनंतवीरदार ने एक एमओयू मैमोरेंडम ऑफअंडरस्टेंडिंग पर साइन किए। जिसके तहत मोदीनगर की गोविंदपुरी कॉलोनी में अक्षय पात्र रसोई के निर्माण के भूमि चिंन्हिंत की गई है।

### पत्र लेखन कार्यक्रम, सैकड़ों किसानों ने किए हस्ताक्षर

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को गांव दुहाई में पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर लिखे गए पत्र पर हस्ताक्षर किए। रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि प्रदेश की शुगर मिल चालू हुए 2 माह से अधिक समय बीत गया है, लेकिन अभी तक किसान को मिलने वाली पर्ची पर गन्ना का मूल्य क्या, यह नही डाला गया है। इस मौके पर अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदीप मुखिया, कृष्णापाल डायरेक्टर, दिलावर सिंह, सुरेश प्रधान, पवन कुमार, अशोक चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### मोदीनगर में सैनिक से दो लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में व्हाट्सएप कॉल करके पहले सैनिक की अश्लील वीडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर दो लाख बदमाशों ने अपने खाते में जमा कर लिए। अब फिर बदमाश सैनिक से और पैसे की मांग कर रहे हैं। पैसा ना देने पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवक सेना में तैनात हैं और उनकी तैनाती जम्मू कश्मीर में है। इन दिनों वह छुट्टी पर अपने घर आए हुए हैं। 3 जनवरी की रात को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। व्हाट्सएप कॉल पर एक लड़की ने उनसे बात की। चार जनवरी के उनके पास एक युवक का फोन आया और कहा कि हमारे पास आपकी अश्लील वीडियो है। एसीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार रात को तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट व रंगदारी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### आयकर अधिकारी से 42 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** आयकर विभाग में तैनात अधिकारी से गाजियाबाद में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। घर का निर्माण करने के नाम पर एक ठेकेदार ने 42 लाख रुपए लिए और काम अधूरा छोड़कर फरार हो गया। कौशांबी एरिया के अंतरिक्ष ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाले नितिन गोयल आयकर अधिकारी हैं। नितिन गोयल ने बताया, वैशाली में उनका एक प्लॉट है। जिस पर निर्माण करना था। उन्होंने इसका जिक्र अपनी ही सोसाइटी के रेजिडेंट्स निशांत तिवारी से किया। निशांत ने बताया कि कंस्ट्रक्शन करने वाले उनके जानकार हैं, वे मकान बना देंगे। निशांत तिवारी ने कंस्ट्रक्शन ठेकेदार राजेश पांडेय से नितिन गोयल की मुलाकात कराई।

# कंपनी की लापरवाही से गई मजूदरों की जान: रिपोर्ट

- जलवायु विहार की दीवार गिरने से हुई थी 4 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नाले की दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत की जांच नोएडा प्राधिकरण ने पूरी कर ली है। जांच अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से की जा रही थी। रिपोर्ट में निर्माण कंपनी की लापरवाही सामने आई है। कंपनी ने सोसायटी की दीवार बनाते समय बचाव और सुरक्षा के ज़रुरी इंतजाम नहीं किए थे। इस कारण हादसा हुआ।

हालांकि पांच महीने बीतने के बाद भी निर्माण कंपनी का मालिक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जलवायु विहार सोसाइटी की दीवार से सटी नाले



की दीवार को नए सिरे से बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एमडी प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को काम आवंटित किया था।

काम शुरू हुए चार-पांच दिन ही हुए थे कि 20 सितंबर 2022 को यहां सोसाइटी की दीवार काम कर रहे मजदूरों के ऊपर गिर गई। इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई थी और दो.तीन मजदूर घायल हो गए थे। हादसे की जानकारी मिलते ही नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी, तत्कालीन पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, डीएम सुहास एल वाई समेत कई अफसर मौके पर पहुंचे थे। हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर दी गई थी। उसी दिन शाम को मृतकों के परिजनों को नोएडा प्राधिकरण ने निर्माण कंपनी की तरफ से मुआवजा दिलवा दिया था।

इस मामले में कोतवाली सेक्टर-20 में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। मामले में प्राधिकरण स्तर पर जांच पूरी हो गई है। कोतवाली सेक्टर.20 ने मामला दर्ज कर ठेकेदार सुदंर यादव और गुल मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया थाए जबकि मुख्य आरोपी अर्जुन यादव की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहींए प्राधिकरण ने भी कंपनी को ब्लैकलिस्ट नहीं किया है।

# अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ इंटरनेट से करा रहे थे लोकल कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-। में चल रहे एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी विदेशी कॉल को इंटरनेट के माध्यम से लोकल कॉल में परिवर्तित कर भारत सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे थे। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी कहीं राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ जुड़कर कॉल तो नहीं करवा रहे थे। अपर पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि फेस-वन थाना पुलिस को टाटा कम्युनिकेशन कंपनी के अधिकारी राजीव रंजन ने सूचना दी थी कि सेक्टर। में अवैध रूप से एक टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन किया जा रहा है, जिसकी मदद से संचालक इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से विदेशी कॉल को लोकल कॉल में बदलकर भारत सरकार को तथा उनकी कंपनी को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं। द्विवेदी के मुताबिक, घटना की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर सेक्टर-। में चल रहे अवैध टेलीफोन एक्सचेंज में काम करने वाले कौशिक दास और ज्ञान सिंह को गिरफ्तार किया।

### महिला ने की खुदकुशी ससुरालवालों पर केस

**नोएडा।** कासना थानाक्षेत्र के ढ़ाडा गांव में एक विवाहिता ने बीती रात को कथित रुप से आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरती के ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दी कि उसने आत्महत्या कर ली है। उनके अनुसार बीती रात को वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी।

शुक्ला ने बताया कि मृतका के परिजनों ने उसके पति विकास, देवर मोहित तथा मोहित की पत्नी और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज करवाया। आरोप है कि शादी के समय से ही आरोपी आरती को दहेज के लिए परेशान कर रहे थे।

# हादसे में इंजीनियर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला मोड़ के पास बृहस्पतिवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर की मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक दिल्ली के बुराड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-49 थाना के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-59 स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करने वाला पवन कुमार बृहस्पतिवार देर रात 11.30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल से सेक्टर-49 के हनुमान मंदिर के पास से गुजर रहा था, तभी एक अज्ञात चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। सिंह के मुताबिक, राहगीरों ने हादसे में गंभीर रूप से घायल पवन को नोएडा के प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच की जा रही है।

### ठेकेदार से लाखों की रकम मांगना पड़ा भारी

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर में रहने वाले यासीन नामक व्यक्ति को ठेकेदार से अपनी हाड़.पसीने की कमाई, जो लाखों में बताई जा रही है, मांगना उस समय भारी पड़ गया जब आरोपित व्यक्ति सुरेंद्र सिंह ने अपने साथी के साथ मिलकर उसकी बुरी तरह से पिटाई कर डाली।

इस घटना के दौरान यासीन को गंभीर चोट भी आई। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिये पीड़ित ने लिंक रोड थाने में तहरीर दे दी है। इस संदर्भ में लिंक रोड थाने के एसएचओ मनीष बिष्ट का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

# 40 एकड़ जमीन पर होगा विमानों की मरम्मत

- नोएडा एयरपोर्ट के भीतर बनेगा एमआरओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जहां हवाई जहाज उडान भरेंगे। वहीं, विमानों के मेंटेनेंस के लिए एयरपोर्ट के अंदर ही एमआरओ बनेगा।

विमानों के मेंटेनेंस के लिए पहले चरण में बन रहे एयरपोर्ट के अंदर ही 40 एकड़ एरिया में एमआरओ बनाया जाएगा। यह एमआरओ एयरपोर्ट के साथ ही बनकर तैयार हो जाएगा। यहां पर एयरपोर्ट पर विमानों के रखरखाव करने के लिए तकनीकी इंजीनियरों की तैनाती होगी। पहले चरण में 1334 हेक्टेयर जमीन पर नोएडा इंटरनेशनल



एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट पर तेजी के साथ 24 घंटे और सातों दिन निर्माण कार्य चल रहा है।

जिससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फरवरी 2024 तक टायल रन शुरू हो जाए। इसके लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रनवे और एयर टेफिक कंटोल सिस्टम का काम तेजी के साथ चल रहा है।

वहीं, 40 एकड़ एरिया में बनने वाले एमआरओ का भी काम शुरू होने जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंटरनेशनल और घरेलू हवाई जहाज उड़ान भरेंगे और उतरेंगे। यहां पर एमआरओ बनना बेहद जरूरी है। ज्यूरिख कंपनी 40 एकड़ एरिया में एमआरओ का भी निर्माण करने जा रही है।

# नगर निगम बोर्ड की अंतिम बैठक आज, हंगामा होने के आसार

- 24से निगम की कमान प्रशासक के हाथ में चली जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम बोर्ड की बैठक शनिवार को होने जा रही है जो निगम के मौजूदा बोर्ड की अंतिम बैठक होगी।

निगम बोर्ड की इस बैठक में हंगामे के आसार बने हैं। वहीं, नगर निगम प्रशासन बोर्ड की इस बैठक में नया कोई भी प्रस्ताव लाने की तैयारी में नहीं है जिससे निगम बोर्ड की बैठक में फ्रैंडली माहौल बना रहे और इस बोर्ड की अंतिम बैठक में किसी तरह का हंगामा नहीं हो। निगम के



चालू बोर्ड का कार्यकाल 23 जनवरी को समाप्त हो जाएगा और 24 जनवरी से नगर निगम की कमान प्रशासक के हाथ में चली जाएगी। इससे पहले कल होने वाली बोर्ड की अंतिम बैठक खास होने जा रही है।

वहीं, दूसरी ओर नगर निगम के कई ऐसे पार्षद जो कई मसलो को उठाने की कोशिश में लगे हैं। कई पार्षद मानते हैं कि बोर्ड की इस बैठक में ही वह अपनी बात उठा सकते हैं। बाद तो नए पार्षदों को ही अपनी बात बोर्ड में रखने का मौका मिलेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# उपराज्यपाल चला रहे समानांतर सरकार : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने कहा- एमसीडी में मनोनीत सदस्यों के मतदान पर है रोक, उनसे मत डलवाने का प्रयास असंवैधानिक

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को मुख्यमंत्री ने लिखा पत्र, चुनी हुई सरकार को लोगों के सपनों को पूरा करने देने की अपील





एमसीडी के दस नामित सदस्यों को लेकर दिल्ली नगर निगम के सदन में आप और भाजपा के पार्षद हंगामा करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी के दस नामित सदस्यों को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार में जंग तेज हो गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर हमला बोला है। उन्होंने आक्रमक रूख अपनाते हुए कहा है कि एलजी और मुख्य सचिव मिलकर समानांतर सरकार चला रहे हैं और चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर आदेश व अधिसूचना जारी कर रहे हैं। सीएम ने उनसे चुनी हुई सरकार को दिल्ली वालों के सपनों को पूरा करने देने की अपील की है। साथ ही कहा कि मैं और आप बहुत छोटे हैं। यह देश और लोकतंत्र महत्वपूर्ण है। आइए संविधान का सम्मान करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। केजरीवाल ने अपने पत्र में पिछले कुछ हफ्तों में एलजी द्वारा जारी आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि नियमानुसार, एमसीडी में 10 सदस्यों को दिल्ली सरकार नामित करती आई है, लेकिन इस बार सरकार से बिना परामर्श किए इनको नामित कर दिया। संविधान का अनुच्छेद 243आर साफ तौर से मनोनीत सदस्यों को सदन में मतदान करने से रोकता है। उन्हें सदन में वोट दिलाने की कोशिश असंवैधानिक है।

अरविंद केजरीवाल ने पत्र में लिखा है कि संविधान निर्वाचित सरकार को वरिष्ठ पार्षद को पीठासीन अधिकारी नामित करने का अधिकार देता है, लेकिन इसे दरकिनार किया गया। दुर्भाग्य से सरकार की जगह एलजी के पास कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की शक्ति है।

इसलिए अधिकारी गलत आदेश का भी विरोध नहीं करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के शासन में अजीब चीजें हो रही हैं। देश के संविधान के अनुसार, दिल्ली में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है। पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि जैसे तीन आरक्षित विषयों को छोड़कर, समवर्ती और राज्य सूचियों में अन्य सभी विषयों पर कार्यकारी नियंत्रण निर्वाचित सरकार के पास है। निर्वाचित सरकार के नियंत्रण वाले विषयों को लोकप्रिय रूप से स्थानांतरित विषय कहा जाता है। एलजी का तीन आरक्षित विषयों पर कार्यकारी नियंत्रण है।

पिछले कुछ हफ्तों से एलजी व्यावहारिक रूप से हर विषय पर सीधे आदेश जारी कर रहे हैं, चाहे वह आरक्षित हो या स्थानांतरित हो। भले ही उनके पास ऐसा करने की शक्तियां हों या नहीं। वह सीधे मुख्य सचिव को निर्देश जारी करते हैं, जो निर्वाचित सरकार को दरकिनार और अनदेखा करते हुए उन्हें पूरी तरह से लागू करवाते हैं। सीएम ने उदाहरण देते हुए पत्र में लिखा है कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार, विशिष्ट ज्ञान वाले 10 सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा नामित किया जा सकता है। आज तक, पिछले कई दशकों से, इन 10 सदस्यों को हमेशा चुनी हुई सरकार द्वारा मनोनीत किया जाता था।

इस प्रथा का पालन पिछले उपराज्यपाल अनिल बैजल ने भी किया था। हालांकि, एक सुबह उपराज्यपाल ने 10 नाम तय किए (सभी भाजपा पृष्ठभूमि वाले) और मुख्य सचिव को अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश का अनुपालन किया और चुनी हुई सरकार को अखबारों से पता चला। जबकि यह एक स्थानांतरित विषय है और संविधान के अनुसार, निर्वाचित सरकार के पास इन सदस्यों को मनोनीत करने की शक्ति थी। इसी तरह, दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार, पहले दिन सभी पार्षदों को शपथ दिलाने और मेयर का चुनाव कराने के लिए पार्षदों में से एक को पीठासीन अधिकारी के रूप में नामित किया जाता है, जिसके बाद मेयर पदभार ग्रहण करता है।

### डीएमसी अधिनियम, 1957 के तहत किया नामांकित : एलजी

**नई दिल्ली।** एमसीडी सदन के पहले दिन हंगामे और नामित पार्षदों को लेकर कार्यवाही रोके जाने के बाद एलजी हाउस ने कहा कि उपराज्यपाल ने उन्हें मिली शक्तियों के तहत 10 लोगों को नामित किया था। उपराज्यपाल, जो प्रशासक हैं, उन्होंने दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 की धारा 3(3)(बी)(आई) के तहत निहित शक्तियों के अनुसरण में 10 पार्षदों को नामित किया है।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार डीएमसी अधिनियम, 1957 की धारा 3(3)(बी)(आई) के तहत 10 व्यक्ति जिनकी आयु 25 वर्ष से अधिक है और जिनके पास विशेष जानकारी या अनुभव है नगरपालिका प्रशासन में, प्रशासक द्वारा नामित किए जा सकते हैं। एमसीडी अधिनियम, 1957 की धारा 2(1) के तहत प्रशासक उपराज्यपाल है, यह स्पष्ट रूप से प्रदान किया गया है। डीएमसी अधिनियम, 1957 की धारा 2(1) इस प्रकार है- प्रशासक का अर्थ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल से है। उपरोक्त तथ्यात्मक, कानूनी और संवैधानिक प्रावधान है। आम आदमी पार्टी संबंध में दिल्ली वालों में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। इस बीच, एमसीडी के पीठासीन अधिकारी, जिन्हें उपराज्यपाल ने महापौर चुनाव की अध्यक्षता के लिए नामित किया था। उन्होंने कहा वह उपराज्यपाल को स्थिति से अवगत करा दिए है और अब वह पार्षदों की बैठक की आगे की तारीख तय करेंगे।



प्रेस वार्ता में सांसद मनोज तिवारी और मीनाक्षी लेखी।

# अपने पार्षदों को हिंसा के लिए उकसा रहे सीएम : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम के सदन में शुक्रवार को जो हिंसा हुई वह कहीं न कहीं खुद मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के द्वारा उकसाया हुआ था।

पिछले दो दिन से जिस तरह मुख्यमंत्री स्वयं कानूनी प्रावधानों की अवहेलना कर एल्डरमैन के मुद्दे पर बयानबाजी एवं पत्राचार कर रहे थे, वह सीधा-सीधा अपने पार्षदों को हिंसा करने के लिए उकसा रहे थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि जिस तरह आज निगम सदन में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पार्षदों को नए पार्षदों को पीठासीन अधिकारी की मेज पर चढ़ने के लिए उकसाते देखा गया। भाजपा के कई पार्षदों के चोंटे आईं हैं खासकर एन्ड्रयूज गंज के पार्षद शरद कपूर को गम्भीर चोट आई जिसके लियें अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा है। यह साफ दर्शाता है कि आज की हिंसा के लिए आम आदमी पार्टी ने पहले से सारी योजना बनाई हुई थी। वहीं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नगर निगम की पहली बैठक में आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा किए गए हंगामे की कड़े शब्दों में निंदा की है। पीठासीन अधिकारी पूर्व मेयर और भाजपा की पार्षद सत्या शर्मा पर आप पार्षदों ने नियोजित ढंग से हमला किया है। बीजेपी सांसद तिवारी ने कहा कि यह एमसीडी के इतिहास का काला दिन है। आम आदमी पार्टी के गुंडों ने इसे काला दिन बना दिया। तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुछ पार्षद शायद सदन में शराब पीकर आए थे। उन्होंने कहा कि आप पार्षद पूरी तरह से तैयारी के साथ आए थे। मनोज तिवारी ने कहा कि आप के कुछ पार्षदों के पास ब्लेड भी थी।

मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी नैतिक और मानसिक रूप से हार चुकी है। तिवारी ने कहा कि आप पार्षदों ने निगम के सदन को अखाड़ा बना दिया। उन्होंने कहा कि जो पार्टी सत्ता में हैं और उनके पास संख्या बल है उसके बाद भी सदन की गरिमा को गिराना, ये बिल्कुल आश्चर्य का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीटीबी अस्पताल में स्टेट हैल्थ वारियर टूर्नामेंट संपन्न



**नई दिल्ली।** कोरोना या अन्य किसी भी आपदा या महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह न करते हुए दिन रात जन सामान्य के लिए तन मन से समर्पित डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य सभी स्वास्थ्यकर्मियों का जीटीबी अस्पताल में दिल्ली स्टेट हैल्थ वारियर टूर्नामेंट हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, विशिष्ट अतिथियों में एसीपी अक्षय कुमार, जीटीबी के मेडिकल डारेक्टर डॉ सुभाष गिरी, इभहास के मेडिकल डारेक्टर डॉ राजेंद्र धमीजा, राजीव निशाना एवं डीएससीआई के डारेक्टर डॉ किशोर कुमार रहे । टूर्नामेंट में लेमन रेस के साथ-साथ क्रिकेट व अन्य खेलों का आयोजन किया गया एवं सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के आयोजक जय प्रकाश सहित सभी की सराहना करते हुए कहा कि अगली बार यह आयोजन दिल्ली स्तर पर होगा।

### जैकलीन फर्नांडीज अदालत में पेश हुईं



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश हुईं। इस मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर भी आरोपी है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने मामले में आरोप तय करने के मुद्दे पर दलीलों की सुनवाई की। चंद्रशेखर के वकील ने सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया कि उनके मुवक्किल को हिस्ट्रीशीटर क्यों कहा जा रहा है, जबकि उन्हें अभी तक किसी भी मामले में दोषी नहीं करार दिया गया है। वकील ने अदालत में कहा, उसे कभी भी किसी मामले में दोषी नहीं करार दिया गया है, फिर भी ईडी का कहना है कि वह हिस्ट्रीशीटर, संगठित अपराध का हिस्सा है। ऐसा कैसे कहा जा सकता है। चंद्रशेखर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुआ। अदालत ने फर्नांडीज को 15 नवंबर को नियमित जमानत दी थी। अभिनेत्री को इस मामले में अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर एक पूरक आरोप पत्र पर 31 अगस्त को संज्ञान लिया था और अभिनेत्री को अदालत में पेश होने को कहा था। ईडी ने फर्नांडीज को जांच के सिलसिले में कई बार समन किया था और पूरक आरोपपत्र में पहली बार आरोपी बनाया था।

# कंझावला केस का छठा आरोपी गिरफ्तार, एक का आत्मसमर्पण

● पुलिस को गुमराह करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कंझावला घटना में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले के छठे आशुतोष को गिरफ्तार किया है। आशुतोष उस कार का मालिक है जिसके नीचे अंजलि को घसीटा गया था।

जांच में यह भी सामने आया है कि हादसे के बाद ही आरोपियों ने कार मालिक को घटना की जानकारी दे दी थी। वहीं मामले के सातवें आरोपित अंकुश खन्ना ने खुद ही पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने इस आरोपित की पहचान गुरुवार को की थी। पुलिस ने उसे रोहिणी कोर्ट में पेश किया जहां से अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बीच पुलिस ने निधि को मामले की जांच में शामिल होने के लिए बुलाया है। पुलिस आयुक्त हरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा ऐसी चर्चा है कि निधि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन स्पष्ट किया जाता है कि उसे जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा के मुताबिक, सुल्तानपुरी मामले में छठवें आरोपी आशुतोष को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद रास्ते से ही फोन कर उसने बता दिया था कि कार से कुचलकर एक युवती को मार डाला है। इसके बाद आशुतोष व अंकुश ने उसे बचने के तरीके बताए।

### श्रद्धा हत्याकांड
### आफताब की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड के मुख्य आरोपित आफताब अमीन पूनावाला की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ाई गई है। साकेत कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यह फैसला किया है। अब आफताब को 10 जनवरी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच आफताब के वकील ने उसके डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए एक आवेदन दिया।

आवेदन में कहा गया है कि पूनावाला जेल के अंदर कड़ाके की ठंड से जूझ रहा है और उसके पास पर्याप्त कपड़े नहीं हैं।

ऐसे में रोजमर्रा की वस्तुओं के साथ-साथ गर्म कपड़ों को खरीदने के लिए पैसों की तत्काल जरूरत है। आरोपी के बैंक खातों में कुछ पैसे है और आरोपी के डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड पुलिस अधिकारियों के पास पड़े हैं। आफताफ को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

# मंडोली जेल में फोन जब्त, 5 अधिकारी निलंबित

● कारागार मुख्यालय में विशेष सतर्कता दल का किया गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




मंडोली जेल में कई मोबाइल फोन बरामद होने के बाद दिल्ली कारागार विभाग ने दो उपाधीक्षकों, एक सहायक अधीक्षक, एक प्रमुख वार्डर और एक अन्य वार्डर को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

जेल अधिकारियों के अनुसार, मंडोली जेल से मोबाइल फोन बरामद होने के बाद उपाधीक्षक प्रदीप शर्मा तथा धर्मेंद्र मौर्य, सहायक अधीक्षक सन्नी चंद्रा, प्रमुख वार्डर लोकेश धामा और वार्डर हंसराज मीणा को निलंबित कर दिया गया। कारागार महानिदेशक संजय बेनीवाल ने सभी जेल अधीक्षकों को तलाशी दल गठित करने और जेल में मोबाइल फोन व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं का पता लगाने का निर्देश दिया था।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े में सभी कारागरों में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान 117 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बेनीवाल ने जेल में मोबाइल फोन भेजे जाने के खिलाफ व्यापक कार्रवाइ के लिए कारागार मुख्यालय में विशेष सतर्कता दल का गठन किया है। इस दल ने तमिलनाडु विशेष पुलिस बल के साथ मिलकर 18 दिसंबर को भी छापामारी की थी, जिसमें आठ मोबाइल फोन बरामद हुए थे।

# 12 के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल

**आबकारी घोटाला मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में शुक्रवार को यहां एक अदालत में पांच लोगों और सात कंपनियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया। इस घोटाले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी आरोपी हैं। हालांकि ईडी ने इस मामले में आरोपी के रूप में सिसोदिया का नाम नहीं लिया और अदालत से कहा कि मामले में आगे जांच की जा रही है। यह रिपोर्ट विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल के समक्ष दायर की गई जो शनिवार को इस पर विचार करेंगे। अनियमितताओं का आरोप लगने के बाद 2021-22 की नीति को रद्द कर दिया गया था।

आरोपपत्र में नामजद आरोपियों में विजय नायर, शरत रेड्डी, बिनय बाबू, अभिषेक बोनपल्ली और अमित अरोड़ा शामिल हैं। इस मामले में ईडी द्वारा दायर की गई यह दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) है, जो धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। पहला आरोपपत्र पिछले साल नवंबर में दायर किया गया था। सूत्रों ने बताया कि मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों सहित कुल 12 को इस आरोपपत्र में नामजद किया गया है। धनशोधन का यह मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें सिसोदिया को भी आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामला दर्ज करने के बाद उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और दिल्ली सरकार के कुछ नौकरशाहों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

### डीएमआरसी कर्मी खुद को बताता था आईएएस

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बताने और निजी गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने के आरोप में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एक कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान शाहदरा के गंगा विहार निवासी मनोज कुमार गुप्ता के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सेन ने बताया कि शास्त्री नगर फल मंडी के निकट तैनात पुलिस कर्मियों को टाटा टिगोर कार पर लाल बत्ती लगी देखी। मामला स्थानीय थाने में पहुंचा। गुप्ता को वह गाड़ी चलाते देखा गया, जिसके बोनट पर भारत सरकार लिखा था तो पीछे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और बिजली और ऊर्जा मंत्रालय लिखा था।

# फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने के मामले में पुलिस को नोटिस

● महिला आयोग ने कहा- कार्रवाई की रिपोर्ट दस जनवरी तक सौंपें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने हाल ही में एअर इंडिया की दो उड़ानों में यात्रियों के कथित दुर्व्यवहार को लेकर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया।

आयोग ने इन घटनाओं को बेहद परेशान करने वाला और गंभीर बताते हुए मामलों में दर्ज प्राथमिकी और गिरफ्तारी का ब्योरा मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने मामले में लापरवाही को लेकर विमानन कंपनी के खिलाफ की गई कार्वाई पर 10 जनवरी तक रिपोर्ट देने को कहा है।

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उस यात्री को पकड़ने के लिए कई दलों का गठन किया, जिसने न्यूयॉर्क से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की उड़ान में पिछले साल 26 नवंबर को एक सह-यात्री पर पेशाब किया था। इस बीच, ऐसा एक और मामला सामने आया, जिसमें छह दिसंबर, 2022 को पेरिस-दिल्ली उड़ान में नशे में धुत एक पुरुष यात्री के एक महिला यात्री के कंबल पर कथित तौर पर पेशाब करने की घटना हुई।

# उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली की सड़कों का होगा कायाकल्प

● वेस्टर्न यमुना कैनाल रोड, वन्देमातरम मार्ग, उलान बतोर मार्ग के लिए मंजूर 36 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**इन सड़कों का होगा जीर्णोद्धार**

वन्देमातरम मार्ग-धौलाकुआँ से दयाल चौक, रिंग रोड से पॉवर ग्रिड कारपोरेशन इंडिया के बीच नई सड़क का निर्माण, उलान बतोर मार्ग-एनएच 8 से टर्मिनल 1 क्रासिंग रेड लाइट तक, नार्थ-रोड डिवीजन-वेस्टर्न यमुना कैनाल से बवाना तक की सड़क का जीर्णोंधार होगा।

उत्तरी, दक्षिणी और साउथ ईस्ट की सड़कों का कायाकल्प होगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने वेस्टर्न यमुना कैनाल रोड, वन्देमातरम मार्ग, उलान बतोर मार्ग की मरम्मत के लिए 36 करोड़ रुपये मंजूर किए है।

साथ ही साउथ ईस्ट दिल्ली में 2.87 करोड़ रूपये की लागत से रिंग रोड से पॉवर ग्रिड कारपोरेशन इंडिया के बीच होगा नई सड़क का निर्माण को भी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों के सुदृढ़ीकरण और सौन्दर्यीकरण के साथ सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिनटी के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के अपने विजन के तहत राजधानी की सड़कों का विशेषज्ञों से सर्वे करवा रहे है ताकि सड़कों को मजबूत व सुरक्षित बनाने के लिए उनका ब्लू-प्रिंट तैयार किया जा सके।

सड़के के पुराने हो जाने के कारण उसकी उपरी सतह पर दरार आदि देखने को मिली जिससे कई जगहों पर वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होती थी। इसे देखते हुए सरकार द्वारा इसके सुदृढ़ीकरण का काम शुरू किया जा रहा है ताकि आम लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इनके मजबूत और हराभरा व सुंदर बनाने से रोजाना इनका इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुदृढ़ीकरण के कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए। इससे शहर की सड़कों पर भीड़भाड़ तो कम होगी ही साथ यात्रियों के यात्रा समय को कम करने और ईंधन बचाने में भी मदद मिलेगी। राजधानी की सड़कों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व सुरक्षित बनाने के लिए सरकार प्रमुख एजेंसियों और विश्वविद्यालयों से सर्वे करवा रही है, उपरोक्त सड़कों के लिए भी आईआईटी रुड़की द्वारा सर्वे किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इन सातों रोड स्ट्रेच के सुदृढ़ीकरण, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज सहित मानकों का ध्यान रखते हुए लेन मार्किंग, पैरापेट की दीवारों, रेलिंग आदि के पेंट वर्क का कार्य भी किया जाएगा।

# वीसी ने सोशल सेंटर स्कूल का किया दौरा

● जल्द ही विद्यालय मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह व अन्य शिक्षकगण।

दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय की पूरी टीम के साथ सोशल सेंटर स्कूल का दौरा किया।

विद्यालय के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय को 12वीं तक किया जाएगा और इसका भवन भी आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्निर्मित होगा। विद्यालय के एक-एक कमरे का पूरी टीम के साथ उन्होंने निरीक्षण किया और सभी आवश्यक निर्देश दिए। जल्द ही यह विद्यालय अपने नए रूप में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। साथ में डायरेक्टर साऊथ कैम्पस श्रीप्रकाश सिंह , डीन ऑफ कॉलेजेज बलराम पानी, रजिस्ट्रार विकास गुप्ता, विद्यालय के मैनेजर डॉ. प्रभांशु ओझा, चैयरमैन हेमेंद्र डांगी, विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. गरिमा भारती, रंजन त्रिपाठी, अनूप लाठर एवं फाइनेंस कमिटी के अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रो. सिंह इस विद्यालय का दौरा करने वाले पहले वाइस चांसलर हैं।

## नप सीमा क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की कवायद शुरू

**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की कवायद शुरू हो गई है। फॉरचून एजेंसी पूरे साल परिषद सीमा क्षेत्र में लगी 5200 के लगभग स्ट्रीट लाइटों को जगमग रखने का ठेका दिया है। जिस पर करीब 50 लाख रुपये खर्च होंगे।

पिछले करीब 6 माह से नगर परिषद सीमा क्षेत्र में खराब पड़ी 3000 के लगभग स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की कवायद शुरू हो गई है। जनवरी माह के आखिर तक खराब सभी स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों को जगमग किया जाएगा। ताकि पूरे एक साल तक शहर और नगर परिषद के 13 गांवों को जाने वाले मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइट रोशनी देती रहे। एजेंसी के कर्मचारियों ने पिछले तीन से दिन से खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की शुरुआत शहर के पलवल मार्ग की दुर्गा कॉलोनी से की है।

**ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर छाया अंधेरा :** शहर से ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाले मार्ग दमदमा, पलवल, धुनेला-बेरका, सोहना ढाणी, मौहम्मदपुर गुर्जर, रामनगर की ढाणी से रायसीना, सांप की नंगली, पुराना अलवर मार्ग, नूंह मार्ग, जखोपुर मार्ग की 60 से 70 फीसदी स्ट्रीट लाइट पिछले करीब 4 माह से खराब है।

> स्ट्रीट और हाई मास्क लाइटों पर एजेंसी के कर्मचारी हर दिन निरीक्षण करेंगे। ताकि खराब होने वाली लाइट को तुरंत ठीक किया जा सके। जिसके लिए आर्थिक कमी नहीं आने दी जाएगी।
>
> **विक्की सिंह (एक्सइएन नप)**

## इस साल ग्रुप सी व डी की होंगी 50 हजार भर्तियां : मनोहर लाल


**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

राज्य सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पर काम कर रही है। इस वर्ष ग्रुप सी की 35 हजार और ग्रुप डी की 15 हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार भी बड़े स्तर पर भर्तियां करने जा रही है जिसका लाभ हरियाणा के युवाओं को भी मिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव धनवापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कही।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वित्तमंत्री के रूप में हमने अपने बजट का नियोजन सही किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे बजट का 34.5 प्रतिशत हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर के रूप में इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर विभाग का एक निश्चित बजट होता है, हालांकि कभी-कभी वित्त

### हरियाणा में बजट का 34.5 प्रतिशत हिस्सा हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च

वर्ष के अंत में कुछ विभागों का बजट बच भी जाता है और विकास कार्यों के लिए किसी भी प्रकार के बजट की कमी ना आये, इसके लिए हमने एक नई पहल करते हुए मीडियम टर्म एक्सपेंडिचर रिजर्व फण्ड बनाया है। इसी प्रकार एक और नई पहल करते हुए गांवों और शहरों में भी विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए ग्राम दर्शन एवं नगर दर्शन पोर्टल शुरू किया है जिस पर नागरिक अपने इलाके की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों की मांग पोर्टल पर कर सकते हैं। चुने हुए नए जन प्रतिनिधि भी अपने क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा दर्ज की



गई विकास कार्यों की मांग को प्राथमिकता अनुसार सरकार तक पहुंचा सकते हैं। अभी हाल ही में पंचायतों के चुनाव सम्पन्न हुए हैं और नए जन प्रतिनिधि छोटी सरकार के रूप में चुनकर आये हैं। अब सरपंच 2 लाख रुपये तक के कार्य कोटेशन के आधार पर कर सकेंगे। कामों में पारदर्शिता रहे, इसके लिए सरकार ने इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल भी बनाया है जिसके माध्यम से ऐसे सभी कार्यों की प्रशासनिक, वित्तीय व तकनीकी मंजूरी ऑनलाइन मिलती है। अब जनता भी इन कामों पर निगरानी रख सकती है।

**भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में काफी हद तक सफल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में एक पूर्व प्रधानमंत्री, जिनका स्वर्गवास भी हो चुका है, कहा करते थे कि केंद्र सरकार से एक रुपया भेजा जाता है तो उसमें से केवल 15 पैसे ही नीचे पहुंचते हैं, उसी को रोकने के लिए हमने ऑनलाइन सिस्टम से इस पर अंकुश लगाया है और काफी हद तक हम सफल भी हुए हैं। पिछली सरकारों में अलग-अलग इलाकों को महत्व दिया जाता था, लेकिन हमने किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है। सभी 90 विधानसभाओं का एक समान विकास सुनिश्चित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतन्त्रता सेनानियों के सम्मान में विशेष सफाई अभियान



कैप्टन उमंग भारद्वाज चौक से सफाई अभियान शुरू करते निगम के सफाईकर्मी।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शहर में कैप्टन उमंग भारद्वाज चौक, कादीपुर और शहीद उधमसिंह चौक बादशाहपुर में सफाई कर्मचारी और नागरिकों के समूह के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, सैकड़ों और हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें स्वतंत्र बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उमंग भारद्वाज चौक कादीपुर और शहीद उधमसिंह चौक बादशाहपुर में गुरुग्राम नगर निगम ने चौक और स्मारक के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। क्षेत्रवासियों को शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने का संदेश देते हुए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव के लिए समझाया।

### महिलाओं के लिए हथियार के साथ कवच है मार्शल आर्ट



सुनील सैनी।

**गुरुग्राम।** मार्शल आर्ट आज के समय में महिलाओं के लिए बहुत जरूरी हो गया है। पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं भी प्रोफेशनल्स के रूप में खुद को स्थापित कर रही हैं। ऐसे में अपनी सुरक्षा के लिए भी महिलाएं जागरुक हो रही हैं। किसी भी विपत्ति के समय मुकाबला करने में सक्षम होने के लिए महिलाएं मार्शल आर्ट का सहारा ले रही हैं। एक तरह से मार्शल आर्ट महिलाओं के लिए हथियार और कवच दोनों का काम करता है। मार्शल आर्ट सभी उम्र की महिलाओं में लोकप्रिय हो गया है। यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभ पहुंचाता है। साथ ही सुरक्षा भी करता है। खतरा कभी भी, कहीं भी हो सकता है। इसलिए सभी के लिए आत्मरक्षा कौशल का अभ्यास करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आत्मरक्षा एक ऐसा कौशल है, जिसकी अक्सर हमारे समाज में उपेक्षा की जाती है, फिर भी यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में सहायता करता है। साथ ही हमें अप्रत्याशित परिदृश्यों के लिए तैयार करता है। विभिन्न मार्शल आर्ट शैलियां बुनियादी से लेकर विशेषज्ञ कौशल और तकनीकों की पेशकश करती हैं, जो आत्मरक्षा के अभ्यास में बहुत फायदेमंद हैं। मार्शल आर्ट प्रशिक्षण महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए तैयार करेगा। मार्शल आर्ट प्रशिक्षण एक तरह से व्यायाम का एक रूप है। वार्म-अप, स्पारिंग, वास्तविक प्रशिक्षण से लेकर कूल डाउन तक हर चीज में शारीरिक सहनशक्ति और शक्ति शामिल होती है जो इसे सभी के लिए एक आदर्श खेल बनाती है। गुरुग्राम कराटे एसोसिएशन के महासचिव शिहान सुनील सैनी कहते हैं कि आज के समय में महिलाओं के लिए मार्शल आर्ट जरूरी हो गया है। महिलाओं में भी यह कला सीखने के लिए काफी रुझान है। यह शारीरिक तंदुरुस्ती के साथ सुरक्षा में बड़ी मदद करता है। मार्शल आर्ट में एक्सपर्ट महिलाएं किसी भी अप्रिय घटना के समय खुद की रक्षा खुद ही कर सकती हैं।

## सीएम ने दी हरियाणा को 1881 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### गांव धनवापुर में आयोजित किया गया राज्य स्तरीय कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअली माध्यम से किए शिलान्यास व उद्घाटन

**साल 2023** के छठे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में विकास परियोजनाओं की वर्षा की। उन्होंने 1881 करोड़ रुपये की 167 जन कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। गुरुग्राम के धनवापुर गांव में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वर्चुअली माध्यम से प्रदेश में परियोजनाओं की आधारशिला व उद्घाटन किया। सरकार की ओर से इस समारोह को लेकर जारी किए गए विज्ञापन में धनवापुर को भगवानपुर लिखा गया है। यह भी चर्चा का विषय रहा।

धनवापुर गांव में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, विद्युत, सड़क नेटवर्क सुदृढ़ीकरण आदि से संबंधित 791 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 113 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 1090 करोड़ रुपये की लागत की 54 परियोजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया। मुख्यमंत्री ने पहले भी समय-समय पर इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं को प्रदेशवासियों को समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन व शिलान्यास की गई 12 प्रमुख परियोजनाओं में पृथला, पलवल एवं हथीन विधानसभा क्षेत्रों के 84 गांवों के लिए रैनीवेल आधारित पेयजल वृद्धि परियोजना, सतनाली खण्ड के 25 गांवों में नहरी जल पर आधारित पेयजल आपूर्ति के लिए नए जल संशोधन संयंत्र, दिल्ली-हिसार रोड शीला चौक पर ऊपरगामी पुल, रोहतक-खरखौदा-दिल्ली बॉर्डर रोड पर जेएलएन फीडर और बीएसबी नहर पर स्टील के पुल के कार्य का



गांव धनवापुर से हरियाणा में विकास परियोजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

उद्घाटन तथा भिवानी-हांसी मार्ग का तोशाम बाई पास से जोड़ने वाले रेलवे ऊपरगामी पुल का उद्घाटन शामिल है।

**पंचकूला में बनेगा अंतरराष्ट्रीय हैबिटेट सेंटर :** इसके अलावा राय-मलिकपुर (राजस्थान सीमा)-नांगल चौधरी-नारनौल महेन्द्रगढ़-दादरी चार-मार्गीय सड़क के निर्माण, पंचकूला में अंतरराष्ट्रीय हैबिटेट सेंटर, सेक्टर-1 पंचकूला, बड़खल झील के जीर्णोद्धार से सम्बन्धित निर्माण कार्य, जिजर लिंक ड्रेन को बुर्जी संख्या 5150 से 16500 तक पक्का करने (आरसीसी बाक्स बनाना) व सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास, राजकीय महाविद्यालय, इसराना, पानीपत के भवन का शिलान्यास, स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद सेक्टर-25, जल घर बल्लभगढ़, फरीदाबाद में 15 एमएलडी एसटीपी के निर्माण कार्य, महाग्राम योजना के अन्तर्गत गांव मतलौडा में पेयजल बढ़ोतरी, सीवर लाइन बिछाने एवं मलजल संशोधन संयंत्र के कार्य, करनाल-काछवा-साम्भली-कौल सड़क पर समानांतर सतलुज यमुना लिंक नहर व नरवाना ब्रांच नहर के ऊपर पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है।

**महेंद्रगढ़ को 421.42 करोड़ रुपये की परियोजनाएं :** मनोहर सौगात में जिला महेंद्रगढ़ को करीब 421.42 करोड़ रुपये की लागत की तीन परियोजनाएं मिली हैं, जबकि पलवल को 187 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाएं, गुरुग्राम को 168.36 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाएं तथा फरीदाबाद को 143 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाएं मिली हैं। इसी प्रकार अंबाला को करीब 15.57 करोड़ रुपये की लागत के 4 प्रोजेक्ट, भिवानी को 31.45 करोड़ रुपये के 4 प्रोजेक्ट, चरखी दादरी को 2 करोड़ रुपये की 2 परियोजनाएं, फतेहाबाद को 2.31 करोड़ रुपये के 7 प्रोजेक्ट, हिसार को 5.65 करोड़ की 2 परियोजनाएं, झज्जर को 371 करोड़ रुपये की लागत की 23 परियोजनाएं तथा जींद को 22.76 करोड़ रुपये की लागत की 4 परियोजनाओं की सौगात मिली है।

**सिरसा को 12.24 करोड़ की लागत के 12 प्रोजेक्ट :** कैथल को 1.19 करोड़ रुपये की लागत की एक परियोजना, करनाल को 74 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाएं, कुरुक्षेत्र को 1.50 करोड़ रुपये की लागत की 4 परियोजनाएं, नूंह को 37.36 करोड़ रुपये की लागत की 12 परियोजनाएं और पंचकूला को 105.67 करोड़ रुपये की लागत के 3 प्रोजेक्ट मिले हैं। पानीपत को 76 करोड़ रुपये की लागत के 14 प्रोजेक्ट, रेवाड़ी को 35.42 करोड़ रुपये की लागत के 6 प्रोजेक्ट, रोहतक को 86.40 करोड़ रुपये की लागत की 4 परियोजनाएं, सिरसा को 12.24 करोड़ रुपये की लागत के 12 प्रोजेक्ट, सोनीपत को 22.56 करोड़ रुपये की लागत के 5 परियोजनाएं तथा यमुनानगर को 57.50 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं की सौगात मिली है।

## सरकार के अंत्योदय अभियान को गति दे रहा है कैनविन फाउंडेशन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्रामवासियों** की अच्छी सेहत के लिए कार्यरत कैनविन फाउंडेशन सरकार के हर उस अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रही है, जो जनहित में व्यापक पैमाने पर शुरू किए गए हैं। प्रदेश में अंत्योदय के लक्ष्य की पूर्ति के लिए कैनविन फाउंडेशन के न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन टावर में 18 तरह के डॉक्यूमेंट बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल के मुताबिक मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के अंत्योदय के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इस लक्ष्य में सहयोग देने के लिए कैनविन फाउंडेशन अपना विशेष सहयोग दे रहा है। कैनविन टावर में 18 तरह की सेवाओं में पैन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, दिव्यांग पेंशन, मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में संशोधन, पासपोर्ट, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, कन्यादान योजना फार्म और आयुष्मान कार्ड बनाने शामिल हैं।

डा. डीपी गोयल का कहना है कि ये सभी ऐसी सेवाएं हैं, जिनके लिए लोग सदा भटकते रहते थे। कागजात तैयार कराने में ही उनका काफी पैसा खर्च हो जाता था। सरकार ने इन सेवाओं को ऑनलाइन करके आमजन को काफी राहत दी है।



डा. डीपी गोयल। नवीन गोयल।

**मिनी इंडिया गुरुग्राम में हर कागज जरूरी: नवीन गोयल**

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम अब मिनी इंडिया बन चुका है। यहां लगभग हर राज्य, हर देश के लोग रह रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि सभी के कागजात पूरे हों। सरकार की योजनाओं का पात्रों को लाभ देने के लिए डॉक्यूमेंट पूरे होना जरूरी है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को हम वचनबद्ध हैं। समय चाहे कितना भी लगे, लगातार काम जारी रहेगा। नवीन गोयल ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार की अनेकों योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ मिल रहा है।

### कैनविन टावर में मिल रहीं 18 तरह के डॉक्यूमेंट बनवाने की सुविधा

### रोजाना सैंकड़ों लोग यहां से बनवा रहे हैं जरूरी कागजात

### सरकार के अंत्योदय अभियान को आगे बढ़ाने में कैनविन निभा रहा अहम भूमिका

## नप ने जंगल सफारी जमीन की सर्वे कर डीसी को भेजी

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगर** परिषद ने जंगल सफारी में आने वाले परिषद की 1450 एकड़ जमीन की पैमाईश कर उपायुक्त को रिपोर्ट भेज दी है। जंगल सफारी में आने वाली जमीन आबादी क्षेत्र से बाहर है। जबकि सदन की बैठक में मौजूद पार्षदों ने जंगल सफारी में अधिग्रहण की जाने वाली जमीन की पैमाईश कराने की मांग करते हुए प्रस्ताव को पारित करने पर रोक लगा दी थी।

प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सोहना से लगती अरावली अरावली पहाड़ी में ड्रीम प्रोजेक्ट जंगल सफारी बनाने की योजना दो जिले गुरुग्राम और नूंह का प्रशासन अमलीजामा पहनाने में जुट गया है। जंगल सफारी 10 हजार एकड़ जमीन पर बनाई जाएगी। जिसमें 6 हजार जमीन जिला गुरुग्राम की तथा 4 हजार एकड़ जमीन जिला नूंह में लगती अरावली पहाड़ी की शामिल है। सोहना से लगती अरावली पहाड़ी की नगर परिषद सीमा क्षेत्र की 1450 एकड़ भी जानी है। इस जमीन को जंगल सफारी में देने का प्रस्ताव परिषद की बुधवार को हुई सदन की बैठक में कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह द्वारा रखा गया था। उक्त प्रस्ताव पर सदन की बैठक में मौजूद 15 पार्षदों ने रोक लगा दी थी। पार्षदों ने नगर परिषद के वार्ड 13,16,17 और 20 से लगती जमीन जंगल सफारी में जा रही है। पार्षदों ने आबादी क्षेत्र की जमीन को जंगल सफारी में न जाने देने की मांग करते हुए पहले पैमाईश कराने की मांग की गई थी।

**150 फार्म हाउसों पर गिर सकती है गाज :** सोहना से लगती अरावली में प्रस्तावित जंगल सफारी बनाएं जाने पर पहाड़ी बने फार्म हाउसों में 150 पर गाज गिर सकती है। ये फार्म हाउस जंगल सफारी सीमा क्षेत्र में आ रहे है। ये फार्म हाउस पर पहले भी जिला नगर योजनाकार विभाग और नगर परिषद की तरफ से कार्रवाई की जाती रही है।

**आबादी क्षेत्र से बाहर है जंगल सफारी :** नगर परिषद ने पार्षदों की मांग को तुरन्त प्रभाव से स्वीकारते हुए जंगल सफारी क्षेत्र में आने वाली जमीन की पैमाईश 48 घंटा में पूरी कर ली गई है। जिसकी तुरन्त प्रभाव से एक रिपोर्ट तैयार कर जिला उपायुक्त को भेज दी है। इसके साथ प्रस्ताव पर सवालिया निशान लगाने वाले पार्षदों को भी रिपोर्ट दी गई है।

> **नगर** परिषद सीमा एक इंच जमीन आबादी क्षेत्र की नहीं है। जिसकी पैमाईश करा ली गई है। पैमाईश कराने के बाद रिपोर्ट उपायुक्त को भेज दी गई है।
>
> **अतरसिंह खनगवाल (कार्यकारी अधिकारी नप)**


> **आबादी** क्षेत्र की जमीन को किसी भी सूरत में उजड़ने नहीं दिया जाएगा। आम लोगों के आवास को बसाया जाएगा। उजाड़ने की योजना को किसी भी सूरत में बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।
>
> **रीना देवी (कार्यवाहक चेयरपर्सन नप)**

> **अरावली** में जंगल सफारी बनाए जाने वाली योजना में ब्लॉक की ग्राम पंचायत घामडोज व अलीपुर की जमीन लगती है। लेकिन अभी तक उनके पास ग्राम पंचायत से जंगल सफारी के लिए दी जाने वाली जमीन का प्रस्ताव करने की कोई सूचना नहीं आई है। आदेश आने पर ही अमल किया जाएगा।
>
> **परमेन्द्रा सिंह (बीडीपीओ सोहना)**

## आईआईएफएल ने बॉन्ड्स पर 9 प्रतिशत ब्याज दर पेश की, 1000 करोड़ रुपये एकत्र करना है उद्देश्य

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस 6 जनवरी, 2023 को सुरक्षित बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू जारी करेगा। इसका उद्देश्य व्यवसायिक वृद्धि और पूंजी बढ़ाने के लिए 1,000 करोड़ रुपये एकत्रित करना है। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 9 प्रतिशत तक की ब्याज दर प्रदान करेंगे। फेयरफैक्स द्वारा सहयोग प्राप्त आईआईएफएल फाईनेंस 100 करोड़ रुपये मूल्य के सिक्योर्ड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी करेगा, जिसमें 900 करोड़ रुपये तक के ओवर-सब्स्क्रिप्शन को बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प होगा (इस प्रकार कुल मूल्य 1,000 करोड़ रुपये हो जाएगा)। आईआईएफएल बॉन्ड 60 महीनों की अवधि के लिए 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वोच्च प्रभावशाली ब्याज दर प्रदान करेगा। यह एनसीडी 24 महीनों, 36 महीनों, और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की आवृत्ति मासिक, वार्षिक या फिर 60 महीनों की अवधि पूरी होने पर मैच्योरिटी पर होगी, जबकि अन्य अवधियों के लिए यह वार्षिक आधार




पर और मैच्योरिटी के समय है। इसकी क्रेडिट रेटिंग क्राइसिल द्वारा एए/स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इन इंस्ट्रूमेंट्स को वित्तीय दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए अत्यधिक सुरक्षित माना जाता है, तथा इसके साथ क्रेडिट जोखिम बहुत कम है। श्री कपीश जैन, सीएफओ, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, "भारत में 3600 से ज्यादा शाखाओं और डाइवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो के साथ आईआईएफएल फाईनेंस वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है। इसके द्वारा एकत्रित किए गए फंड का उपयोग वंचितों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करने और हमारे डिजिटल परिवर्तन को गति देने के लिए किया जाएगा, ताकि यह पूरी प्रक्रिया सुगम बने।" उन्होंने कहा, "आईआईएफएल का ट्रैक रिकॉर्ड बेहतरीन है और यह 25 सालों से ज्यादा समय से सभी बॉन्ड इश्यूज एवं ऋण दायित्वों का भुगतान समय पर करता आया है।" आईआईएफएल फाईनेंस भारत की सबसे बड़ी रिटेल-केंद्रित फाईनेंशल सर्विसेज कंपनियों में से एक है। 30 सितंबर, 2022 को आईआईएफएल फाईनेंस के पास 55,302 करोड़ रु. के लोन एसेट्स अंडर मैनेजमेंट थे। इसमें से 95 प्रतिशत बुक रिटेल की है, जो स्मॉल टिकट लोन पर केंद्रित है।

आईआईएफएल फाईनेंस सालों से लगातार एनपीए को काफी कम स्तर पर रख हुए है, और 2.42 प्रतिशत के सकल एनपीए एवं 1.22 प्रतिशत के नेट एनपीए के साथ अच्छी गुणवत्ता के एसेट्स पर केंद्रित है। 30 सितंबर को कंपनी के पास 8,191 करोड़ रु. का फ्री कैश था और अनड्रॉन लाईंस हैं, जिससे जोखिम को और ज्यादा कम करने में मदद मिलती। वित्तवर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में आईआईएफएल फाईनेंस ने 397 करोड़ रु. का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया, जो 20.4 प्रतिशत की ईक्विटी पर मजबूत रिटर्न के साथ सालाना 36 प्रतिशत ज्यादा है। इसके विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ मजबूत संबंध हैं।

## अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के साथ कीजिए नए साल का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**अमेजन** डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के साथ नए साल की नई शुरुआत कीजिए। यहां आप ऐसे उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं जो आपके घर को नया स्वरूप देने में मदद करेंगे। ग्राहक इस होम शॉपिंग स्प्री की मदद से अपने घर को सर्दियों की जरूरत से जुड़े प्रोडक्ट के साथ व्यवस्थित कर सकते हैं, एक सेहतमंद लाइफ स्टाइल का मजा ले सकते हैं, अपने फिटनेस यात्रा की शुरुआत कर सकते हैं, अपनी जरूरत के अनुरूप सही होम इंप्रूवमेंट प्रोडक्ट में निवेश कर सकते हैं और इन सभी लाभ के साथ खरीदारी पर अधिक बचत कर सकते हैं।

ग्राहक 7 और 8 जनवरी 2023 को बजाज, हैवेल्स, डायसन, इलेक्ट्रोलक्स, ओरिएंट इलेक्ट्रिक, क्रॉम्पटन, मिल्टन, फिलिप्स, यूरेका फोर्ब्स, उषा, लिवप्योर, स्लीपी कैट आदि जैसे ब्रांडों के होम एंड किचन अप्लायंसेस सहित सर्दियों की जरूरत से जुड़े सामानों पर शानदार ऑफर्स और 70% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान, ग्राहक HDFC डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और सीसी ईएमआई पर 10 प्रतिशत इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट के साथ-साथ 1500 रुपये और उससे अधिक की खरीदारी पर 150 रुपये तक 10% तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इस साल आप स्वस्थ जीवन शैली की ओर एक कदम उठाएं और अमेजन डॉट इन पर गेट फिट डेज का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने फिटनेस के सफर की शुरुआत करें। यहां विशेष रूप खास तौर पर तैयार किए गए स्टोर से ग्राहक प्यूमा, beatXP, ऑप्टिमम न्यूट्रिशन, वीफिटफिट, एडिडास, बोट, नॉइज सहित टॉप ब्रांडों के प्रोडक्ट 70 फीसदी तक की छूट के साथ खरीद सकते हैं।

### घरेलू सामान जैसे कंबल, कम्फर्टर्स, फ्लास्क, ओवन, केटल्स, मच्छरदानी लें

### फिटनेस इक्विपमेंट जैसे डंबल, स्किपिंग रोप की 7 से 8 तक मिल रहे ऑफर्स के साथ नए साल की शुरुआत करें

## रेने का दृढ विश्वास से मानना है कि सौंदर्य होता है कालातीत

### यूट्यूब पर नई मास्टर क्लास श्रृंखला ब्राइड्स ऑर रेने ले के आई

### लिपस्टिक, आईशैडो पैलेट, हाइलाइटर, ब्लश से लेकर लॉन्ग-वियर फाउंडेशन, प्राइमर आदि उत्पाद की पेशकश की

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**रेने** का दृढ विश्वास से मानना है कि सौंदर्य कालातीत है, जिस से प्रेरित होकर वह यूट्यूब पर नई मास्टरक्लास श्रृंखला ब्राइड्स ऑर रेने ले के आई है, जो पूरे भारत से अलग-अलग ब्राइडल लुक का जश्न मनाती है। भारतीय दुल्हनों को उनकी अनूठी सुंदरता और उनकी परंपराओं के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है, प्रत्येक दुल्हन का लुक अलग होता है और अपने क्षेत्र के आधार पर अपनी अनूठी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, समय बदल गया है और आधुनिक दुल्हनों की प्राथमिकताएं




बदल गई हैं; लेकिन जो आम रहता है वह है अपार प्यार, जुनून और छोटी-छोटी बारीकियां जो हर दुल्हन के लिए एक परफेक्ट लुक बनाने में काम आती हैं।

सदियों पुरानी परंपराओं और संस्कृति के साथ जुड़ी विशिष्टता की इस सुंदरता का जश्न मनाते हुए, मास्टरक्लास ब्राइड्स ऑफ रेने में प्रसिद्ध मेकअप कलाकार शामिल हैं, जो अपने पसंदीदा रेने उत्पादों का उपयोग करके भारत के विभिन्न क्षेत्रों से ब्राइडल मेकअप लुक तैयार करते हैं। हम लिपस्टिक, आईलाइनर, आईशैडो पैलेट, हाइलाइटर, ब्लश से लेकर लॉन्ग-वियर फाउंडेशन, प्राइमर तक चुनने के लिए कई तरह के शेड्स और टेक्सचर में 200 से अधिक सावधानी से तैयार किए गए उत्पादों की पेशकश करते हैं, यह सब दुल्हन की शादी के दिन और शादी से पहले और बाद के समारोह के लिए आवश्यक हैं।

इस मास्टरक्लास रेंज के साथ, रेने हर दुल्हन के मेकअप लुक का हिस्सा बनना चाहती हैं और हमारे उत्पादों के माध्यम से उनकी अनन्य सुंदरता का जश्न मनाना चाहती हैं। यह जानने के लिए ट्यून करें कि कैसे प्रत्येक पारंपरिक ब्राइडल लुक दूसरों से अलग है और कैसे रेने प्रत्येक दुल्हन को इस महत्वपूर्ण दिन पर उसकी सुंदरता बढ़ाने में मदद करते हैं। ब्राइड्स ऑफ रेने यूट्यूब पर ऑन डिमांड देखने के लिए उपलब्ध है।

# एक्सपो : कोरोना से बचाव और थकान दूर करने के उपकरण

कविता। फरीदाबाद

**सेक्टर**-12 में स्थित कोर्ट ग्राउंड में लगे इंडसटेक मशीन टूल एंड ऑटोमेशन एक्सपो में पहली बार औद्योगिक उपकरणों के संग कोरोना से बचाव के उपकरण देखने को मिले। वहीं थकान दूर करने के उपकरण भी यहां मौजूद हैं। इन दोनों काउंटरों पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

इंडसटेक एक्सपो में इस बार लगाए गए स्टॉल में कुछ अलग ही देखने को मिला। जहां एक स्टॉल पर कोरोना से बचाव के उपकरण मिले, वहीं दूसरी तरफ फिजियोथेरेपी और घरेलू इस्तेमाल के उपकरणों ने लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। फिजियो थैरेपी के उपकरण लोगों को तनाव और मोटापा दूर करने और अन्य कई तरह के दर्द का निवारण करने के लिए मौजूद थे, तो वहीं मास्क, दस्ताने और पीपीई कीट और एचआईवी से बचाव की कीट भी स्टॉल पर उपलब्ध थी। एक रूपये तक का मास्क स्टॉल पर उपलब्ध नजर आया। पलवल से आए आवेश ने बताया कि शिव कुमार मंगला 35 वर्षों से हेल्थ संबंधित उपकरण उपलब्ध हैं।



एक्सपो में मेडिकल और कम्पनियों में इस्तेमाल स्वास्थ्य उपकरणों की जानकारी देते हुए आवेश।



फिजियोथैरेपिस्ट राकेश पटेल उपकरणों की जानकारी देते हुए।

**सुरक्षा उपकरण :** मंगलम मैडिकिट प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी में बना रहे हैं। जिसमें वह मास्क, पीपीई किट, ग्लब्स, गाउन, शॉवर कैप इत्यादी बनाते हैं।

यह उपकरण फरीदाबाद, पलवल समेत कई बड़े अस्पतालों में सप्लाई होते हैं। कम्पनियों में आज मास्क और ग्लब्स जैसे सुरक्षा उपकरणों की अधिक जरूरत है। जिसे देखते हुए वह भी इस एक्सपो का हिस्सा बने हैं।

**दर्द को करें दूर:** आरके इंटरप्राईजेज द्वारा एक्सपो में डी 37ए स्टॉल लगाया गया है। जिसमें फिजियोथेरेपिस्ट राकेश पटेल कामकाजी लोगों के दर्द को दूर करने के उपकरण लेकर एक्सपों में शामिल हुए हैं। वह एक विशेष तरह की चप्पल लेकर आए है, जिसे चार्ज करके पूरे दिन की थकान और मोटापे से छुटकारा पा सकते हैं। राकेश ने बताया कि उन्होंने स्वयं 45 दिनों में इसकी मदद से 12 किलोग्राम वजन कम किया है।

एक इलेक्ट्रिक डिवाइज और इस स्टॉल पर है, जिसकी मदद से वे कई तरह के दर्द से लोगों को छुटकारा दिलवाने का दावा कर रहे हैं। इसी स्टॉल पर घर और दफ्तर की सफाई में इस्तेमाल होने वाला मैजिकल टावल भी उपलब्ध है। जिससे तेल और अन्य दाग आसानी से साफ हो जाता हैं।

# देश का सिग्नेचर फेस्टिवल होगा इस बार का सूरजकुंड मेला : एमडी सिंहा

## 36वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पर्यटन** विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने कहा कि इस बार का 36वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पूरी दुनिया में भारत का सिग्नेचर फैस्टिवल होगा। इस बार का मेला भव्य और बेहतरीन होगा और जी-20 के सभी देशों के राजदूत भी इस मेले में शिरकत करेंगे। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। श्री सिन्हा शुक्रवार को सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में तीन फरवरी से शुरू होने वाले 36वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।




अधिकारियों की बैठक को संबोधित करती एडीसी अपराजिता।

सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष भारत को जी-20 समिट को आयोजित करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सूरजकुंड मेला भी जी-20 के देशों का स्वागत व सतकार करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मेले में संघाई कार्पोरेशन आर्गेनाईजेशन के सदस्य भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के मेले में कुल मिलाकर 50 से ज्यादा देशों से विदेशी मेहमान आएंगे। ऐसे में हमें उनके रूकने सहित सभी व्यवस्थाएं उसी ढंग से करनी होंगी। उन्होंने बताया कि इस बार के मेले के थीम स्टेट पूर्वोत्तर के सभी आठ स्टेट होंगे। उन्होंने बताया कि मेले में एक हजार से ज्यादा स्टाल तैयार किए गए हैं ऐसे में इतने ही क्राफ्ट्समैन इस मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली बार मार्च के महीने में मेला आयोजित हुआ था और उस दौरान काफी गर्मी थी। इस बार मेला अपने समय से हो रहा है ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सड़कों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। पुलिस विभाग मेले की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करेगा। इस दौरान मेले में सुरक्षा के लिए 100 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे जिससे इनकी संख्या बढ़कर 350 हो जाएगी। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में मंडल आयुक्त विकास यादव, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, एचएसवीपी प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# सीएम फ्लाइंग ने किया अवैध अहाते का भंडाफोड़, केस दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गुप्तचर** इकाई, एनआईटी द्वारा अपने अधिकारियों को गुप्त सूचना दी गई कि बल्लभगढ़ से सोहना रोड पर जीवन नगर पार्ट-2, इलाका थाना मुजेसर में शराब के ठेके की छत पर एक अवैध अहाता चल रहा है। यदि आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ मौका पर रेड की जाए तो अवैध अहाते का भंडाफोड़ हो सकता है।

प्राप्त सूचना के आधार पर उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार व उप निरीक्षक सतवीर सिंह मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा धीरेंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक, आबकारी विभाग फरीदाबाद और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से इस अहाते को चेक किया गया। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश कुमार चैची ने बताया कि आबकारी निरीक्षक द्वारा संचालक आबिद से इस स्थान पर अहाता चलाए जाने वाले वैध लाइसेंस की मांग की गई, जो पेश नहीं कर सका। उसने बताया कि वह यह अहाता जुल्फिकार नामक व्यक्ति के कहने पर चला रहा है। जिसको 85000 रुपये प्रतिमाह किराया अदा कर रहा है।

जुल्फिकार ने उसे यह भी बताया था कि आहता राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त है। जिस पर सरकार से मान्यता प्राप्त अहाता का बोर्ड भी लगाया हुआ है, क्योंकि यह अहाता वैध शराब की दुकान लाइसेंसी राजकुमार यादव जोन नंबर 24 की छत के ऊपर चलाया जा रहा था। इसलिए आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर आबिद, जुल्फिकार व मै. राजकुमार यादव फर्म के खिलाफ थाना मुजेसर में आपराधिक अभियोग अंकित कराया गया है।

# पोषण अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन



गांव अजरौदा में आयुष विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती महिला एवं बाल विकास अधिकारी डा. मंजू श्योराण।

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्थानीय अजरौंदा सेक्टर-15 के सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पोषण अभियान के तहत आयुष विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार में आंगनबाड़ी वर्करों को षोषण व्यंजनों और योगाभ्यास की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉक्टर मंजू श्योराण ने पोषण अभियान के अंतर्गत मनाये जा रहे पोषण जागृति माह में आयुष विभाग से आये डॉक्टर अवित, डॉक्टर मनोज का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। डॉक्टर अवित ने सेमिनार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आयुर्वेद, योग व होम्योपैथी के फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने लोगों को रसों से भरपूर पौष्टिक भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एनीमिया की रोकथाम एवं इसके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** गांव मुजेडी में 12 अक्टूबर को फायरिंग की वारदात हुई थी। जिसमें आरोपी ने देसी पिस्तौल से अंडा के थोक विक्रेता महेश कुमार पर जान से मारने की नियत से फायर किया था।

मामले में तुरंत कार्रवाई के लिए डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंदर श्योराण की देखरेख में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल गोदारा है। आरोपी गाँव मुजेसर का रहने वाला है आरोपी सैक्टर 62 में किराए पर रहता है। टीम ने आरोपी को पलवल के गांव मित्रोल से थाना सदर बल्लभगढ़ के हत्या के प्रयास के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

# महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश तथा डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल के आग्रह पर फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों तथा शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा बच्चों की सुरक्षा तथा मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, इंस्पेक्टर माया, इंदु बाला व गीता, फरीदाबाद के तीनों महिला थानों से 5-5 महिला पुलिस अधिकारी, प्रत्येक थाना हेल्पडेस्क से 2 महिला अनुसंधान अधिकारी, शक्ति वाहिनी के कार्यकारी निदेशक निशिकांत और किशोर कल्याण अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बाल अपराध तथा बच्चों के शोषण पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस द्वारा समय-समय पर महिला व बाल अपराध, मानव तस्करी, शोषण, बाल मजदूरी इत्यादि सामाजिक मुद्दों के बारे में छात्र-छात्राओं तथा आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाता है। इसके तहत बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नागरिकों को



सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते पुलिस अधिकारी।

अपनी आवाज बुलंद करने तथा पुलिस को सूचना देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने के बारे में जानकारी दी जाती है। इसी के तहत आज फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों तथा शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा बाल अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए किशोर न्याय अधिनियम, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम और मानव तस्करी पर एक कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य तस्करी और यौन शोषण से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए राज्य की आपराधिक न्याय प्रणाली के सामाजिक और संस्थागत ढांचे में सामने आने वाले मुद्दे और बाल अपराधों में त्वरित कार्रवाई करना है। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विभिन्न उपाय सुझाव में लिए गए।

# विकास का समय पर मिल रहा जनता को लाभ : गुर्जर

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम से किया प्रदेश की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र ही नहीं बल्कि प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अब आम जनता को समय पर मिल रहा है। पहले आमजन के हित को ध्यान में रखकर शुरू की गई विकास परियोजनाएं वर्षों तक लंबित पड़ी रहती थी, लेकिन अब सभी विकास परियोजनाओं का समय पर उद्घाटन होता है और समय पर ही आम जनता को समर्पित कर दी जाती हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला में आठ विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आम जनता की



परियोजनाओं का शिलान्यास करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तिगांव के विधायक राजेश नागर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा व अन्य।

सुविधाओं को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद शहर लगातार विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज जिन तीन सड़क परियोजनाओं के कैरिज वे को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा फरीदाबाद शहर को समर्पित किया गया है। वह शहर में आंतरिक यातायात के सुगम संचालन में बेहतरीन साबित होंगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर की लगातार कनेक्टिविटी बेहतर की जा रही है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। शहर को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नोएडा, गाजियाबाद, जेवर, दिल्ली, मेवात सहित सभी स्थानों के लिए बेहतर रास्ते उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद में भी 143 करोड़ रुपये की आठ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास हो रहा है उनमें एफएमडीए की तीन सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इनमें 13.25 करोड़ की लागत से बनी सेक्टर 15-16 डिवाइडिंग रोड़, 11.35 करोड़ की लागत से बनी कोर्ट रोड़ व 12.10 करोड़ की लागत से बनाकर तैयार हुई वाईएमसीए चौक से बाय-पास तक जाने वाली मास्टर रोड़ के कैरिज-वे का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 करोड़ की लागत से दिल्ली-मथुरा रोड से लक्कड़पुर मार्ग पर क्रासिंग के लिए फुटऑवर पुल के निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। इस पुल का निर्माण हरियाणा स्टेट रोड ब्रिज डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा करवाया जाएगा। वहीं 104.17 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होने वाली फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की चार परियोजनाओं का भी शिलान्यास आज के कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इनमें 17.46 करोड़ की लागत से नगर निगम ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर बनने वाले इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, एफसीटीएसएल एवं एफएससीएल बिल्डिंग का शिलान्यास शामिल है।

बड़खल झील के कायाकल्प की परियोजना का भी आज शिलान्यास किया गया। यह परियोजना 56.46 करोड़ की लागत से पूर्ण की जाएगी। फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बल्लभगढ़ के सेक्टर-25 में 15 एमएलडी का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर 25 करोड़ रूपये खर्च किये जाएँगे। वहीं 5.25 करोड़ की लागत से सेक्टर-21(बी) स्थित शिवाजी पार्क व विवेकानंद पार्क का पुनर्विकास भी किया जाएगा।

# बिजली निगम के सब डिवीजनों पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** एचएसईबी वर्करज यूनियन की राज्य कमेटी दवारा घोषित कार्यक्रमों के प्रथम पखवाड़े में बिजली निगम फरीदाबाद की सभी सबडिवीजनों पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन के बैनरतले बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सर्कल सचिव कर्मवीर यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार व निगम मैनेजमेंट की कर्मचारी विरोधी शोषणकारी नीतियों के खिलाफ लामबंद होकर कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने अपने-अपने दफ्तर के एसडीओ के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव पावर डिपार्टमेंट के नाम मांग कर विरोध दिवस मनाते हुए ज्ञापन सौंपे।

प्रदर्शन के मुख्य अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील खटाना ने पहुंचकर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली निगम में कर्मचारियों की भारी कमी का अभाव होते हुए भी हमारा कर्मचारी दिन और रात को एक कर इस महकमे को अपनी जान जोखिम डालते हुए इसे अंधेरे से उजाले की ओर उजागर करने में सकल्पकृत और कर्तव्य बद्ध है । बावजूद इनकी जायज मांगों को मानने में सरकार और निगम मैनेजमेंट अनसुना करता है । जो अब बर्दाशत के बाहर है। इन्ही सब मुद्दों को लेकर प्रदेश में एचएसईबी वर्करज यूनियन ने अब नए साल 2023 से बिगुल फूंक दिया है । इसी के चलते आज समस्त प्रदेश के सर्कलों में बिजली कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शनरत व काफी ज्यादा रोषित है ।

## संक्षिप्त समाचार

### रणजी खिलाड़ियों की प्रैक्टिस करवा रहे रोहित शर्मा



रेलवे के रणजी खिलाड़ी को डोमेस्टीक सीजन 2022-23 में प्रैंक्टिस के बाद कुछ बारीकियां बताते रोहित शर्मा।

**फरीदाबाद।** जिले के कई कोहिनूर हीरे है जो खेल जगत में अपनी गहरी छाप छोड़ रहे है, अब उनमें मवई गांव के रहने वाले रोहित शर्मा का भी नाम जुड़ गया है। जो रेलवे के रणजी खिलाड़ियों को डोमेस्टिक सीजन 2022-23 में बतौर साईड आर्म/स्पेशलिस्ट बनकर प्रैक्टिस करवा रहे हैं। वैसे आपको बता दें कि रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट टीम के जाने माने खिलाड़ियों जिनमें शिखर धवन, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, मोहित शर्मा, ऋषभ पंत और विदेश के भी कई अन्य खिलाड़ियों को समय-समय पर साइड आर्म थ्रो की प्रैक्टिस करवाते रहते है। रोहित शर्मा ने बताया फिलहाल वे रेलवे प्रमोशन बोर्ड के साथ हुए कान्ट्रैक्ट के तहत रेलवे के रणजी खिलाडियों को डोमेस्टीक सीजन 2022-23 में प्रैक्टिस करवा रहे है। रोहित शर्मा ने बताया कि उनका भी सपना था कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलें लेकिन जिलास्तर पर खेलते हुए उनका पैर चोटिल हो गया था। जिसकी वजह से वह आगे नहीं खेल पाए।

### आंगनबाड़ी और आशा वर्करों ने किया जोरदार प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** आईसीडीएस, एनएचएम और मिड डे मील योजना के लिए पर्याप्त बजट देने की मांग को लेकर शुक्रवार को आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स यूनियन, आशा वर्कर और मिड डे मील कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन करके केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखने व संसद में आवाज उठाने की मांग को लेकर फरीदाबाद, के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के नाम उनके कार्यालय सहायक कौशल भाठला को 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद जिले के तीनों यूनियनों के सैकड़ों कार्यकर्ता सेक्टर 29 बड़खल मोड़ के सामने एकत्रित होने शुरू हो गए थे। यहां पर सबसे पहले हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह का पुतला जलाया गया। जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि खेल मंत्री ने विभाग की जूनियर कोच एवं प्रतिष्ठित खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इस मुद्दे पर उन्होंने मुख्यमंत्री, के बयान की निंदा करते हुए बताया कि सरकार दोषी मंत्री को उनके पद से हटाने के बजाय उनका बचाव कर रही है। इस अवसर पर सीटू के जिला प्रधान निरन्तर पराशर, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए केंद्रीय मंत्री के निवास की ओर रैली लेकर गए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व आगनबाड़ी वर्कर एवं हैल्पर यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्ररी और आशा वर्कर यूनियन की कोषाध्यक्ष नीलम जोशी ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव ने केंद्र और राज्य सरकार पर केंद्रीय परियोजनाओं में काम करने वाली वर्करों और हेल्परों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। आज के प्रदर्शन में सीटू के सहसचिव विजय झा, पूर्व कर्मचारी नेता धर्मवीर वैष्णव, आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्री, जिला सचिव मालवती, आशा वर्कर यूनियन जिला प्रधान हेमलता, कोषाध्यक्ष नीलम जोशी, पूजा गुप्ता, पूजा राठौर, आंगनवाड़ी वर्कर आरती, सविता, अनीता, यासमीन, शाहीन परवीन, आदि ने भी भाग लिया।

### अजय गौड ने जन्मदिन पर बांटे जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**फरीदाबाद।** आरडब्लूए एसी नगर व संत नगर आरडब्लूए ने आज पंडित अमरनाथ हाई स्कूल एसी नगर में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड का जन्मदिन धूमधान से मनाया। इस मौके पर प्रधान दिनेश बंसवाल, उपप्रधान बशारत हुसैन, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कपूर व संत नगर आरडब्ल्यूए के प्रधान एसडी यादव, राकेश मोर्या, राजेश ने अजय गौड के हाथों गरीब विधवा महिलाओं को कम्बल बांटे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर अजय गौड, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. आरएन सिंह वजीर सिंह डागर, पंकज रामपाल का स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत और रंगारंग कार्यक्रम पेश कर स्वागत किया। अजय गौड ने कहा कि मेरे जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए में पूरी आरडब्लूए टीम का दिल की गइराईयों से आभार व धन्यवाद प्रकट करता हुए। इस अवसर पर दिनेश बंसवाल, बशारत हुसैन, दीपक कुमार, अशोक कपूर, तेज प्रकाश, सचिव नवीन, इमरान, अश्विनी गुप्ता, राकेश, धर्मेंद्र, चिंटू, जॉनी, नेत्रपाल, जोगिंदर, सुनील कुशवाहा, सुनील गुप्ता, विजेंदर शर्मा अनिल बघेल, गजेसिंह, राकेश बंसवाल, सपन पाल, अजीत, सुमित, रजत, जोगिंदर चौहान, संत नगर आरडब्लूए से एसडी यादव, राकेश मोर्या, राजेश, रिंकू खनगवाल, वेद नारायण, बनवारी लाल शर्मा, कमरुद्दीन, सुरेश, राजपाल शर्मा, राजेश यादव व सुनील इत्यादि उपस्थित रहे।

### गोतस्करी के में दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने गो तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शेकुल उर्फ सेफुल्ली है । आरोपी नूह जिले के गडुरी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना धौज के गो तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है।

### पुलिस 520 वाहनों की करेगी नीलामी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए वाहन जिसमें कार, मोटरसाइकिल, ऑटो इत्यादि शामिल हैं की नीलामी की जानी है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल सहित अन्य मुकदमों जब्त किए गए 520 वाहनों की सूची को फरीदाबाद पुलिस की वेबसाइट ***https://faridabad.haryanapolice.gov.in*** पर अपलोड कर दिया गया है। जिसे फरीदाबाद पुलिस के होम पेज पर ***E-Citizen tab / order & advisory for citizen and downloads form*** में जाकर नीलामी होने वाले वाहनों की लिस्ट उपलब्ध की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आमजन 3 अप्रैल 2023 तक अपने वाहन का क्लेम कर सकते हैं। इसके लिए नागरिक लिस्ट में अपने वाहन की जानकारी प्राप्त करके संबंधित थाने या पुलिस लाइन कार्यालय के टेलीफोन नंबर 0129-2277540 पर संपर्क कर सकते हैं।

### नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में 32 धावक लेंगे भाग

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (ए एफ आई) के द्वारा 57वीं नेशनल क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 8 जनवरी को कामरूप (आसाम) में किया जा रहा है। इस नेशनल चैंपियनशिप में 16 एथलीट लड़के और 16 एथलीट लड़की सहित कुल 32 एथलीट खिलाडी हरियाणा राज्य की तरफ से भाग ले रहे हैं और हरियाणा टीम कोच एवं मैनेजर सतीश पंघाल एथलेटिक्स कोच (करनाल) को नियुक्त किया गया है। एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 57वीं नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य से पुरुष वर्ग में हुकम रेवाडी, विक्रम हिसार, सुमित कुंडू रोहतक, विकी जींद, अंकित देशवाल पानीपत और संदीप रोहतक 10 किलोमीटर दौड़ में भाग ले रहे हैं। 20 साल आयु वर्ग लडका 8 किलोमीटर दौड में गगन पंचकुला, राहुल सोनीपत, विकास हिसार, अनुज जून गुरुग्राम, रिंकू फरीदाबाद और नवदीप जींद अपना खेल प्रदर्शन दिखाएंगे। 18 साल आयु वर्ग लडका 6 किलोमीटर दौड़ में आर्यन पानीपत एवं सुमित झज्झर और 16 साल लडका 2 किलोमीटर दौड़ में अमन कुमार झज्झर और अजय सिंह हिसार हरियाणा राज्य के लिए दौड़ेंगे। महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि महिला वर्ग 10 किलोमीटर दौड में किरण सोनीपत,प्रिंसी झज्झर, अंकिता महेंदरगढ, दिव्यंका यमुनानगर ,पूनम रोहतक और मोनिका सोनीपत भाग ले रही हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 7 जनवरी, 2023



# हल्द्वानी प्रकरण

## लोगों को राहत

**उत्तराखंड** के हल्द्वानी में रेलवे की भूमि से अवैध कब्जेदारों को हटाने के अभियान पर सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला देते हुए लोगों को बहुत राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने ठीक ही कहा है कि '50,000 लोगों को रातोंरात नहीं उजाड़ा जा सकता है। यह एक मानवीय मुद्दा है और इसके लिए कोई कारगर समाधान तलाशा जाना चाहिए।' अचानक बेघरबार हुए लोगों की स्थिति वास्तव में बहुत कठिन हो जाती। सर्वोच्च न्यायालय ने क्षेत्र में किसी निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है तथा रेलवे व उत्तराखंड सरकार से इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले में दोनों पक्ष जवाब देंगे। लेकिन आदर्श रूप से जवाब न केवल अवैध कब्जे के हालिया मामले में, बल्कि रेलवे व राज्य सरकार की उन सभी जमीनों के संबंध में आना चाहिए जिन पर अवैध कब्जे हुए हैं। वास्तव में केन्द्र सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे पहले स्थान पर ऐसी सभी भूमियों को खाली कराया जाए। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में अवैध कब्जे न होने पाएं। संभवत: सर्वोच्च न्यायालय इसे ही 'कारगर समाधान' मानेगा। लेकिन क्या यह संभव है? हां यह संभव है, पर विडंबना है कि वर्तमान स्थिति अवैध कब्जों के लिए उपयुक्त बनी हुई है। हल्द्वानी की स्थिति तथा घटनाक्रम पर अनेक प्रतिक्रियाओं से स्थिति स्पष्ट होती है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के निकट दो किलोमीटर क्षेत्र में मकान, सरकारी स्कूलों समेत स्कूल, पानी की टंकियां, मस्जिदें, मंदिर और दूकानें, आदि बने हैं। यह सारा निर्माण कई दशक में हुआ है। क्षेत्र में नदी के निकट अवैध खनन के बाद 2013 में यह कालोनी चर्चा में आई। जब मामला उच्च न्यायालय पहुंचा तब उसने जमीन खाली कराने का आदेश देते हुए यह सुझाव भी दिया कि इसके लिए अर्धसैनिक बलों का भी प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय को उच्च न्यायालय का यह निर्णय सही नहीं लगा।




हमेशा की तरह यह मुद्दा भी 'राजनीति' चमकाने का माध्यम बन गया है। एक्टिविस्ट व कांग्रेस नेता राज्य में भाजपा सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि लोगों से अवैध कब्जे खाली कराने का प्रयास इसलिए हो रहा है कि क्षेत्र में अधिकांश निवासी मुसलमान हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है, 'उत्तराखंड एक आध्यात्मिक राज्य है। यदि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, वृद्धों व महिलाओं समेत 50,000 लोगों को अपने घर खाली कर सड़कों पर आने के लिए मजबूर किया गया तो यह बहुत दु:ख की बात होगी।' लेकिन अब जब सर्वोच्च न्यायालय ने जमीन खाली कराने पर विराम लगा दिया है तो क्या उनके या उनकी पार्टी के पास इसका कोई कारगर समाधान है? यह राजनीति की विडंबना है कि वह भावनायें भड़काने के लिए खूब शोर-शराबा मचाती है, लेकिन उसमें तर्क का कोई स्थान नहीं होता है। कहा जाता है कि राजनीति विज्ञानी अगली पीढ़ी के बारे में सोचते हैं, पर राजनेता केवल अगले चुनाव के बारे में सोचते हैं। अनेक भारतीय राजनेता तो अगले दिन के 'ट्विटर ट्रेंड' के बारे में ही सोचते हैं। अवैध कब्जे एक बड़ी समस्या हैं जिनका नतीजा हल्द्वानी की तरह पर्यावरण क्षरण, शहरी परिवेश में गिरावट, भ्रष्टाचार तथा राष्ट्रीय संसाधनों की बरबादी के रूप में सामने आता है। इससे भी बुरी बात है कि सरकारी व निजी जमीनों प अवैध कब्जा गांवों, कस्बों व शहरों को भद्दा बना देता है। इसके साथ ही 'प्लाटिंग', मुख्यत: कृषि भूमि का प्रयोग अवैध रूप से बदल कर बस्तियां या तथाकथित अवैध कालोनियां बसाने का मुद्दा भी है। समय की आवश्यकता है कि प्रमुख राजनीतिक पार्टियों व अन्य पक्षों को शामिल कर एक समग्र नीति बनाई जाए। हमारे राजनेताओं को इसकी पहल करनी चाहिए, लेकिन दु:ख की बात है कि अनेक नेता एक-दूसरे से लड़ने में लगे हैं।

# तवांग में चीन की रणनीति

**तवांग हमले के पीछे चीन की रणनीति समझने की जरूरत है। समय आ गया है कि भारत साइबर युद्ध में आक्रामक क्षमताओं का विकास करे तथा 'डिजिटल संप्रभुता' पर जोर दे।**



निष्ठा कौशिकी निखिल शर्मा



तवांग टकराव ने चीन के इरादों तथा भावी युद्ध परिदृश्यों पर चर्चा को बढ़ावा दिया है। तवांग टकराव के अनेक कारण हैं। चीन उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर भारतीय व अमेरिकी सेनाओं के 'युद्ध अभ्यास' का मुखर विरोध करता रहा है। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना भी पूर्वी सेक्टर में अभ्यास कर रही है। तवांग क्षेत्र में चीन की आक्रामकता ने भारत के लिए चेतावनी दी है कि वह विवादित क्षेत्र में सैनिक निर्माण तथा हवाई श्रेष्ठता के प्रदर्शन से बचे। हालांकि, चीनी 'सलामी स्लाइसिंग' के खिलाफ विकास टकराव का मुख्य कारण है, पर चीन के इस टकराव के पीछे कुछ अन्य लक्ष्य भी हैं। चीन में घरेलू स्तर पर इस कदम को शी जिनपिंग सरकार द्वारा जनता का ध्यान बंटाने के प्रयास की तरह देखा जा रहा है जो तियनमान की तरह जनता के विरोध प्रदर्शनों से उभरा था। कम्युनिस्ट सरकार कोविड संबंधी नियंत्रणों के अलोकप्रिय निर्णयों के कारण जनता के निशाने पर है। वह राष्ट्रवादी लफ्फाजी से जनता का ध्यान महत्वपूर्ण मुद्दों से हटाना चाहती है और गलवान घटना के साथ ही चीन की आक्रामकता इसमें योगदान करती है। चीन कोरोना वायरस के जन्मदाता तथा इसके खराब प्रबंधन के कारण देश-दुनिया में भारी विरोध का सामना कर रहा है।

क्षेत्रीय स्तर पर तवांग में आक्रामकता गलवान में झड़प से अलग है। गलवान ज्यादा रणनीतिक व आपरेशनल कार्रवाई थी। यह डेपसांग मैदानों में ज्यादा बड़ी सैनिक तैयारी तथा चीन द्वारा फिंगर क्षेत्रों पर कब्जे से स्पष्ट है। इसके उलट तवांग सेक्टर में झड़प के बाद चीनी सैनिक कार्पर्स कमांडर स्तरीय बैठक के बाद फौरन पीछे हट गए, जिससे स्पष्ट है कि यह टैक्टिकल कदम था। यह छिपे लक्ष्यों से ध्यान भटकाने वाली रणनीति थी। तवांग में पीएलए का उद्देश्य कब्जा करना नहीं, बल्कि एक शक्ति प्रदर्शन तथा विभिन्न मौसमी परिस्थितियों में भारतीय तैयारियों का आंकलन था। इस टकराव से बीजिंग अपने सैनिकों को ऊंचाई पर युद्ध के लिए तैयार करना चाहता था। आधुनिक इतिहास में पीएलए का बड़ी सैनिक कार्रवाइयों में परीक्षण नहीं हुआ है। इसका अर्थ है कि पहाड़ों में लंबे समय तक युद्ध के लिए उसके पास नियोजन व आपरेशनल रणनीतियों की कमी है। उसकी सेना को दशकों से युद्ध का अनुभव नहीं है और उसकी वर्तमान क्षमताओं व सांगठनिक ढांचों की परीक्षा नहीं हुई है। इस दृष्टिकोण से चीन संभावित युद्ध का 'व्यावहारिक' अनुभव प्राप्त करना चाहता है। शायद चीन अपने सैनिकों को खुले व सीधे युद्ध में न झोंके जिसके नतीजे बड़ी संख्या में हताहत सैनिक हो सकते हैं।

चीन हाइब्रिड युद्ध के माध्यम से भारत की आपरेशनल तैयारी बिगाड़ने का प्रयास कर सकता है। इसके लिए वह पाकिस्तान से गठजोड़ कर 'शैडो बाक्सर' की भूमिका निभा सकता है। पहले वह भारत में कृत्रिम बुद्धि-एआई व दुष्प्रचार अभियान से आंतरिक अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकता है। यदि यह सफल न हो तो वह दूसरे विकल्प के रूप में पाकिस्तान को घाटी में आतंकी हमले बढ़ाने को कह सकता है। इसके साथ ही वह भारत का ध्यान भटकाने के लिए संभावित 'सलामी स्लाइसिंग' व साइबर युद्ध का सहारा ले सकता है। टीटीपी के साथ युद्धविराम समाप्त होने के बाद रावलपिंडी पूरे पाकिस्तान पर शिकंजा कसने के लिए बेताब है जिससे वह घाटी में आतंकी हमले तेज कर सकता है। अपनी सीपीईसी परियोजना की रक्षा तथा भारत की राजनयिक पहुंच की परीक्षा के दुहरे उद्देश्यों से चीन इसमें पाकिस्तान की सहायता कर सकता है। इससे सवाल पैदा होता है कि चीन भारत के खिलाफ किन औजारों का प्रयोग कर सकता है? चीन के पूर्ण सूचना युद्ध संबंधी हालिया घटनाक्रमों पर हमें नजर रखनी होगी। चीन अपनी उत्कृष्ट सूचना तकनीकों व संचार व्यवस्थाओं का प्रयोग युद्ध के पहले आपरेशनल लाभ प्राप्त करने के लिए कर सकता है। चीन ने गैर-नाभिकीय वारहेड के साथ एक हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है जो 4,600 एमपीएच की गति प्राप्त कर सकती है। यह वारहेड ऐसी एलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें पैदा कर सकता है जिनसे 5-8 किलोमीटर के दायरे में दुश्मन की पावरग्रिड व एलेक्ट्रिक व्यवस्थायें बाधित हो सकती हैं। इस प्रकार के उत्कृष्ट तकनीकी हथियारों से पाकिस्तानी आंतकी हमलों के खिलाफ भारत के जवाबी-हमले की क्षमता प्रभावित हो सकती है। किसी भी सेक्टर में हमला करने के पहले बिजली व संचार व्यवस्थाओं में बाधा से अव्यवस्था पैदा हो सकती है। एम्स पर साइबर हमला तवांग टकराव के समय हुआ था। इससे चीन की 'दो मोर्चों पर युद्ध' की रणनीति स्पष्ट होती है जिसमें क्षेत्रीय सीमाओं के साथ डिजिटल आयाम शामिल हैं। एम्स पर व अन्य साइबर हमलों से सिविल व सैनिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ढांचे पर पैदा जोखिम स्पष्ट है। भारत को खासकर सैनिक ढांचे, अस्पतालों व अन्य डेटा सेंटरों की सुरक्षा के बारे में सावधान रहना होगा। संवेदनशील डेटा की चोरी हो सकती है जिसमें हाई-प्रोफाइल रोगियों तथा सेना के सर्वोच्च अधिकारियों का मेडिकल डेटा शामिल है। इस संबंध में ईरानी हैकरों द्वारा इस्राइल की मोसाद खुफिया एजेंसी प्रमुख डेविड बार्निया के व्यक्तिगत फोटो व मेडिकल रिकार्डों की हैकिंग एक उदाहरण है।

इसलिए भारत सरकार को परंपरागत व गैर-परंपरागत हमलों के लिए तैयार रहना चाहिए। एलएसी पर हालिया घटनाओं के बाद भारत सरकार ने एलएसी पर 150-500 किलोमीटर रेंज वाली 'प्रलय' टैक्टिकल मिसाइलें तैनात करने की घोषणा की है। ये मिसाइलें छोटे स्तर पर युद्ध के खिलाफ प्रभावी प्रतिरोधक की भूमिका निभा सकती हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन किए बिना 'आत्मरक्षा' के उद्देश्य से चीन-पाक की ओर से किए जाने वाले उल्लंघनों व सैनिक तैयारी को दंड देने की क्षमता है। यह कदम अत्यधिक प्रशंसनीय है। इसके साथ ही सरकार को देश में दुहरे-प्रयोग वाले ढांचे को भी बढ़ावा देना चाहिए जो देश की सैनिक प्रतिक्रिया मजबूत करेगा तथा टकराव के समय लक्षित क्षेत्रों में सेना की सहायता करेगा। चीन का सैनिक मुकाबला करने की दिशा में फ्रंटियर हाईवे की योजना एक कदम आगे की रणनीति है। हालांकि, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। अमेरिका की तरह एक 'नेशनल इंटेलीजेंस रिजर्व कार्पस' बनाने की आवश्यकता है जो आपातकाल में बुलाया जा सकता है तथा अल्पकालीन रूप से अतिरिक्त सहायता दे सकता है। इसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक क्षेत्र या सिविल सोसाइटी के उच्च तकनीक क्षमता से लैस लोगों को शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही एनएससीएस में एक रणनीतिक तकनीकी समूह को स्थापित किया जा सकता है जो विशिष्ट रूप से नई व विध्वंसक तकनीकों का विकास करने के साथ ही विभिन्न पक्षों, जैसे पुलिस व सशस्त्र बलों से मिल कर समन्वय स्थापित कर सकता है। इन कदमों से अंतर-एजेंसी सहयोग तथा सिविल-सेना फ्यूज़न पैदा होगा जो रक्षात्मक व आक्रामक क्षमताओं को तकनीकी उत्कृष्टता प्रदान करेगा।

इसके साथ ही, अब समय आ गया है कि भारत साइबर युद्ध में आक्रामक क्षमताओं का विकास कर 'डिजिटल संप्रभुता' की अवधारणा विकसित करे। सशस्त्र बलों के लिए क्वांटम संचार उपग्रहों व व्यवस्थाओं का विकास होना चाहिए जो व्यवस्थाओं तथा रणनीतिक नेटवर्क को किसी प्रकार की हैकिंग से बचाएंगी। ये प्रतिरोधक क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देंगी। यह तकनीक सुरक्षित संचार चैनलों के विकास में अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिनका प्रयोग सेना युद्ध के समय करेगी। ऐसी तकनीकों से सचमुच हमेशा 'बुद्ध मुस्कराते रहेंगे।' पाकिस्तान व चीन की घरेलू स्तर पर कमजोरियों का लाभ उठाने तथा उनकी आपरेशनल एकजुटता को रोकने के लिए बहुआयामी प्रभावी रणनीतियों का क्रियान्वयन व विकास जरूरी है। रणनीतिक स्तर पर भारत को वर्तमान बहुआयामी ढांचों में सुधार पर आक्रामक रूप से जोर देना चाहिए ताकि विश्व व्यवस्था में असमान सत्ता गत्यात्मकताओं का मुकाबला किया जा सके क्योंकि बड़ी शक्तियां विदेशी व सुरक्षा नीतियों में दुहरे मानक अपनाती हैं।

# आर्थिक महायज्ञ में जुटा एक योगी



राज बहादुर सिंह
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

योगी आदित्यनाथ की छवि एक राजनीतिक पुंज की मानी जाती रही और पांच साल सरकार चलाकर फिर दो तिहाई बहुमत से उत्तर प्रदेश की सत्ता पर आसीन होकर गोरक्ष पीठाधीश्वर ने इस पर मुहर भी लगाई लेकिन हालिया मुंबई प्रवास ने उनकी छवि में कुछ और जोड़ दिया है। अब आदित्यनाथ एक ऐसे योगी बन गए हैं जिन्हें 'राजनीति' से ज्यादा अब 'अर्थनीति' की फिक्र है। यह योगी की छवि का एक स्वागत योग्य विस्तार है।

दिल्ली यानि भारत की सत्ता का रास्ता अगर लखनऊ अर्थात उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है वैसे ही भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने का मार्ग देश के सबसे बड़े राज्य (आबादी की दृष्टि से) से होकर ही गुजरेगा और भाजपा के नेतृत्ववाली देश व प्रदेश की सरकारों ने इसे समय रहते न केवल समझ लिया है बल्कि इस दिशा पर अमल भी शुरू कर दिया है। इसकी झलक पिछले दिनों विदेशी भूमि पर देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उनकी काबीना के कई मंत्री ( उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक सहित) व अधिकारी विदेश भ्रमण पर गए थे। न केवल मंत्री वरन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को भी इस मिशन में लगाया गया। अमेरिका व यूरोपीय देशों की इस यात्रा में उत्तर प्रदेश के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने वहां के उद्यमियों से मुलाकात कर उन्हें सूबे में उद्योग धंधों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें इस बात के प्रति आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश की छवि जिन कारणों से उद्योग जगत के लिए प्रतिकूल थी वह अब बीते जमाने की बातें हैं और अब यूपी नए विकासोन्मुखी कलेवर के साथ औद्योगिक जगत का स्वागत करने को तैयार है।

सीएम योगी ने फिल्म जगत के लोगों से उत्तर प्रदेश में शूटिंग सहित अन्य फिल्मी गतिविधियों को बढ़ाने का आह्वान किया और खासकर उन्हें नोएडा की फ़िल्म सिटी को गुलजार करने को कहा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में फ़िल्म निर्माण की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह के इंसेंटिव का भी ऐलान किया। योगी की इस पहल ने भाजपा विरोधियों को विचलित भी किया और पहली व त्वरित प्रतिक्रिया शिवसेना की ओर से आई। शिवसेना के बड़बोले प्रवक्ता संजय राउत ने बिलबिलाते हुए कहा कि क्या अमिताभ बच्चन व माधुरी दीक्षित जैसी फिल्मी हस्तियां मुंबई छोड़ कर नोएडा में जाकर रहने लगेंगी? क्या मुंबई से फ़िल्म निर्माण में शीर्ष होने का तमगा कोई और शहर ले लेगा? संजय राउत की प्रतिक्रिया में उनकी असुरक्षा साफ नजर आती है। उन्हें शायद यह भान नहीं रहा कि जीवन हो संसार। यह परिवर्तनशील है। क्या यह सच नहीं है कि मुंबई से पहले कोलकाता हिंदी फिल्मों के निर्माण का भी मुख्य केंद्र था लेकिन देखते देखते हालात बदलते गए और कोलकाता हिंदी फिल्म निर्माण के प्रमुख केंद्र से हटता गया और इसका स्थान मुंबई लेता गया और विगत 70-80 सालों में मुंबई का फिल्मी सफर कैसे आगे बढ़ा यह अब इतिहास के पन्नों में दर्ज है। ऐसे में आने वाले समय में क्या होगा यह अनिश्चित है और इस बारे में निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।




उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में 10 फरवरी से तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कियाह्न जा रहा है और मंत्रियों व अधिकारियों का विदेश भ्रमण व सीएम योगी आदित्यनाथ का मुंबई प्रवास तीन दिवसीय मेगा इवेंट को सफल बनाने की कवायद का पूर्वाभ्यास ही है। योगी ने मुंबई प्रवास के दौरान न केवल उद्योग जगत के शीर्ष लोगों से मुलाकात की वरन फिल्मी हस्तियों से भी संवाद किया। सीएम ने विभिन्न उद्योगपतियों से अलग अलग भी मुलाकात की और उनसे विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की। उद्योगपतियों के इस जमावड़े में अंबानी, अडाणी,बिड़ला सहित अन्य दिग्गज उद्योग घरानों के शीर्ष कर्ता धर्ता शामिल थे।

लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुंबई प्रवास ने केवल शिवसेना को विचलित किया हो, ऐसा नहीं है। शिवसेना के साथ गलबहियां करने वाली कांग्रेस की बदहवासी भी उभर कर सामने आ गयी। कांग्रेस के पूर्व राज्य सभा सदस्य हुसैन दलवई ने योगी आदित्यनाथ के पहनावे पर अनावश्यक, अवांछित, अनर्गल टिप्पणी करते हुए भगवा कपड़े व हिंदुत्व पर अपनी कुंठा प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे वस्त्र पहनने व धर्म से उद्योग नहीं आता और उसके लिए मॉडर्न होना पड़ता है। जाहिर है कि दलवई का बयान कुछ और नहीं बल्कि उनकी सियासी जिहालत ही है जिसे खुद कांग्रेस को आगे आकर खारिज करना चाहिए लेकिन शायद कांग्रेस अब उस दौर से आगे निकल चुकी है जब वह राजनीतिक शिष्टाचार में विश्वास करती थी। ऐसे में उससे यह अपेक्षा करना कि वह अपने पूर्व राज्यसभा सदस्य के बयान की निंदा करेगी केवल दिवा स्वप्न ही हो सकता है।

उत्तर प्रदेश को आर्थिक व औद्योगिक दृष्टि से सशक्त बनाने का सीएम योगी का लक्ष्य और इसके लिए किए जाने वाला परिश्रम उन्हें अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों से अलग दिखाता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पांच साल सत्ता संचालन का अवसर मिला था लेकिन उन्होंने इस दौरान प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए कोई ऐसा प्रयास नहीं किया जिसका उल्लेख किया जा सके। उनका सारा ध्यान लैपटॉप व टैबलेट बांट कर अगला चुनाव जीतने पर ही केंद्रित रहा लेकिन अगला क्या वह लगातार दो विधानसभा व दो लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। अखिलेश से पहले मायावती ने पांच साल बहुमत की सरकार चलाई लेकिन उनसे यह आशा करना ही फिजूल था कि वह प्रदेश के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कोई कारगर कोशिश करेंगी। उनके लिए आर्थिक सुदृढ़ीकरण का क्या मतलब था यह किसी से छिपा नहीं है।

किसी राज्य के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने के प्रयास कोई चंद हफ्तों में फलीभूत नहीं होते। इसमें वक्त लगता है वह भी जब सभी प्रोजेक्ट्स की सतत व सघन मॉनिटरिंग की जाए। और योगी सरकार से यही आशा की जानी चाहिए कि देश-विदेश से निवेश संबंधी जो प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को मिले हैं उनका क्रियान्वयन पूरी ईमानदारी व कर्मठता से किया जाए। यह कोई आसान लक्ष्य नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व को इस संबंध में नौकरशाही का पूरा सहयोग भी चाहिए। जिस समर्पण की अपेक्षा राजनीतिक नेतृत्व से होती है वैसी ही अपेक्षा अफसरशाही से भी होगी तभी वांछित परिणाम मिल सकेंगे। आम जनमानस को उम्मीद है कि जिस मेहनत व समर्पण के साथ योगी प्रदेश के आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ रहे हैं वह यथाशीघ्र धरातल पर फलीभूत होगा।

## आप की बात

### अवैध कब्जे

**इन** दिनों शाहीन बाग की तर्ज पर उत्तराखंड, हल्द्वानी में महिलाओं एवं पुरुषों का हजारों की संख्या में जमावड़ा इकट्ठा हो गया है कारण हाईकोर्ट ने यहां एक क्षेत्र में रेलवे विभाग की जमीन पर जनता द्वारा अतिक्रमण करने पर उस अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करने की बात कही है। यहां पर जिन्होंने अतिक्रमण किया है वह पिछले 20-25 सालों से बकायदा वहां पर मकान बनाकर रहे हैं, जो कि बकायदा कानूनी ढंग से हर तरह का टैक्स आदि भी देते हुए रह रहे हैं तथा यह फैसला जो आज आया है वह भी कानूनी अदालत में काफी समय पहले से चल रहा था। हालांकि, अब सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय का निर्णय खारिज कर दिया है। लेकिन यह सवाल उठता है कि आखिर न केवल हल्द्वानी, बल्कि देश में इस प्रकार सरकारी व निजी जमीनों पर अवैध कब्जे स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण होते रहते हैं जिनका खामियाजा कुछ निरपराध लोगों को भुगतना पड़ता है। वैसे सभी राजनीतिक दलों को सरकारी जमीनों या निजी जमीनों पर अवैध कब्जों की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के प्रयास करने चाहिए, क्योंकि इससे औद्योगीकरण व विकास के लिए जमीन मिलना काफी कठिन हो सकता है।

– **एम एम राजावत,** शाजापुर

### मोटे अनाजों का महत्व

**प्रधानमंत्री** द्वारा वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जाना एक सराहनीय पहल हैं। मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भारत की ओर से पेश एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है। जिसके तहत वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। इस प्रस्ताव का 70 से अधिक देशों ने समर्थन किया। भारत सरकार मोटे अनाजों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। मिलेट्स दुनिया के सबसे पुराने उगाए जाने वाले अनाजों में से हैं और हजारों वर्षों से अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया में उगाए जाते हैं। भारत में सबसे पुराने यजुर्वेद ग्रंथों में इनका उल्लेख किया गया है। पचास वर्ष पहले तक भारत में मिलेट्स जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी आदि प्रमुख अनाज थे। लेकिन समय के साथ इनका महत्व खो गया जिस कारण इनकी खेती में भी कमी आई और साथ हीए किसानों की फसल के लिए बाजार भी घटे। इन अनाजों के प्रमाण सबसे पहले सिंधु सभ्यता में पाए गए और ये भोजन के लिये उगाए गए पहले पौधों में से थे। विश्व में भारत बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक है। मोटे अनाजों को प्रोत्साहन देने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

– **शिवानी सिंह,** लखनऊ

### विद्या भारती का योगदान

**कांग्रेस** सहित पूरा विपक्ष विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तरह तरह के आरोप लगाता रहता है। परंतु वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत ही। शिक्षा के क्षेत्र में संघ द्वारा बनाये गए संग़ठन विद्या भारती लगातार समाज के लिये कार्य कर रहा है। विद्या भारती के विद्यालय शिशु मंदिर व विद्या मंदिर के नाम से देश भर में प्रचलित हैं। जिनमे बड़ी संख्या में मुस्लिम बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। अभी पत्रकारों से बातचीत करते समय मुस्लिम अविभावकों ने बताया कि विद्या भारती द्वारा चलित शिशु मंदिर व विद्या मंदिर हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार भी देता है। जहाँगीर अंसारी कहते हैं कि उनके बच्चे घर पर आने वालों को बड़ा आदर सम्मान करते हैं, उनके व्यवहार से अन्य लोग भी बहुत प्रभावित है। हमारी लड़कियां निडर होकर विद्यालय जाती है। देशभर में विद्या भारती के 12 हजार स्कूलों में 34 लाख से अधिक बच्चे शिक्षा लेते हैं। जिनमें से 40 हजार से अधिक मुस्लिम बच्चे इन विद्यालयों में पढ़ते हैं। विद्या भारती का योगदान प्रशंसनीय है।

– **ललित शंकर,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राजस्थान** में महिला-विरोधी अपराध बढ़ रहे हैं, पर प्रियंका गांधी वहां नहीं दिखाई पड़ती हैं।

– **अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय सूचना मंत्री

**एजेंसी** ने चीनी अधिकारियों से कोविड-19 मुद्दे के बारे में ज्यादा सूचनायें देने को कहा है, हालांकि वैश्विक महामारी घट रही है।

– **टेड्रोस अधनान गैब्रेसियस**
डब्लूएचओ महानिदेशक





**दु:ख** की बात है कि भाजपा की राजनीति गृह मंत्रालय पर हावी हो रही है।

– **महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी अध्यक्ष

# गांव व गरीबों के द्वार तक पहुंच रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की प्रदेश की योगी सरकार गांव व गरीबों के द्वार तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकात है कि जनसमस्याओं को प्राथमिक रूप से निस्तारण किया जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में इन चौपालों में विवादों के निस्तारण तो हो ही रहे हैं, साथ ही कृषि, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने में मदद मिल रही है और चौपालों में बहुत उत्साह दिख रहा हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह बात शुक्रवार को ग्राम सिधियांवा, विकास खण्ड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी में विकास कार्यो के अंतर्गत नवनिर्मित पंचायत भवन उदघाटन अवसर पर कही। पंचायत भवन के उद्घाटन के उपरांत ग्राम चौपाल आयोजित किया। चौपाल के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम सिंधिया वासी बरसों पुराना नाता है। गांव की समस्याए गांव में समाधान के अंतर्गत चौपाल का आयोजन किया गया है। जनता के द्वार पर ही सरकार द्वारा समस्याओं का समाधान करने के लिए यह चौपाल आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम का विकास होगा तभी जनपद का विकास संभव है। उन्होंने नवनिर्मित पंचायत भवन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंचायत भवन किसी सर्किट हाउस से कम नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों की हितेषी है जो सबका साथ.सबका विकास.सबका विश्वास मूलमंत्र को लेकर सभी के सुख समृद्धि विकास के साथ ही प्रदेश का चौमुखी विकास की ओर बढ़ रही है। गांव की समस्या का.गांव में ही समाधान होए इसलिए गांवए गरीब के द्वार पर सरकार चल कर जा रही हैएइसी कड़ी में आज यहां ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है।

राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने कहा कि जनपद बाराबंकी के आवास योजना हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सड़क योजना अंतर्गत उच्च स्तर का कार्य किया जा रहा है। पंचायत भवनए अमृत सरोवरए मनरेगा पार्क के निर्माण कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों में किसान सम्मान निधि आज किसानों के खाते में सीधी पहुंच जाती हैए किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि राशन वितरण में भी पूरी तरह से पारदर्शिता अपनाया जाता है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावतए विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, जिला अधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# परिवहन निगम के हजारों संविदा कर्मियों को नए साल का तोहफा, वेतन में 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने राज्य सड़क परिवहन निगम के हजारों संविदा कर्मचारियों को नए साल का तोहफा देते हुए उनके वेतन में दस फीसदी की बढ़ोत्तरी किए जाने का निर्णय लिया है। इस लाभ निगम के 22 हजार कर्मचारियों को मिलेगा।

संविदा चालकों-परिचालकों के पारिश्रमिक दर पुनरीक्षित करते हुए 1.59 रुपए प्रति किमी. की दर की जगह अब 1.75 रुपए प्रति किमी. की दर से भुगतान किया जाएगा। यह भुगतान चालकों एवं परिचालकों को पहली जनवरी 2023 से अनुमन्य होंगे। यह बढ़ोत्तरी संविदा चालकों-परिचालकों को देय पारिश्रमिक राशि (बेसिक) में की गई हैं। अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। इस बढ़ोत्तरी से परिवहन निगम में आ रही चालकों-परिचालकों की कमी की समस्या भी दूर होगी। नोएडा क्षेत्र के नगरीय सेवाओं, नोएडा क्षेत्र की ग्रामीण सेवाओं एवं एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत कौशाम्बीख साहिबाबाद एवं लोनी डिपो, ग्रामीण सेवाओं, गोरखपुर क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकटस्थ सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज डिपो एवं उपनगरीय सेवाओं के लिए पूर्व की भांति 2.18 रुपए प्रति किमी. की दर से भुगतान किया जाएगा। उक्त क्षेत्रों में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

पुनरीक्षित वेतनमान से नोएडा, एनसीआर, गोरखपुर क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकटस्थ डिपो एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत संविदा चालकों-परिचालकों के वेतनमान अंतर में कमी आने से नोएडा, एनसीआर क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य डिपो में भी कार्य करने के इच्छुक चालक, परिचालक की संख्या में बृद्धि होगी। यह निर्णय अन्य क्षेत्रों में स्थित डिपो में चालकों-परिचालकों की कमी की समस्या हल होने में भी मददगार होगा। उक्त वृद्धि से लगभग 22000 संविदा चालक परिचालक लाभान्वित होंगे।

# ब्रज के गुमनाम धार्मिक तीर्थ स्थलों को जीवंत करने में जुटी योगी सरकार

**● ओपन थिएटर, फिल्म केंद्र और फूड कोर्ट भी किया गया विकसित**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि को राज्य में एक प्रमुख तीर्थ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में गुमनामी के अंधेरों में कहीं खो से चुके ब्रज के धार्मिक तीर्थ स्थलों को यूपी सरकार फिर से जीवंत करने में लगी हुई है। इसके लिए तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही हैं।

काशी और अयोध्या की तरह ही मथुरा में भी पग.पग पर तीर्थ स्थल पाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जिनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है इनमें से ही एक ताज बीबी और रसखान का समाधि स्थल है। यह दोनों ही भगवान श्री कृष्ण के ऐसे अनन्य भक्तों में से एक हैंए जो मुस्लिम समुदाय से होते हुए भी भगवान श्रीकृष्ण को मानते हैं। भगवान श्री कृष्ण के इन दोनों मुस्लिम भक्तों के समाधि स्थल काफी पुराने और खंडहर में तब्दील हो रहे थे। जिसका जीर्णोद्धार उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा कराया गया।

**जीर्णोद्धार में 10 करोड़ की लागत:** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि इस स्थान का लगभग 10 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया है। परिसर में एक ओपन थिएटरए फिल्म केंद्र और एक फूड कोर्ट बनाया गया है। यहां बने इस ओपन थिएटर में करीब 500 लोग एक साथ बैठ सकते हैं। इस ओपन थिएटर में रसखान और ताज बीबी के जीवन और कार्यों पर शो आयोजित किए जाते हैं।

**पर्यटकों की संख्या में इजाफा:** पंकज वर्मा ने बताया कि ताज बीबी और रसखान समाधि का जीर्णोद्धार होने के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इस परिसर में प्रतिदिन लगभग 2000.3000 पर्यटक आते हैं। वैसे तो उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद द्वारा मथुरा.वृंदावन क्षेत्र में विकसित होने वाले कई स्थान हैं। लेकिन जब सीएम योगी को मकबरा परिसर का प्रस्ताव भेजा गयाए तो सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा तुरंत धनराशि जारी कर दी गई।

# यूपी दिवस-2023 को भव्य रूप से मनाने के मुख्य सचिव ने सभी विभागों को दिए निर्देश

## विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक जिलों को उपलब्ध कराई जाएगी तीन लाख रुपए की धनराशि

**● आयोजन के लिए जिले में डीएम की अध्यक्षता में गठित होगी कमेटी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 24 जनवरी से 26 जनवरी की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2023 को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस 24 जनवरी को वर्तमान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय आयोजन के रूप में मनाया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश के समस्त विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी इस अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजन किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक जनपद को संस्कृति विभाग द्वारा तीन लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस सम्बंध में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि खादी एवं ग्रामोद्योग-एमएसएमई एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओडीओपी के स्टाल लगाकर उत्पादों का विक्रय एवं प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रत्येक जिले में तीन दिवसीय केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिसमें सूचना, पर्यटन, एमएसएमई, खादी ग्रामोद्योग, संस्कृति तथा शिक्षा विभाग के साथ अन्य विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देशों में यह भी कहा है कि इस अवसर पर सूचना विभाग द्वारा वर्तमान सरकार की उपलब्धियों से सम्बंधित योजनाओं तथा कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाए, जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच सके। खेल विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर के खेलों जैसे-खो-खो, कबड्डी, शूटिंग बॉल, बालीबाल, बाल क्रिकेट, टेनिस, दौड़, बाधा दौड़ आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कराते हुए खेलों का प्रदर्शन कराया जाए। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा खेल से सम्बंधित विभिन्न पुरस्कारों का वितरण भी किया जाए।

उत्तर प्रदेश दिवस-2023 का आयोजन कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाए। राज्य सरकार की योजनाओं से सम्बंधित सभी विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित करते हुए प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार द्वारा उत्तर प्रदेश की यात्रा से सम्बंधित संकलित अभिलेखों की प्रदर्शनी का आयोजन सभी कार्यक्रम स्थलों पर किया जाय। इसका उद्देश्य नवीन पीढ़ी को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की जानकारी उपलब्ध कराना है। मुख्य सचिव ने अपने निर्देशों में यह भी कहा है कि 25 जनवरी 2023 को सभी कार्यक्रम स्थलों पर राज्य स्तरीय चित्रकला, भाषण, रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए, जिनको फरवरी माह में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से जोड़ा जा सके।

इस मौके पर उन महानुभावों को चिन्हित किया जाए जिन्होंने प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये हैं। ऐसे महानुभावों को कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित करके सम्मानित किया जाए। अवध शिल्पग्राम लखनऊ में वृहद आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसमें सभी विभागों की सहभागिता ली जाए। राज्य सरकार की संचालित योजनाओं-परियोजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी जाए तथा हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाए। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्त जनपदों मे आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए तथा उस नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का विवरण एवं फ ोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश में यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश दिवस-2023 को भव्यपूर्ण ढंग से मनाया जाए। इन सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश दिवस के समस्त कार्यक्रमों को सफ लतापूर्वक सम्पन्न कराया जाए।

# रालोद 9 को सीएम को भेजेगा किसान संदेश अभियान पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चलाये जा रहे किसान संदेश अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान भाई अपनी आवाज को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 9 जनवरी को किसान संदेश अभियान के प्रथम चरण में पूरे प्रदेश भर से जिला मुख्यालयों के माध्यम से 50000 से भी अधिक किसान एक साथ किसान संदेश अभियान पत्र को मुख्यमंत्री को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। शुक्रवार को एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि अभी तक पूरे प्रदेश से लगभग 20000 हजार किसानों ने इस अभियान में हिस्सा लेकर गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित कराने के लिए स्वयं के हस्ताक्षर युक्त किसान संदेश पत्र सूबे के मुख्यमंत्री को प्रेषित कर चुके हैं।

# विकास की दौड़ में अन्य राज्यों से पिछड़ गया यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विकास की दौड़ में अन्य सभी राज्यों से उत्तर प्रदेश पिछड़ गया है। बाहर से पूंजीनिवेश नहीं आने से रोजगार का सृजन नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार फिर भी ऐसे सब्जबाग दिखा रही है कि जनता की आंखे चौंधिया रही है।

अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुम्बई प्रवास के एक दिन में ही 5 लाख करोड़ का निवेश आने का एलान कर दिया है। अच्छा होता मुंबई में रोड-शो करने से पहले भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में बंद हो रहे उद्योगों एवं कारोबार की दुर्दशा जाने। बड़े पूंजीपतियों को बढ़ावा देना तथा मध्यम एवं लघु उद्योग और छोटे व्यापारियों को खत्म करना भाजपा की घातक नीति है जिसके कारण लोगों का काम चौपट हुआ है और बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जता दिया है कि प्रधानमंत्री का देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का सपना यूपी से होकर ही पूरा होगा। उत्तर प्रदेश सरकार का इरादा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है। छह साल हो रहे हैं भाजपा सरकार अभी तक इस लक्ष्य को पाने के लिए सलाहकारों को ही ढूंढ़ रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि पूंजीनिवेश के नाम पर भाजपा अब तक जबानी जमा खर्च की कहानी ही दोहराता रही है। पिछले निवेशक सम्मेलनों का यथार्थ में कोई नतीजा नहीं निकला है। एमओयू के हस्ताक्षर होने के कई समारोह हुए पर एक भी एमओयू को जमीन पर उतरते नहीं देखा गया। बारम्बार मांग के बावजूद भाजपा सरकार अब तक पूंजीनिवेश का रिपोर्ट कार्ड देने से कतराती रही है ओर कहने के बावजूद श्वेतपत्र भी नहीं जारी कर रही है।

अखिलेश ने कहा कि यदि पूंजीनिवेश सम्बंधी मुख्यमंत्री के दावे सही हैं तो यह बताने में क्या हिचक है कि अब तक कितने उद्योग कहां लगे है और उनसे कितना रोजगार सृजन हुआ है। भाजपा सरकार रोजगार के अपने दावों को अगर झूठा नहीं सच मानती है तो उसे किस उद्योग में कितनों को रोजगार मिला इसका पूरा ब्यौरा प्रकाशित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि प्रदेशवासियों के लिए भाजपा स्वयं एक समस्या है। भाजपा के जाने से ही इसका समाधान होगा। प्रदेषवासियों में विशेषकर युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है और बहुत जल्द परिवर्तन की लहर में भाजपा का तानाबाना बिखर जाने वाला है।

# जेल में मौत के मामले की जानकारी करने ललितपुर जाएगा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** ललितपुर में जेल में निरुद्ध राजभान की हुई मृत्यु सम्बन्धी घटना में वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी जी के निर्देश पर कांग्रेस का एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वहां जाएगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल रिछारिया, राहुल राय तथा सचिव मनीराम कुशवाहा, जिला कांग्रेस कमेटी ललितपुर के अध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बहादुर अहिरवार शामिल रहेंगे। जो घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात कर स्थानीय प्रशासन से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने एवं परिवार को उचित न्याय दिलाने की मांग करेंगे।

# नेपाल से भारी मात्रा में लाई गई चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अन्तरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक तस्कर को10. 750 किग्रा चरस के साथ लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसटीएफ के मुताबिक बरामद चरस की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में तकरीबन ढाई करोड़ रुपए है।

एसटीएफ लगातार मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। तस्करों के संबंध में छानबीन के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेपाल राष्ट्र से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर लखनऊ होते हुए भोपाल (मध्य प्रदेश) जाएगा। इस सूचना पर एसटीएफ ने बीबीडी थाना क्षेत्र के क्राउनमाल पहुंचकर अभियुक्त विजय साहू निवासी लालगढ़, बेतिया, पश्चिमी चंपारण को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर ने संक्षिप्त पूछताछ पर बताया कि यह चरस मरजदवां, चम्पारण निवासी मजीद द्वारा नेपाल से मंगाया जाता है। मैं वहां से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व मध्य प्रदेश में इसकी सप्लाई का कार्य करता हूं। वह यह कार्य तीन-चार वर्षो से कर रहा हूं। इस बार यह चरस भोपाल में किसी व्यक्ति को देना था जिसका नाम वहां पहुंचने पर मजीद द्वारा बताया जाता। साथ ही यह भी बताया कि नेपाल से चरस की गुणवत्ता के अनुसार 75 हजार से एक लाख तक की रेट से खरीदकर भारत में 1.25 लाख से अधिक रेट तक इसे बेचता है। कभी कभी नए ग्राहक मिलने पर डेढ़ लाख रुपए प्रति किग्रा की दर तक भी बेचता है।

# व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 21 जनवरी को 'रन फार जी-20' का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के संबंध में उत्तर प्रदेश में विभिन्न तिथियों में कुल 11 बैठकों का आयोजन लखनऊ, आगरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा में होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जी-20 की बैठकों के लिए चयनित जनपदों में जी-20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 21 जनवरी 2023 को रन फार जी-20 का आयोजन किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने लखनऊ, वाराणसी, आगरा एवं मेरठ के मण्डलायुक्त तथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा एवं गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारियों, लखनऊ, वाराणसी एवं आगरा के नगर आयुक्त एवं ग्रेटर नोयडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि जी-20 का आयोजन इन नगरों के एक अथवा एक से अधिक स्थानों पर भी आयोजित किया जा सकता है। आयोजन अलग-अलग श्रेणियों में जैसे कि महिला, पुरुष, छात्र, व्यवसायी, मीडिया आदि तथा अलग-अलग दूरी जैसे कि 1000 मीटर, 2000 मीटर अथवा अधिक दूरी पर भी किया जा सकता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की प्रतिभागिता होनी चाहिए। यह कार्यक्रम एक या अधिक व्यक्तियों व कम्पनियों की स्पांसरशिप से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप इत्यादिए जिस पर जी-20 एवं स्वच्छ यूपी का लोगो-चिन्ह अंकित हो, के साथ-साथ प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र इत्यादि भी प्रदान किया जाए। कार्यक्रम में सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि का पूर्व आकलन कर लिया जाए तथा त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था तथा दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में मेडिकल व्यवस्था, एम्बुलेंस इत्यादि का पूर्व से आंकलन कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम को भारत अभियान से जोड़ते हुए साफ-सफाई तथा सुन्दरीकरण के अभियान चलाए जाएं। कार्यक्रम के उपरान्त साफ-सफॉई की समुचित व्यवस्था की जाए।

# गैंगेस्टर एक्ट में निर्धारित व्यवस्था का सही ढंग से पालन न होने पर डीजीपी ने जताई नाराजगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली-2021 द्वारा निर्धारित व्यवस्था का जिला स्तर पर पुलिस द्वारा अनुपालन न किए जाने पर डीजीपी डॉ डीएस चौहान ने सख्त नाराजगी जताई है। ऐसे ही एक मामले में पिछले साल नवंबर महीने में सुनवाई के दौरान गैंग चार्ट में अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का उल्लेख न किए जाने पर उच्च न्यायालय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई थी। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया है कि इस नियमावली में अंकित समस्त नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। डीजीपी ने जारी निर्देशों में हा है कि शिवकुमार पाल शासकीय अधिवक्ता, उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 30 नवंबर 2022 को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष क्रिमिनल मिस बेल संबंधित जनपद शाहजहांपुर तथा क्रिमनिल मिस बेल संबंधित प्रयागराज में सुनवाई के दौरान गैंग चार्ट में अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का उल्लेख न किए जाने पर उच्च न्यायालय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

# 34756 स्थानों पर छापेमारी 105628 ली. अवैध शराब बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि क्रिसमस एवं नववर्ष के दृष्टिगत बीती 21 दिसंबर से पांच जनवरी 2023 तक अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान में अवैध शराब के विरुद्ध निरन्तर छापेमारी के लिए राजस्व प्रशासन पुलिस तथा आबकारी की संयुक्त टीमें गठित की गई। अभियान में जीएसटी व परिवहन विभाग का भी सहयोग लिया गया।

उनके द्वारा यह भी बताया गया कि अभियान के दौरान कुल 34756 स्थानों पर छापेमारी की गई। इन छापों में विभाग द्वारा 4173 मुकदमे दर्ज किए। जिसके अन्तर्गत लगभग 1.06 लाख बल्क लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गई। अवैध शराब के कारोबार में संलग्न 1403 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के साथ-साथ आईपीसी की धाराओं में कठोर कार्रवाई कराई गई। अभियान में लगभग 280128. 97 किलोग्रम महुआ लहन की बरामदगी की गई। जिसे मौके पर नष्ट किया गया, साथ ही शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए तथा कई भट्ठियां मौके पर तोड़ी गई। अभियान के दौरान तस्करी के प्रयोग में लाए गए 15 वाहन भी जब्त किए गए।

आबकारी आयुक्त द्वारा बताया गया कि आबकारी की टीमें लगातार दुकानों की गहन चेकिंग कर रही है। मदिरा की गुणवत्ता के साथ छेड़छाड़ करने वाले तथा राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अनुज्ञापी तथा विक्रेता को बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके द्वारा यह बताया गया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, तस्करी के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# खेलों में निजी निवेश को दिया जायेगा बढ़ावा: डॉ. नवनीत सहगल

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनामी बनाने में खेल एव युवा कल्याण विभाग प्रबल सहभागिता निभाएगा

**● सभी नदियों के किनारे निजी क्षेत्र के सहयोग से वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित की जाएंगी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन की इकोनामी में बनाने में खेल एव युवा कल्याण विभाग ने अपनी प्रबल सहभागिता सुनिश्चित करने की तैयारी शुरू कर दी है। आगामी फरवरी माह में लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में खेल एवं युवा कल्याण विभाग भी निवेशकों को आकर्षित करने लिए रणनीति तैयार कर ली है।

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल शुक्रवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक के दौरान यह जानकारी देते हुए अधिकारियों को खेलों में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीपीपी के आधार पर खेल सुविधाएं विकसित कराई जाएं। प्रदेश में स्थापित सभी राजकीय स्टेडियम में कारपोरेट के माध्यम निवेश कराया जाए। खेल एवं खेल सुविधाओं को निजी निवेशकों से जोड़ा जाए, साथ ही प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय खोलने के लिए निजी निवेशकों को आकर्षित किया जाए। उन्होंने कहा प्रदेश की सभी निजी खेल अकादमी को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके साथ ही प्रदेश की सभी नदियों के किनारे निजी क्षेत्र के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित कराई जाएं। इसके अलावा देश एवं विदेश की खेल का सामान बनाने वाली कंपनियों को प्रदेश में स्पोर्ट्स गुड्स मैन्यूफैक्चरिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसी प्रकार युवा कल्याण विभाग के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के सहयोग खेल सुविधाएं बढ़ाये जाने पर जोर दिया जाए और अधिक से अधिक कारपोरेट्स को इससे जोड़ा जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं है।

निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रस्तावित खेल नीति में व्यापक प्राविधान किए गए हैं। खेल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने में विशेष प्रमुखता दी गई है। इसके अलावा राज्य में खेल उपकरण के लिए विनिर्माण क्लस्टर विकसित करने और खेल क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना पर बल दिया गया है।

# अर्जुन हत्याकाण्ड के खुलासे पर मृतक और आरोपी के परिजन उठा रहे सवाल

**संवाददाता।** सीतापुर

● वायरल एक वीडियो ने खुलासे की सच्चाई से उठा दिया पर्दा , पुलिस ने अर्जुन हत्याकाण्ड में दो लोगों को भेजा जेल

● एसपी ने वायरल वीडियो देखने के बाद सीओ सदर को सौंपा मामला

**सीतापुर** जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों से यह दो परिवार न्याय की गुहार लगा रहे हैं। दोनों का मामला एक है, लेकिन एक परिवार हत्या के मामले में जेल में बंद निर्दोष बेटे को छोड़े जाने की गुहार लगा रहा है तो दूसरा परिवार अपने बेटे की हत्या में शामिल असल दोषियों को पकड़कर सजा दिलाने की मांग कर रहा है। पीड़ित इन परिवारों का दावा है कि सीतापुर की कोतवाली देहात पुलिस के हत्या के मामले में फर्जी खुलासे से दो निर्दोष एक साल से सीतापुर जेल में बंद हैं और हत्या के असली गुनाहगार बाहर घूम रहे हैं। पीड़ित यह परिवार साक्ष्य के तौर पर वायरल एक वीडियो को भी लेकर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान को दिखा चुके हैं जिसमें एक युवक दो अन्य साथियों के साथ उस युवक की हत्या करने की बात कह रहे हैं जिस मामले में पुलिस दो लोगों को जेल भेजकर खुलासा करने का दावा कर चुकी है। अब हम आपको बताते हैं कि पूरा मामला क्या है, दरअसल कोतवाली देहात इलाके के परसोहिया के रहने वाले टैक्सी चालक गुड्डू का बेटा अर्जुन 17 नवंबर 2021 को गायब हो गया। 19 नवंबर 2021 को उसका शव जंगल के कुएं में बरामद हुआ। इस मामले में पोस्टमार्टम कराने गए मृतक के चचेरे भाई रामप्रसाद के विरूद्ध हत्या का मुकदमा गुड्डू की ओर से दर्ज करा दिया गया। पुलिस अर्जुन हत्याकाण्ड के खुलासे के लिए परसोहिया के पड़ोसी गांव बम्भनपुरवा के राजू के पूरे परिवार को उठाकर कोतवाली ले आयी, कई दिनों तक हिरासत में रखने के बाद रिश्तेदारी में गये राजू के बेटे श्याम बाबू को भी पुलिस ने थाने बुला लिया और फिर 26 नवंबर को अर्जुन हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए रामप्रसाद और श्यामबाबू को जेल भेज दिया। इसी बीच मृतक अर्जुन के गांव के एक नाबालिग लड़के का वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह अपने दो अन्य साथियों अमित और विजय पर अर्जुन की हत्या करने की बात कह रहा है। इसके बाद बताते हैं कि राज खुल जाने के डर से अमित ने आत्महत्या कर ली और विजय पंजाब भाग गया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद परिजन श्यामबाबू को निर्दोष बताते हुए जेल से रिहा किए जाने की मांग को लेकर एसपी से गुहार लगा रहे हैं। अहम बात तो यह है कि अर्जुन के माता पिता भी पुलिस से मांग कर रहे हैं कि उसके बेटे की हत्या के असली गुनाहगार जेल भेजे जाएं, निर्दोषों को न्याय दिया जाए। इन दोनों परिवारों ने बताया कि अर्जुन की हत्या और श्यामबाबू के हत्यारोपी बनने का कारण 7 हजार रूपया बना, दरअसल बकाया 7 हजार रूपये राजू ने गुड्डू को देने के लिए श्यामबाबू को घर भेजा था।

## जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने लगी नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा

**सीतापुर।** सीतापुर जिला अस्पताल मे डीसीडीसी किडनी केयर द्वारा नि:शुल्क डायलेसिस की सुविधा मरीजों को मिलने लगी है। जहाँ प्राइवेट हॉस्पिटल में एक डायलिसिस का 3 हजार से 3500 रूपये देना पड़ रहा था वही जिला अस्पताल मे डायलेसिस बिलकुल नि:शुल्क की जा रही है। मैनेजर प्रफुल्ल मिश्र ने बताया कि अभी तक डायलेसिस मशीनों की संख्या सामान्य मरीजों के लिए 05 और एचसीवी पॉजिटिव मरीज के लिए 01 मशीन आरक्षित की गयी है। नि:शुल्क डायलेसिस सुविधा का लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या 50 हो चुकी है। एक दिन मे 18 मरीजों की डायलसिस की जा रही है। अभी मरीजों के रजिस्ट्रेशन चल रहे है। जैसे जैसे मरीजो की संख्या बढ़ जाएगी तो डायलिसिस की 04 मशीन और बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीज डायलिसिस रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, डॉक्टर का पर्चा, मरीज की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट, आदि साथ अवश्य लाये।

# शूटिंग ट्रायल में स्नेहा गुप्ता का सेलेक्शन

● ओलंपियन मनु भाकर से मिली पिस्टल शूटिंग की प्रेरणा मिली

**बरेली।** कुंसकैपकालन स्कूल में आठवीं की छात्रा स्नेहा गुप्ता (13 वर्ष) ने इंडियन शूटिंग टीम सेलेक्शन ट्रायल में स्थान हासिल कर उपलब्धि हासिल की है। पिछले दिनों भोपाल में आयोजित 65वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप के दौरान उसका सेलेक्शन दस मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा की अंडर-19 ट्रायल टीम में हुआ। यह जानकारी शूटिंग चौंप्स एकेडमी में शूटिंग कोच मानवेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि ओलंपियन मनु भाकर को देख कर स्नेहा का रुझान शूटिंग के प्रति हुआ। उन्होंने सवा साल हमारी एकेडमी में प्रैक्टिस की और इंडियन शूटिंग सेलेक्शन ट्रायल टीम में स्थान हासिल किया। यह स्नेहा की मेहनत का ही नतीजा है। स्नेहा अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने मम्मी-पापा को देती हैं। वो कहती हैं कि कामनवेल्थ खेलों में मनु भाकर को खेलते देखने का मौका मिला। इसमें मनु ने दस मीटर पिस्टल शूटिंग में दो स्वर्ण पदक जीते थे। उसके बाद टीवी पर मनु को अर्जुन पुरस्कार लेते देखा। अखबारों में उनकी खबर पढ़ी। इसी के बाद मनु की तरह पिस्टल शूटिंग में आगे बढ़ने का फैसला किया। मम्मी-पापा ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया। शूटिंग चौंप्स एकेडमी में शूटिंग के टिप्स हासिल किए। शूटिंग प्रैक्टिस से उनका कांसन्ट्रेशन भी अच्छा हुआ। पढ़ाई में भी इसका फायदा हुआ। मनु भाकर को रोल माडल मानने वाली स्नेहा का सपना मनु की तरह ही शूटिंग में देश के लिए ओलंपिक पदक हासिल करने का है। वो कहती हैं कि दस मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा की अंडर-19 ट्रायल टीम में उनका चयन उनके सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में पहला कदम है।

## राष्ट्रीय हिन्दू संगठन ने सात सूत्री मांगों को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**बरेली।** राष्ट्रीय हिंदू संगठन की जिला अध्यक्ष आभा सक्सेना के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और 5 सूत्री मांगों को लेकर आभा सक्सेना ने मांग की भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जायेव सम्पूर्ण भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून घोषित किया जाये इसके अलावा काशी व मथुरा में भव्य मन्दिर निर्माण करवाया जाये वधर्मातरण व लवजिहाद पर कठोर कानून बनाया जाये एवमकॉमन सिविल कोड लागू किया जाये और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 को रद्द किया जाये। भारत सरकार बहुसंख्यक कल्याण बोर्ड गठन करे। इन मांगो को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू संगठन सदैव अग्रसर रहेगा व जरूरत पड़ने पर कानून का सहयोग करता रहेगा। ज्ञापन देने के दौरान दीपा सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी (उड़ीसा), निवास बरेली, आभा सक्सेना जिलाध्यक्ष, ऋषभ रस्तोगी, जिलाउपाध्यक्ष, राजीव रस्तोगी, जिलामहामंत्री, नीरज अग्रवाल, जिला मिडिया प्रभारी, महेश कश्यप, सदस्य जिला कार्यकारिणी , अरुण कुमार शास्त्री सदस्य जिला कार्यकारिणी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा 12 को मनाएगी यंग इंडिया रन

**संवाददाता।** बरेली

**स्वामी** विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में यंग इंडिया रन कार्यक्रम 12 जनवरी को होने वाली मैराथन दौड़ की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय मंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा पारस गुप्ता ने दी।

क्षेत्रीय मंत्री पारस गुप्ता ने बताया यंग इण्डिया रन कार्यक्रम के निमित दिनांक 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के उपलक्ष्य में यंग इण्डिया रन कार्यक्रम में कम से कम 200 प्रतिभागी भाग लेगे जिसमें विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्पोर्ट्स एकेडमी एवं गांव देहात के वह प्रतिभागी सहभागिता करेंगें जो पुलिस फोर्स, आर्मी एवं पैरा मेलेट्री जो विभिन्न प्रकार के खेलों के जिला एवं प्रदेश स्तर के खिलाड़ी है, प्रभावशाली युवा एवं जो अपने क्षेत्र के यूथ आइकन है एवं समाज में अपने दम पर समाज में विशेष स्थान प्राप्त किया है उनको व्यक्तिगत रूप से मिलकर आमंत्रित किया गया है। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को उचित पुरूस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम 12 जनवरी समय प्रात: 08 बजे स्थान फतेहगंज पश्चिमी बीएसएफ गेट से शुरू होकर अगरास मोड़ से होते हुये फतेहगंज में लगभग 5 किलोमीटर की दौड़कर सम्पन्न होगी। इस कार्यक्रम का शुभ आरम्भ सांसद बरेली संतोष गंगवार के कर कमलो द्वारा होगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, डॉ0 डी सी वर्मा विधायक मीरगंज, डॉ0 एम पी आर्य विधायक नबावगंज, बहोरन लाल मौर्य पूर्व विधायक भोजीपुरा, जिला प्रवासी के रूप में पारस गुप्ता क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा , जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मुकेश राजपूत , सूरज राठौड़ जिला मीडिया प्रभारी, निशांत कंगवा घनश्याम शर्मा देवेंद्र तिवारी , ऋषभ बेनीवाल एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेगें।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**लखीमपुर खीरी।** नवोदय विद्यालय समिति (शिक्षा मंत्रालय) भारत सरकार के अधीनस्थ एक स्वायत्त संस्थान स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा-2023 में पंजीकरण शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। उक्त आशय की जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली के प्राचार्य अजीत कुमार शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 02 जुलाई से कक्षा 06 में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2023 के लिए पंजीकरण एवं अधिक जानकारी हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन करे। पंजीकरण पात्रता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उम्मीदवार जो जिले का बोनाफाइड निवासी हो और शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उसी जिले में सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा-5 में पढ़ रहे है जहां जेएनवी संचालित हो रहा है और जिसमें वे प्रवेश पाना चाहते है। सरकारी/सरकारी मान्यताप्राप्त स्कूल से प्रत्येक पूर्ण शैक्षणिक सत्र में अध्ययन करके कक्षा 03 एवं 04 उत्तीर्ण किया हुआ होना चाहिए तथा 01.05.2011 से 30.04.2013 के बीच जन्म हुआ हो दोनों तारीखें शामिल है।

# जिला कारागार के फाइलेरिया रोगी बंदियों का होगा समुचित इलाज

● फाइलेरिया हाइड्रोसील कैंप लगाकर किए जाएंगे ऑपरेशन

**लखीमपुर खीरी।** फाइलेरिया रोग से ग्रसित बंदियों के लिए अच्छी खबर है। जिला कारागार में निरुद्ध फाइलेरिया रोगी बंदियों को समुचित इलाज का प्रबंध किया गया है। इसके लिए फाइलेरिया विभाग व जेल प्रशासन ने सूचनाएं साझा की है। साझा की गई इन सूचनाओं में जिला कारागार में बंद 41 बंदी फाइलेरिया से ग्रसित हैं और उन्हें हाइड्रोसील के ऑपरेशन की जरूरत है। इसको देखते हुए ज़िला मलेरिया अधिकारी एवं फाइलेरिया निरीक्षक अनस अहमद ने जिला कारागार में फाइलेरिया रोगियों का सर्वे किया है जिला कारागार में बंद फाइलेरिया रोगियों का फाइलेरिया हाइड्रोसील कैंप लगाकर ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही इनको दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया को लेकर जिले में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में जिला कारागार में बंद बंदियों के बारे में जेल प्रशासन से जानकारी ली गई थी। जानकारी में यह बात सामने आई है कि जिला कारागार में 41 बंदी ऐसे हैं, जो फाइलेरिया रोग से ग्रसित हैं और उन्हें हाइड्रोसील है। इन बंदियों को हाइड्रोसील ऑपरेशन की जरूरत है। इसको देखते हुए सूचनाएं साझा करने के बाद इन बंदियों का सर्वे कराया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार में फाइलेरिया हाइड्रोसील कैंप लगाकर जल्द ही इन बंदियों का ऑपरेशन कराया जाएगा।

### फाइलेरिया से बचाव

फाइलेरिया रोग से बचाव ही बेहतर है। फाइलेरिया निरीक्षक सैय्यद अनस अहमद ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए कई बातें ध्यान रखने योग्य हैं। उन्होंने बताया कि शाम के वक्त बाहर या घर में पूरे कपड़े पहनें। सोने से पहले मच्छरदानी लगाएं। घर में मच्छर भगाने वाली लिक्विड दवाओं का उपयोग करें। बुखार आने पर फाइलेरिया क्लिनिक में जाँच कराये। मच्छरों से बचाव के लिए पूरे आस्तीन के कपड़े पहने और मच्छरदानी एवं मच्छर रोधी क्रीम का उपयोग करें।

### फाइलेरिया के लक्षण

फाइलेरिया निरीक्षक ने बताया कि फाइलेरिया होने पर कई लक्षण दिखाई देते हैं। आमतौर पर शरीर के प्रभावित अंगों में सूजन आ जाती है। जैसे हाथ, पैर, गुप्तांग व स्तनों में सूजन आ जाती है। यह लक्षण फाइलेरिया के हो सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात एसपी द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर गार्ड तथा शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों की नियमित साफ सफाई करने का आदेश दिया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए गए।

### उत्तरायणी मेला का किया गया भूमि पूजन

**बरेली।** भूमि पूजन के साथ उत्तरायणी मेले की तैयारिया शुरू हैं। शुक्रवार 06 जनवरी को प्रात: 11 बजे से उत्तरायणी मेला 2023 को सफल एवं निविध बनाने के लिये बरेली क्लब, मैदान में उत्तरायणी जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा पंडित रमेश जोशी द्वारा भूमि पूजन किया गया। कल से मेले की विधिवत तैयारी शुरू हो गई है। इस बार का 27वा उत्तरायणी मेला 13, 14, 15 जनवरी 23 को बरेली क्लब ग्राउन्ड पर लगेगा। जो दिव्य भव्य होगा । जिसकी तैयारिया अध्यक्ष प्रमोद बिष्ट महामंत्री दिनेश पंत , कोषाध्यक्ष देवेन्द्र मनराल, पी सी पाठक , देवेन्द्र जोशी, पूस दानू , रमेश चन्द्र शर्मा, के पी एस बिष्ट भवानी दत्त जोशी आशीष जोशी , तारा दत्त जोशी, डी. डी. बेलवाल, आनन्द सिह भण्डारी, मुकुल त्रिपाठी , डा. मनोज काण्डपाल, चन्द्र प्रकाश जोशी, रामू चंद, दिनेश पाण्डे, एन डी पाडे, दिनेश रौंधाना, मोहन जोशी, रामेश्वर पांडे पंदम. कमला पांडे, विनोद जोशी, पूरन मेहरा , सी. वी तिवारी, उमेश तिवारी पी. एस जीना, मठपाल जी, जे सी बेलवाल योगेन्द्र जोशी, दामोदर लोहनी, कमलेश बिष्ट , गौरव पांडे आदि का विशेष सहयोग रहा।

### दबंगों ने युवक के साथ की मारपीट

**बरेली ।** रात के समय घर के बाहर जल रही आग से हाथ सेंक रहे एक युवक ने सिगरेट पीने की कोशिश की , जिससे विवाद हो गया और दबंगों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी ऋषि वर्मा को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि ऋषि वर्मा प्राइवेट नौकरी करता है और बीती रात ड्यूटी से वापस आने के बाद वह अपने घर के बाहर आग जला रहे लोगों के पास पहुंचा और खुद भी हाथ सेकने लगा, इसी दौरान उसने पीने के लिए सिगरेट जला दी जिसका पास में हाथ से सेक रहे मोहल्ले के ही रहने वाले विक्की,निक्की और अभिषेक ने विरोध किया, जिससे विवाद हो गया तब गुस्साए दबंगों ने ऋषि वर्मा के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे और घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए। हमलावर फरार बताए जाते हैं ।

### गन्ने के खेत में मिला अज्ञात महिला का शव

**बरेली।** हत्यारों ने एक महिला की हत्या करने के बाद उसके शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। सुबह होने पर लोगों ने उसके शव को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त न होने पर अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया उपराला में आज सुबह लोगों ने गन्ने के खेत में 40 वर्षीय महिला का शव देखा। महिला गुलाबी रंग की साड़ी पहने थी और नीले रंग का शाल पास मे पड़ा हुआ था उसके पैरों में सफेद धातु के बिछुए भी थे जैसे ही घटना की जानकारी गांव के लोगों को मिली बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतका की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी शिनाख्त नहीं कर सकता महिला की गर्दन में चोट के निशान थे जिससे पता चलता है कि किसी ने उसकी गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव गन्ने के खेत में फेंका है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### विवाह समारोह में तमंचा लहराने वाला गिरफ्तार

**बरेली ।** विवाह समारोह में तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र मे श्याम गंज स्थित पीके नमकीन के सामने रहने वाले 32 वर्षीय शाहिर उर्फ डंपी पुत्र औरंगजेब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार शाहिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह एक विवाह समारोह के दौरान तमंचा लहराता दिखाई दे रहा था। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा भी बरामद किया उसे जेल भेजा गया।

### आज सीतापुर आयेंगे वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना

**सीतापुर।** वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना 7 जनवरी को सीतापुर आएंगे। वह सीतापुर से भाजपा सांसद राजेश वर्मा के तंबौर स्थित आवास पहुंचकर सांसद की मां सुधा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे। यहां शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाने के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री शाहजहांपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। बता दें कि सांसद राजेश वर्मा की माता सुधा देवी का आकस्मिक निधन 31 दिसंबर 2022 को हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए 9 जनवरी 2023 को शांति पाठ एवं भोज का कार्यक्रम कृष्ण पाल सिंह पीजी कालेज परिसर तंबौर में किया गया है।

### लाईसेंस आवेदकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**सीतापुर।** सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस परिवहन कार्यालय में लाईसेंस आवेदको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अन्तर्गत एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संजय गुप्ता ने आवेदको को यातायात चिन्हयुक्त पम्फलेट वितरित किये। उन्होने कहा कि कोहरा एवं रात के समय सड़क दुर्घटनाओ की सम्भावना 3-4 गुना अधिक होती है। सड़क दुर्घटनाओं में से लगभग 24 प्रतिशत दुर्घटनाऐ खराब मौसम, बरसात, धुंध अथवा कोहरे के दौरान होती है। इस अवसर पर नीरज निगम प्रधान सहायक, अनूप कुमार पाण्डेय लेखाकार, राजीव चौबे वरिष्ठ सहायक, अनामिका विश्वकर्मा वरिष्ठ सहायक, सुनील कुमार वरिष्ठ सहायक, सतीश कुमार कनिष्ठ सहायक, संजीव सोनकर डीबीए, प्रामिश मिश्रा, संतोष सिंह मौजूद रहे।

# डीएम ने की कर-करेत्तर की बैठक, दिए निर्देश

● राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराए पूरा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार** की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियों की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रतिमाह की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए और उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, खनन, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह : एआरटीओ ने ड्राइविंग के बताए कायदे-कानून

● परिवहन दफ्तर में हुई ड्राइविंग रेगुलेशन 2017, मोटर वाहन संशोधन अधिनियम-2019 पर कार्यशाला

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में 04 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे परिवहन कार्यालय के रोड सेफ्टी अवेयरनेस सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन एआरटीओ रमेश कुमार चौबे, आलोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अफसरों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए ड्राइविंग रेगुलेशन 2017 एवं मोटर वाहन संशोधन अधिनियम,2019 के तहत जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराईं। उन्होंने मौजूद ड्राइवरों को यान संचालन के संबंध में सड़क के कायदे कानून समझाए। एआरटीओ (प्रशासन) आलोक सिंह ने उपस्थित लोगों को यानो द्वारा सड़कों के उपयोग की जानकारी दी। अवगत कराया कि एकल एवं दोहरे सड़क मार्ग पर यान सड़क के बाई ओर चलाया जाय। जबतक अन्यथा ड्यूटी कर्मी या अन्य उपयुक्त सड़क चिन्ह द्वारा उसे अन्य निर्देश नहीं जाता है। यदि यान ऐसे मोड़ या पहाड़ी पर पहुंचता है, जहां से आगे का दृश्य बाधित है या स्पष्ट नही है, चालक को अपना यान बाई ओर रखना चाहिए, जिससे कि विपरीत दिशा से आने वाले यान से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित हो। यदि चालक यान को पीछे की ओर घुमाता है तो चालक को चाहिए कि यान घुमाते समय अन्य यान से सुरक्षित दूरी बनाये रखे तथा दूसरे यानों को तब तक उसके समीप नही जाना चाहिए जब तक कथित यान द्वारा पीछे घुमाने/करने की प्रक्रिया पूरी नही कर ली जाय।

एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने चालकों और सवारियों के कर्तव्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। बताया कि प्रत्येक चालक यान चलाते समय पूरी देखभाल, सावधानी पूर्वक यान चलाएगा। चालक किसी भी सार्वजनिक स्थान में ऐसा यान नही चलाएगा, जो उसके ज्ञान में, साधारण देखभाल करते समय दोषपूण/खराब पाया गया हो तथा कथित दोष के कारण यान चलाने से बैठी सवारियों या अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को अनुचित खतरा उत्पन्न होने की सम्भावना हो सकती है। सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज ने यान की गति के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अगवत कराया गया कि यान चालक चालन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जिसमें उसके यान की स्थिति, भार, अन्य यातायात, मौसम आदि शामिल है, वाहन चलाए।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली को...

तो शपथ दिलाने की प्रक्रिया रोक दी गई। भाजपा के पार्षद भी मेज के आसपास जमा हो गए। उन्होंने आप और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि मेयर या डिप्टी मेयर चुनाव में मनोनीत सदस्य (एल्डरमैन) एमसीडी सदन में कभी मतदान नहीं करते। उन्हें स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वोट डालने की अनुमति नहीं है। भाजपा गलत तरीकों से अपने वोटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश कर रही है। वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए आप की निंदा करते हुए संवाददाताओं से कहा कि वे चुनाव का सामना करने से डर क्यों रहे हैं? इससे एक बार फिर साबित होता है कि उन्हें स्थापित नियमों और मानदंडों में जरा-भी भरोसा नहीं है। एमसीडी में 250 निर्वाचित पार्षद शामिल हैं। दिल्ली में भाजपा के सात लोकसभा सांसद और आप के तीन राज्यसभा सदस्य तथा विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नामित 14 विधायक भी महापौर और उप महापौर पद के लिए होने वाले चुनावों में हिस्सा लेंगे। स्थाई समिति के छह सदस्य भी चुने जाएंगे। नौ पार्षदों वाली कांग्रेस ने मतदान में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। आप को 250 सदस्यीय एमसीडी में स्पष्ट बहुमत हासिल है। आप ने पिछले साल दिसंबर में हुए एमसीडी चुनाव में 134 वार्डों में जीत दर्ज कर दिल्ली नगर निगम में भाजपा के 15 साल पुराने शासन का अंत कर दिया था। भाजपा एमसीडी चुनाव में 104 वार्ड में विजयी रही थी। बाद में, मुंडका के निर्दलीय पार्षद गजेंद्र दराल भाजपा में शामिल हो गए थे। इस प्रकार महापौर चुनावों में कुल वोट 274 हैं। वोटों का गणित आप के पक्ष में नजर आ रहा है, जिसके पास भाजपा के 113 के मुकाबले 150 वोट हैं।

## महिला पर...

वाली एक छोटी सी सीट की पेशकश की गई, जहां वह लगभग दो घंटे तक बैठी रहीं। इसके बाद उन्हें अपनी सीट पर लौटने को कहा गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि जब उसने इनकार कर दिया, तो उसे बाकी यात्रा के लिए स्टीवर्ड की सीट की पेशकश की गई। बाद में फ्लाइट स्टाफ ने पीड़ित महिला को बताया कि अपराधी उससे माफी मांगना चाहता है। इस पर महिला ने कहा कि वह उससे बातचीत नहीं करना चाहती । वह उसका चेहरा भी नहीं देखना चाहतीं। फ्लाइट दिल्ली पहुंचने पर उसे फौरन गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनके दामाद ने 27 नवंबर को एयर इंडिया को शिकायत भेजी थी और एयरलाइन टिकट की प्रतिपूर्ति के लिए सहमत हो गई थी। हालांकि, एयरलाइंस ने उन्हें केवल आंशिक रिफंड जारी किया।

## यूक्रेन संघर्ष...

विकास का वित्त पोषण कैसे हो, कैसे कर्ज के जाल से बचें तथा अपनी विकास सहायता का ढांचा किस प्रकार से तैयार करें और वित्तीय समावेशन कैसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, स्वाभाविक है कि हर देश चाहेगा कि विकास की वित्तीय जरूरतों की पूर्ति में वह रिण के बोझ के तले नहीं दबे। ऐसे में विकासशील देश विकास की क्षमताओं, परिप्रेक्ष्य और अपने अनुभवों को शिखर बैठक में रखेंगे। उन्होंने कहा कि ये देश विकास की यात्रा में पेश आने वाली समस्याओं को रखेंगे और रिण के जाल का आशय इन्हीं विषयों तक सीमित है तथा इसे किसी देश विशेष के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। विदेश सचिव ने कहा कि हाल के वर्षो में प्रौद्योगिकी का वित्त संबंधी आयामों से जुड़ाव सामने आया है और वित्त मंत्री स्तरीय सत्र में इन्हीं विषयों के इर्द गिर्द चर्चा हो सकती है। पर्यावरण मंत्री स्तरीय सत्र का विषय पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के साथ वृद्धि का संतुलन होगा जबकि विदेश मंत्री स्तरीय सत्र का विषय वैश्विक दक्षिण को प्रोत्साहित करने के लिए उपयुक्त महौल होगा। वॉयस आफ गलोबल साउथ शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 13 जनवरी को पांच सत्रों का आयोजन होगा। इसमें ऊर्जा मंत्री स्तरीय सत्र का विषय ऊर्जा सुरक्षा एवं विकास: समृद्धि की रूपरेखा होगा। स्वास्थ्य मंत्री स्तरीय सत्र का विषय टिकाऊस्वास्थ्य ढांचा तैयार करने के लिए सहयोग है। शिक्षा मंत्रियों के सत्र का विषय वैश्विक दक्षिण के परिपेक्ष्य में मानव केंद्रित विकास एवं क्षमता निर्माण है। वहीं, वाणिज्य एवं कारोबार मंत्री स्तरीय सत्र का विषय वैश्विक दक्षिण में सुरक्षा विकास: कारोबार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी एवं संसाधन होगा। विदेश सचिव ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन की बैठकों में हिस्सा लेने वाले देशों की राय, विचारों चिंताओं एवं सुझाव का संकलन प्रस्तुत किया जाएगा। इन देशों की बातें जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान महत्वपूर्ण विचार के रूप में ली जाएंगी।

## ठंड से...

से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि सीमांत जिले कुपवाड़ा में यह शून्य से 5.6 डिग्री रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारी के मुताबिक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

## आजाद की...

की थी। पार्टी गठित होने कुछ हफ्ते बाद ही इसमें कलह शुरू हो गई। पिछले दिनों तारा चंद और कुछ अन्य नेताओं को डीएपी से निष्कासित कर दिया गया था।

## भारत अबेई...

मंशा दिखती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को प्लाटून की एक फोटो पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, भारत अबेई में संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत हमारी बटालियन के हिस्से के तौर पर महिलाओं की शांतिरक्षक प्लाटून को तैनात कर रहा है। हालिया वर्षों में महिला शांतिरक्षकों की यह सबसे बड़ी तैनाती है। उन्हें शुभकामनाएं। संयुक्त राष्ट्र के लिए भारत के स्थाई मिशन ने एक बयान में कहा कि अबेई में महिला शांतिरक्षकों की प्लाटून छह जनवरी को 2023 को संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल, अबेई (यूएनआईएसएफए) में भारतीय बटालियन के हिस्से के तौर पर तैनात की गई है। इस बयान के अनुसार, सबसे पहले साल 2007 में लाइबेरिया में महिला शांतिरक्षकों की प्लाटून तैनात करने के बाद संयुक्त राष्ट्र मिशन में यह भारत की सबसे बड़ी एकल महिला प्लाटून की तैनाती है। पिछले साल 31 अक्टूबर तक भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक मिशन में बांग्लादेश के बाद दूसरी सबसे बड़ी सेना भेजने वाला देश है। कुल 12 मिशन में भारत 5,5887 सैनिक और कर्मी भेज चुका है।

# जल जीवन मिशन की मानीटरिंग के लिए कमेटी का गठन करें: साध्वी

● ग्राम स्तर पर खुली बैठक कर आमजन को करें जागरूक



**फतेहपुर।** जल जीवन मिशन की मानीटरिंग के लिए केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पानी की टंकी के निर्माण व पाइपलाइन के माध्यम से हर घर जल पहुचाने संबंधी सभी बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं जो कार्य प्रारंभ कर रही है उनका शिलान्यास/भूमि पूजन प्रोटोकॉल के तहत किया जाये। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी के निर्माण व पाइपलाइन बिछाने के कार्य को सभी मानकों को पूरा करते हुए गुणवत्तापूर्ण ही किया जाये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की जिले स्तर पर मॉनिटरिंग के लिए कमेटी का गठन किया जाये। सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, जिलाधिकारी, अधिशाषी अभियंता जल निगम आदि को रखा जाये। समिति द्वारा जिले में जल जीवन मिशन के तहत कार्यो की निगरानी समय-समय पर की जाये। उन्होंने कहा कि जल मिशन के तहत ग्रामीणांचल में नागरिकों को जागरूक करने के लिए जो सहयोगी संस्थाएं कार्य कर रही है वह ग्राम पंचायत स्तर पर खुली बैठक करके ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पेयजल स्वच्छता समितियों का गठन किया जाये। कहा कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं प्रगति/कार्य शुरू होने की जानकारी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल की योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। मंत्री जी ने ठंड को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधितों को दिए।

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले की खैर नहीं: प्रमोद झा

● तुलसी जन्मभूमि राजापुर में चला बाबा का बुलडोजर

● अतिक्रमणकारियों के हौसले पस्त

**राजापुर ( चित्रकूट )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमणकारियों से खाली कराने के उद्देश्य से एंटी भू-माफिया टीम का गठन कर नजूल, बंजर जमीनों में बने छोटे-बड़े मकानों को ध्वस्त कराकर अवमुक्त कराने के कड़े आदेश निर्गत किए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देशन में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक राजापुर, थानाध्यक्ष सरधुआ व भारी पुलिस बल की उपस्थिति में राजापुर कस्बे के सरांय तलैया चौराहा के पास नजूल की जमीन गाटा संख्या 572 पर 11 अतिक्रमणकारियों द्वारा कच्चे व पक्के मकान व दुकान बनवा लिए गए थे जिन्हें बुल्डोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया गया है।

उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि 27 दिसम्बर को सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा के द्वारा नजूल की जमीन गाटा संख्या 572 की पैमाइश कराई गई थी जिसमें 11 लोगों को प्रथम सूचना नोटिस देकर मकान व दुकान खाली कराने के निर्देश दिए गए थे जिसमें राजकुमार पुत्र शिवनरेश सिंह, मनोज कुमार, शिवकुमार, अशोक कुमार पुत्रगण रामनरेश, नईम कुरैशी, रफीक कुरैशी, लाला डेन्टर, अजय, लवलेश पुत्र गोविन्द, वसीम कुरैशी पुत्र रफीक, दिनेश पुत्र भैयालाल, सन्तोष पुत्र रामकिशोर को नोटिस दे दी गई थी तथा इसी नजूल की जमीन में 9 पट्टेधारकों को 2009 में जिलाधिकारी चित्रकूट द्वारा दिए गए पट्टेदारों को स्थापित किया गया है। शेष अवैध अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे को हटवाकर नजूल की जमीन खाली करा दी गई है। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लोगों से अपील किया है कि सरकारी बंजर व नजूल की जमीनों तथा तालाबों से अपने अवैध कब्जे हटा लें, नहीं तो उनकी खैर नहीं होगी तथा नजूल की जमीन गाटा संख्या 577 के संदर्भ में बताया कि राजकुमार, मनोज कुमार, अशोक कुमार, शिवकुमार जो भूमिहीन और मकानहीन हैं उन्हें सरकार के मंशा के अनुरूप किसी अन्य स्थान पर बसाकर उसे भी खाली कराया जाएगा और सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा किया गया तो कानूनी कार्रवाई करते हुए दण्डित किया जाएगा।



अवैध निर्माण गिरवाते एसडीएम प्रमोद झा

## बुलडोजर के खिलाफ उतरे व्यापारी नेता



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/समाजसेवी शानू गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने एसडीएम सदर राजबहादुर को नगर पालिका कर्वी क्षेत्र में छोटे व मध्य वर्गीय तथा रेहड़ी पटरी, हाथ ठेले वालों को अतिक्रमण से नगर पालिका व जिला प्रशासन के साथ बुलडोजर चलाकर दुकानों को ध्वस्त करने बाबत ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को व्यापारी नेता ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन योगी सरकार के निर्देशों का उल्लंघन कर रहा है। योगी सरकार के कड़े निर्देश हैं कि किसी भी व्यापारी, छोटा हो या मध्यम या पटरी वाला या हाथ ठेले वाला, उन्हें हटाने से पहले उन्हें बसाने के इंतजाम किये जायें, तभी अतिक्रमण बाबत कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि कर्वी नगर पालिका में तो सब उल्टा हो रहा है। सैकड़ों छोटे व मंझोले व्यापारियों का व्यापार उजाड़ दिया गया। उन्हें बसाने के कोई इंतजाम नहीं किये गये। छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को रोजगार को स्थान दिया जाये, ताकि वे अपना जीवनयापन कर परिवार का भरण-पोषण कर सकें। इस मौके पर व्यापारी नेता विनोद केशरवानी, शेषू जायसवाल, ओंकारनाथ सोनी, जर्नादन चतुर्वेदी, करामत अली, रविराज अग्रहरि, आशीष सोनी, सुशील पाण्डेय समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# शिवाजी ग्रुप की टीम ने घाटमपुर को छह विकेट से हराया



**घाटमपुर।** शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की शाखायें नौरंगा-भदवारा के बच्चों ने घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हरा दिया, पहले बल्लेबाजी के लिए घाटमपुर क्रिकेट अकादमी मैदान में उतरी और 86 रन ही बना सकी। शिवाजी ऑफ इंस्टीट्युशन की ओर से लव, लकी एंव रोमिल ने दो-दो बिकेट लिये जबकि प्राजुल ने एक विकेट झटका। जवाब में शिवाजी की टीम ने खेल का अच्छा प्रर्दशन करते हुए 15 ओवर में 4 बिकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया इसमें अल्ताफ20, शैफ19 और अंशू ने 18 रनों का योगदान दिया। लकी को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। इस दौरान घाटमपुर क्रिकेट अकादमी के कोच भूप किशोर और शिवाजी ग्रुप टीम की ओर प्रियांका दुबे व आदित्य प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

## मदरसा बोर्ड के छात्र परीक्षा शुल्क चालान जमा 24 तक जमा करें

**उरई ( जालौन )।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति ने बताया कि रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ के पत्र के द्वारा उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सेकेण्ड्री, सीनियर सेकेण्ड्री, कामिल एवं फाजिल की परीक्षा वर्ष 2023 के परीक्षा आवेदन ऑनलाईन 5 जनवरी 2023 से 28 जनवरी 2023 तक भरे जायेंगे परीक्षा 2023 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अन्तिम तिथि 24 जनवरी 2023 निर्धारित है।

**प्लम्बर सेक्टर प्रशिक्षण हेतु 14 तक आवेदन करें**

**उरई ( जालौन )।** नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (राजकीय आईटीआई) उरई में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत प्लम्बर सेक्टर में प्रशिक्षण आरम्भ किया जा रहा है। जिस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 7 जनवरी 2023 से 14 जनवरी, 2023 तक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कॉपी एवं चार फोटो राजकीय आईटीआई उरई कार्यालय में जमा कर निशुल्क प्रशिक्षण व रोजगार प्राप्त कर सकते है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थी को वरीयता प्रदान की जायेगी. इसके अतिरिक्त अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

# विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में शिक्षा में सुधार हेतु समस्त इंटर व डिग्री कॉलेज, जीआईसी/जीजीआईसी एवं वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित शिक्षक व प्राचार्यों को शिक्षा से कानपुर देहात को ग्रेटर कानपुर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनपद का नाम बदलने के लिए कवायद चल रही है किंतु हमें नाम से नहीं बल्कि अपने जनपद के शिक्षा- स्तर में भी बदलाव लाना है। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक रिद्धि पाण्डेय ने बताया कि शैक्षिक स्तर को उठाने के लिए कृत प्रयास समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा किया जा रहा है, नियमित समय-सारिणी के अनुसार भरसक प्रयास करते हुए कुछ विद्यालयों द्वारा अभी से प्री-बोर्ड कराते हुए बच्चों की कमियों का आंकलन कर लिया है और कुछ विद्यालयों का बाकी है। उन्होंने सभी विद्यालयों में समय से प्रीबोर्ड परीक्षाएं कराते हुए बच्चों की कमियों का आंकलन कर उनकी रेमेडियल क्लासेज व एक्सट्रा क्लासेस कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि शिक्षा में सुधार के लिए अपने यहां संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं तथा इस बार 95 प्रतिशत से ऊपर के रिजल्ट के लिए भी आश्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जहां कहीं कमियां है उन्हें दुरस्त कराएं, शिक्षा का स्तर में सुधार लाया जाए। इस दौरान उन्होंने कानपुर देहात में प्रति व्यक्ति के जीवन में सुधार के लिए उनकी शिक्षा के स्तर पर सुधार किया जाना महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी प्राचार्यों को सभी विद्यालयों के मध्य प्रतियोगिता के माहौल को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अभ्युदय योजना के अंतर्गत इसके उद्देश्य से सभी को अवगत कराते हुए प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 02 मेधावी इच्छुक छात्र व छात्रा की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश सभी को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय, जिला समन्वयक सतनारायण कटियार, समस्त माध्यमिक विद्यालय, राजकीय विद्यालयों, वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल ब्रेल रीडिंग रायटिंग प्रतियोगिताओं में अव्वल रहीं दृष्टि की छात्राएं




**चित्रकूट।** नगर की सामाजिक संस्था दृष्टि की दो बालिकाओं ने विगत 4 जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय ब्रेल दिवस के अवसर पर ऑल इण्डिया कन्फेडेरेशन ऑफ द ब्लाइण्ड दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल ब्रेल रीडिंग रायटिंग प्रतियोगिताओं में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों विधाओं में कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, आदि राज्यों से आये प्रतिभागियों को पछाड़कर पहले पायदान पर कब्जा जमा लिया। दृष्टि की ओर इन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुई कल्पना कुशवाहा एवं आकांक्षा चौधरी को बधाई देते हुए संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की उक्त संस्था द्वारा आयोजित लुई ब्रेल महान् के जन्मदिवस हम अपनी छात्राओं को प्रतिवर्ष वहां भेजते रहे हैं। विगत तीन वर्षो के बाद पुन: हमें उपलब्धि मिली है। अब तक कई बार हमारी छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टि संस्था चर्चा में आयी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या वर्षा गुप्ता ने कहा कि दृष्टिबाधितों की शिक्षा सशक्त और सर्वग्राह माध्यम केवल ब्रेललिपि रही है और हमने अपने यहां पहली कक्षा से पढ़ाई-लिखाई का माध्यम ब्रेल को बनाया है। चाहे जितनी डिवाइसे आ जायें ब्रेल का कोई जोड़ या विकल्प नहीं है। ब्रेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसमें दृष्टिबाधित को किसी दूसरे की सहायता नही लेनी पड़ती और अपने मनोभावों को बेझिझक व्यक्त करता है। संस्था परिसर में एक ब्रेल लाईब्रेरी भी है जिसमें हजारों पुस्तके ब्रेल में हर समय उपलब्ध रहती हैं। नियमित रूप से हमारे यहां से बालिकाएं वहां अध्ययन के लिए जाती है। दिल्ली से लौटी टीम को विद्यालय की शिक्षिकाओं सहित संस्था के कई पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

## किशोरी के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**कालपी ( जालौन )।** आपको मालूम हो कि बीती एक जनवरी की शाम को कालपी कोतवाली के कुरहना आलमगीर ग्राम में पडोसी युवक के द्वारा घर के अंदर घुसकर किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने की घटना का मामला प्रकाश में आया था। जिसमे कालपी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये इस घटना में लिप्त नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरहना अलमगीर गांव में रहने वाली किशोरी अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का आरोपी युवक राकेश कुमार घर के अंदर घुस गया तथा किशोरी के साथ छेड़खानी करने लगा। बाद में आरोपी मौके से भाग जाने में सफल रहा। पीड़ित किशोरी ने कालपी कोतवाली में नामजद आरोपी काल्पनिक नाम राकेश कोरी पुत्र रामवीर निवासी कुरहना आलमगीर थाना कालपी के खिलाफजुर्म धारा 354 ख 452, 323, 506 आईपीसी समेत सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर विवेचनाधिकारी मामले की विवेचना करने तथा आरोपी युवक को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों में पुलिस के द्वारा छापेमारी करने में जुटी हुई थी। शुक्रवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने आलमपुर बाईपास किराए में आरोपी युवक राकेश कुमार पुत्र श्याम बाबू निवासी ग्राम कुरहना आलमगीर को गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया।

# डीएम से इंटरमीडिएट तक के विद्यालय बंद कराने की मांग



● माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालय भीषण ठंड को देखते हुए बंद करने की मांग की गई है। डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि इन दिनों पड़ रही ठंड की वजह से विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम दर्ज हो रही है और जो बच्चे विद्यालय आ भी रहे हैं तो शीतलहर के चलते उनका शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। डीएम को ज्ञापन में बताया गया कि फतेहपुर जनपद का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है जो प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालय बंद करने का आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक को दे जिससे भीषण ठंड से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब परिवार के बच्चों को सुरक्षित किया जा सके। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला, जिला मंत्री पुष्पराज सिंह, जिला अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ अजय कुमार पांडेय, जिला मंत्री राजकीय शिक्षक संघ संतोष गौड़ प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### वैश्य समाज के हर वर्ग को करें एकजुट: राधेश्याम गुप्त

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक वैश्य भवन में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त एवं अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरूण जायसवाल एडवोकेट ने की। बैठक में मुख्य अतिथि ने समाज की एकता पर जोर देते हुये कहा कि एकता के दम पर ही समाज को बेहतरी की राह पर आगे बढ़ाया जा सकता है और समाज को आगे बढ़ाने के लिये हम सबको मिलकर समाज के हर वर्ग को एकजुट करना होगा। बैठक में वैश्य भवन को सुसज्जित करने के लिये समाज के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का सहयोग लेने की चर्चा की गई। सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने आगामी मकर संक्रांति में खिचड़ी भोज आयोजित करने की बात कही। जिसको सर्व सम्मति से 14 जनवरी को किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन परिषद के महामंत्री चंद्र प्रकाश गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गुरू शरन गुप्ता, डा0 दीपक गुप्ता, परिषद के युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, नरायन बाबू गुप्ता, दीपक साहू, पवन गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि रहे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच-2 में दो दिन पूर्व सब्जी लेने जा रहे 44 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था जिसकी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मलवा कस्बा निवासी सुबराती का पुत्र खुदाबख्श दो दिन पूर्व सब्जे लेने गया था तभी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उसे कानपुर में भर्ती कराया जहॉ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पूर्णिमा पर हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति, गंगा समग्र एवं नमामि गंगे द्वारा पूर्णिमा पर ओमघाट मे गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा पूर्णिमा पर आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम ने कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार पूजन सामग्री एवं कूड़ा ना डालें और गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। गंगा समग्र के कुलदीप सिंह भदौरिया ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए हम सब प्रयत्नशील है। गंगा बचाओ सेवा समिति द्वारा आए हुए सभी गंगा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज, गायत्री परिवार के राम स्वरूप गुप्ता, भाजपा के राम प्रताप सिंह गौतम, गंगा समग्र के संतोष तिवारी, धीरज राठौर, अजय मोदनवाल, आशीष अग्रहरी सुरेंद्र पाठक, वीरेन्द्र साहू, हरि चौरसिया, आचार्य रामचंद्र ने पूजन कराया।

### साइबर अपराध रोकने को पेमेंट में न करें जल्दबाजी: सीओ सिटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में यूको बैंक के स्थापना दिवस पर साइबर जागरूकता गोष्ठी हुई। गोष्ठी में बैंक के खाता धारक व आम जनता मौजूद रहे। शुक्रवार को यूको बैंक में हुई गोष्ठी में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। सभी लोग सतर्कता बरतें, ताकि कोई साइबर फ्राड न होने पाये। आनलाइन पेमेंट करते समय किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि पेमेंट करते समय ओटीपी की जरूरत नहीं पडती। अधिकतर साइबर फ्राड इसी तरह से हो रहे हैं। एटीएम से पैसा निकालते समय किसी भी व्यक्ति से अपना एटीएम कार्ड व पिन साझा न करें। साइबर फ्राड होने पर टोल फ्री नम्बर 1930 या साइबर क्राइम जीओवी इन पर शिकायत दर्ज करायें तथा संबंधित थाने में सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्यालय में साइबर सेल तथा प्रत्येक थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किये गये हैं। पुलिस कर्मी साइबर अपराध से पीड़ित लोगों की हर सम्भव मदद की जाती है।

### गरीब को डीएम ने दिया कम्बल

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में कोरोना नियमों का पालन करते हुए लोगों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत रुकमाखुर्द के रामकृपाल उर्फ दद्दू को ठंड से कांपते देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल कम्बल मंगाकर उसे दिया। रामकृपाल ने जिलाधिकारी की जमकर सराहना की। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में मिली समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव आदि मौजूद रहे।

### गुमटी का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया हजारों का माल

**मऊ(चित्रकूट)।** जिले की मऊ तहसील के बगल मे स्थित गुमटी का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों द्वारा हजारों रूपये का माल व नगदी साफ कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मऊ तहसील के बगल मे टिकरा निवासी गौरीशंकर श्रीवास्तव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद की पान गुटखा की फुटकर दुकान गुमटी मे चलाता था। यहीं पूरे परिवार के जीवनयापन का साधन है। रोज की भांति अपनी गुमटी मे ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह दुकान खोलने आया तो देखा गुमटी का ताला टूटा हुआ था और दुकान से लगभग 2500 रुपये नगद फुटकर मिला के और लगभग 12 हजार रुपये की कीमत के नमकीन, गुटखा, सिगरेट, सुपाड़ी आदि समान उठा ले गए हैं। पीड़ित ने थाने मऊ में तहरीर देकर गुहार लगाई है।

### डीएम ने कंबल व कुकर किए वितरित

**कानपुर देहात ।** जिलाधिकारी नेहा जैन के नेतृत्व में उनके गोद लिए ग्राम मड़वाई में उद्यमिता प्रोत्साहन देने के लिए ग्राम वासियों द्वारा दुग्ध विकास में उठाये गए नवीन पहल से मड़वाई दुग्ध उत्पादक एसोसिएशन को विगत वित्तीय वर्ष सम्पूर्ण व्यय के उपरांत भी 4 लाख से अधिक के फायदे को सभी से साझा करते हुए सभी को कंबल व कुकर वितरित किये गए। उन्होंने मड़वाई दुग्ध एसोसिएशन को हुए फायदे का श्रेय उनकी व एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों द्वारा किये गए परिश्रम को देते हुए बधाई दी एवं उनके द्वारा किये गए प्रयासों से पाई समृद्धि को भी सराहा। इस दौरान अमूल बनास डेरी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जनपद की 211 ग्राम पंचायतों में एसोसिएशन से दुग्ध लिया जाता है। जिलाधिकारी ने मड़वाई दुग्ध उत्पादक एसोसिएशन को नज़ीर मानते हुए अन्य ग्राम पंचायतों को भी इनसे सीख लेने हेतु सुझाव दिए।

### प्लास्टिक और पॉलिमर उद्योग ने सरकार से मांगा सहयोग

**नोएडा।** प्लास्टइंडिया फाउंडेशन ने सरकार से घरेलू प्लास्टिक उद्योग को बढ़ावा देने लिए केंद्रीय बजट 2023-24 में पॉलिमर पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम करने और तैयार प्लास्टिक प्रोडक्ट्स पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का आग्रह किया है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्लास्टइंडिया फाउंडेशन को उम्मीद है कि वित्त मंत्री कच्चे माल से लेकर मशीनरी निर्माताओं तक पूरे प्लास्टिक उद्योग के ओवरऑल ग्रोथ और विकास को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार करेंगी। प्लास्टइंडिया फाउंडेशन का उद्देश्य भारतीय प्लास्टिक उद्योग को 2025 में 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 2045 तक एक 25 ट्रिलियन यूएसडी के उच्च विकास पथ पर रखना है। इस वृद्धि की राह पर चलने और भारत को प्लास्टिक के लिए वैश्विक सोर्सिंग हब बनाने के लिएए प्लास्टइंडिया फाउंडेशन पूरे दिल से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल का समर्थन करता है।

# सुशासन सप्ताह में विधायक ने सफाई कर्मियों को बांटी सुरक्षा किट



**कोंच ( जालौन )।** प्रदेश सरकार के निर्देशन में चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्थानीय बलदाऊ धर्मशाला में 90 गरीब पात्रों व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाब हेतु कंबल बांटे गये।इस दौरान सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट भी बाँटी गई। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किये गये कार्यक्रम में एसडीएम कृष्णकुमार सिंह व तहसीलदार आलोक कटियार सहित भाजपा नेता सुनील शर्मा, प्रधान प्रेमप्रकाश लौना विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।कार्यक्रम में उपस्थित 90 गरीब वर्ग की महिलाओं व पुरुषों को सर्दी से बचाव हेतु विधायक सहित एसडीएम व तहसीलदार ने कंबल ओढ़ाये। कार्यक्रम में ही सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट भी बाँटी गई।इस दौरान विधायक ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।विधायक ने सबसे अधिक फोकस आवास व पेंशन योजना पर करते हुए कहा कि पात्र लोग आवास व पेंशन योजना के अंतर्गत अपने अपने फॉर्म भरकर संबंधित पटल पर जमा करा दें, ऐसे सभी पात्रों को प्राथमिकता के आधार पर आवास व पेंशन योजना का लाभ हर हाल में दिलाया जायेगा।

## ठंड से कानपुर-बांदा रेलवे लाइन की पटरी चटकी बड़ा हादसा होते बचा

**घाटमपुर।** जिले में पड़ रही हाड़ कंपाऊ ठन्ड से जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है वहीं गुरुवार रात कानपुर-बांदा रेल लाइन पर गोपालपुर क्रासिंग और डुहरु गांव के बीच गेट नंबर 55 और 57 के मध्य रेल पटरी चटक गयी, और इसी चटकी पटरी से रात भर ट्रेनें गुजरती रहीं। उधर रेल पटरी चटकने का कारण रेलवे के इंजीनियरों ने ठन्ड बताया है। जानकारी के मुताबिक रेल पटरी चटकने की जानकारी गुरुवार रात करीब 10 रेलवे को हो गयी थी और रात में मरम्मत के बजाय रेलवे लाइन पर पट्टिका लगा कर सर्तकता के साथ रात को करीब आधा दर्जन ट्रेनें गुजारी गयीं, शुक्रवार सुबह इंजीनियरों को बुला कर रेल पथ की मरम्मत हुई, इस दौरान जबलपुर एक्सप्रेस व मानिकपुर पैंसेजर को एक घंटे तक रोका गया जबकि कोहरे के चलते उक्त दोनों ट्रेने पहले से ही करीब तीन घंटे देरी से चल रहीं थी। घाटमपुर रेलवे स्टेशन में तैनात उप स्टेशन प्रबंधक ( डिप्टी एसएस ) जेपी नरायरान ने बताया कि ट्रैक मरम्मत के चलते ट्रेने 20 मिनट लेट हुई हैं।

# जन कल्याण को समर्पित है सरकार की योजनाएं: पटेल



**चित्रकूट।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से सीधे वार्ता करने एवं छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को संचालित योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से विकासखंड मऊ के ग्राम पंचायत खंडेहा में शीतकालीन भ्रमण के अंतर्गत सांसद बांदा/चित्रकूट आर के सिंह पटेल व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल से पूर्व हरिमोहन, ओमप्रकाश, गोविंद का अन्नप्राशन व पूजा, अर्चना, रानी देवी, मालती देवी की गोद भराई व पुष्टाहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम में सांसद आर के सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब सरकार जनता के द्वार के साथ केंद्र व राज्य की योजनाओं का जन चौपाल के माध्यम से बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर सभी अधिकारी उपस्थित हैं, जो जन समस्याएं हैं, उनका निस्तारण किया जाएगा । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाएं गांव के गरीबों के लिए है और इसका लाभ आप लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा पहली बार लगातार राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिक जिस क्षेत्र से हो वह अपना बीमा श्रम विभाग रजिस्टेशन करा ले उसका स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि हमारी सरकार ने पुत्रियों के जन्म से लेकर पढ़ाई, शादी आदि का इंतजाम कर रही है व सामूहिक विवाह भी कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब लड़की की शादी सरकार कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार आप लोगों का सहयोग कर रही हैं आप लोगों को आगे आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को 6हजार रूपये देती है इसका आप लोग उर्वरक, पानी व जुताई में इसका उपयोग करें। ताकि साहूकारों के सामने हाथ न फैलाना पड़े। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें आप लोगों के स्वास्थ्य लाभ में सहयोग मिलेगी उन्होंने कहा यह बहुत अच्छी योजना है इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व उनकी टीम योजनाओं का जो प्रचार प्रसार कर रही है, उसका लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना एवं समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# रूस की संघर्ष विराम की घोषणा के इरादों पर संदेह : यूक्रेन

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन का मानना** है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का अपनी सेना को शुक्रवार को दिया गया 36 घंटे के संघर्षविराम का एकतरफा आदेश संदिग्ध है। यूक्रेन के अधिकारियों ने इस कदम को एक चाल बता खारिज कर दिया हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यूक्रेनी सैनिक भी संघर्षविराम का पालन करेंगे या नहीं। रूस ने भी यह साफ नहीं किया है कि यूक्रेनी बलों के लड़ाई जारी रखने पर वे पलटवार करेंगे या नहीं। लगभग 11 महीने के युद्ध में रूस द्वारा घोषित युद्धविराम मास्को के समय के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर में शुरू हुआ और शनिवार आधी रात तक जारी रहेगा। युद्धविराम उल्लंघन की फिलहाल कोई खबर नहीं आई है। पुतिन की बृहस्पतिवार की घोषणा अप्रत्याशित थी कि रूसी सेना।,100 किलोमीटर (684 मील) की अग्रिम पंक्ति या अन्य जगहों पर लड़ना बंद कर देगी। यह रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पैट्रिआर्क किरिल द्वारा इस सप्ताह के अंत में ऑर्थोडॉक्स क्रिसमस की छुट्टी के लिए संघर्ष विराम का प्रस्ताव करने के बाद आया है। ऑर्थोडॉक्स क्रिसमस हर साल सात जनवरी को मनाया जाता है। ऑर्थोडॉक्स गिरजाघर अब भी जूलियन कैलेंडर के अनुसार ईशु का जन्मदिन मनाता है। यूक्रेनी और पश्चिमी अधिकारियों ने लेकिन पुतिन के स्पष्ट सद्भावना संकेत के पीछे किसी गुप्त मंशा का संदेह जताया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के इरादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि रूस ने नए जोश के साथ युद्ध जारी रखने के लिए लड़ाई को रोकने की योजना बनाई है। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, अब वे (पूर्वी) डोनबास (क्षेत्र) में हमारे लोगों के आगे बढ़ने को कुछ समय के लिए रोकने के उद्देश्य से क्रिसमस को बहाने के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं और अपने उपकरण, गोला-बारूद और लोगों को लामबंद कर हमारे ठिकानों के करीब लाना चाहते हैं। उन्होंने हालांकि स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि कीव पुतिन के अनुरोध की अनदेखी करेगा। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यह काफी अजीब है क्योंकि पुतिन तो क्रिसमस और नववर्ष पर भी अस्पतालों, नर्सरी और गिरजाघरों पर बम गिराने को तैयार थे। उन्होंने कुछ स्पष्ट किए बिना कहा, मुझे लगता है कि वह कुछ देर राहत की सांस लेना चाहते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका को इस घोषणा के पीछे के इरादों पर ज्यादा भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि यह रूस की योजना या उसके रूख में बदलाव का कोई संकेत नहीं देता। ऐसा लगता है कि यह, करीब एक साल से यूक्रेन के लोगों ने जो कुछ सहा, उसे जारी रखने, आराम करने, फिर से तैयारी करने, फिर से (बल को) संगठित करने और अंततः पुनः कार्वाई करने का एक तरीका है। अमेरिकी विचारक संस्था द इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार ने इस बात से सहमति जताई कि यह रूसी सैनिकों को फिर से संगठित होने के लिए वक्त देने का एक बहाना हो सकता है। संस्था ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि इस तरह के युद्धविराम से रूसी सैनिकों को असमान रूप से लाभ होगा और यूक्रेन को बनती बढ़त से वंचित होना पड़ सकता है।

## यूक्रेन में युद्ध अहम चरण में है : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन में युद्ध अब अहम चरण में है। अमेरिका और जर्मनी ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त समर्थन की घोषणा भी की है। बाइडन ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, अभी, यूक्रेन में युद्ध एक अहम चरण में है। यूक्रेन के लोगों को रूस के आक्रमण से बचाने लिए हम जो कुछ कर सकते हैं हमें करना होगा। रूस अपनी कार्वाई धीमी नहीं कर रहा है। वे अब भी उतनी ही बर्बर कार्वाई कर रहे हैं, जितनी साल भर पहले कर रहे थे और वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इससे पहले दोपहर में बाइडन ने यूक्रेन के बारे में जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ लंबी बातचीत की। उन्होंने कहा, जापान सहित कई देश हैं जो हमारे समान ही विधारधारा रखते हैं। हमने आगे की कार्वाई पर बातचीत की। बाइडन ने कहा, आज हमने संयुक्त रूप से घोषणा की कि हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बढ़ाने जा रहे हैं। हम यूक्रेन को ब्रैडली इन्फैंट्री फाइटिंग व्हीकल और जर्मनी उन्हें मार्डर इन्फैंट्री फाइटिंग व्हीकल प्रदान करने जा रहा है। उन्होंने कहा, इसके अलावा हम यूक्रेन को रूसी हवाई हमलों से बचने में भी मदद करेंगे। जर्मनी ने आज घोषणा की है कि वह यूक्रेन को हवाई हमलों से निपटने के लिए एक पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करने जा रहा है।



मध्य बुल्गारिया के छोटे से पर्वतीय शहर कालोफर में अनुष्ठान लंबे समय तक चलता है, क्योंकि पारंपरिक सफेद कढ़ाई वाली शर्ट पहने हुए लगभग सौ पुरुष धीमे पुरुषों के नृत्य का प्रदर्शन करने के लिए टुंडझा नदी में उतरते हैं।

### प्रचंड के नेपाल का प्रधानमंत्री बनने के बाद संसद का पहला सत्र सोमवार से

**काठमांडू।** नेपाल के नए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के शपथ लेने के बाद पहला संसद सत्र यहां सोमवार से शुरू होने वाला है। इस दौरान प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सत्र के दौरान नौ जनवरी को प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत हासिल करना होगा। देश में 20 नवंबर को चुनाव होने के बाद पिछले महीने नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने नौ जनवरी को नई संसद का पहला सत्र बुलाया था। प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता सोमवार को यहां संसद भवन में होने वाले प्रतिनिधि सभा के पहले सत्र को संबोधित करेंगे। संसद सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को संसद भवन मे हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान इस पर सहमति बनी।

### नॉर्वे में मॉल पर गिरी निर्माण क्रेन, एक व्यक्ति की मौत

**कोपेनहेगन।** मध्य नॉर्वे मे तेज हवाओं के बीच निर्माण क्रेन शॉपिग मॉल पर गिर गई, जिसके चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कम से कम दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता एबे किमो ने वीजी समाचार पत्र को बताया कि देश के तीसरे सबसे बड़े शहर ट्रोंडहेम के मेलहस मे यह दुर्घटना हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि मॉल के 50 मीटर (165 फुट) ऊपर लगी क्रेन तेज हवाओं के चलते डगमगाकर गिर गई। पुलिस ने ट्वीट किया कि क्रेन गिरने से शॉपिग मॉल के दूसरे दल को नुकसान हुआ। दमकलकर्मी इमारत मे लोगों की तलाश में जुटे है। बाद मे पुलिस ने कहा कि जो व्यक्ति लापता बताया जा रहा था वह मृत मिला है।

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे दुबई से स्वदेश लौटे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे दुबई से स्वदेश लौट आए है। नकदी संकट का सामना कर रहे देश मे उनकी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे और उनके हाथ से सत्ता चली गई थी। चार माह पहले स्वदेश लौटने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। समाचार पत्र डेली मिरर लंका ने हवाई अड्डा ड्यूटी प्रबंधक और हवाई अड्डा आव्रजन विभाग के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि राजपक्षे और उनकी पत्नी आयोमा बृहस्पतिवार को दुबई से यहां भंडारनाइके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे।

# यूक्रेन को बख्तरबंद वाहन, पैट्रियट मिसाइल प्रणाली भेजेगा जर्मनी

**भाषा।** बर्लिन



**जर्मनी युद्धग्रस्त** यूक्रेन को बख्तरबंद कार्मिक वाहन (एपीसी) और एक पैट्रियट मिसाइल बैटरी भेजेगा। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। एपीसी ऐसा बख्तरबंद सैन्य वाहन होता है जिसे युद्ध क्षेत्र में सैनिकों तथा उपकरणों को ले जाने के लिए बनाया गया है। पैट्रियट यूक्रेन को पश्चिमी देशों से मिलने वाली सबसे उन्नत, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली होगी। प्रत्एक प्रणाली में एक बैटरी होती है जिसमें चार मिसाइल रखने की क्षमता होती है और कुल आठ लॉन्चर होते हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बात की थी जिसके बाद जर्मनी-अमेरिका ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर यह घोषणा की। जर्मनी ने मार्डर बख्तरबंद वाहन भेजने का फैसला तब किया है जब फ्रांस ने कहा कि वह बख्तरबंद युद्धक वाहन भेजने के लिए जल्द ही यूक्रेन से बातचीत करेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि यह पहली बार होगा जब पश्चिम निर्मित टैंक विध्वंसक यूक्रेन सेना को दिया जाएगा। जर्मन सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने मार्डर एपीसी दिए जाएंगे या कब तक दिए जाएंगे। उसने कहा कि जर्मनी इसके संचालन के लिए यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देगा। बयान में कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले महीने ऐलान किया था कि वह यूक्रेन को एक पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइल बैटरी देगा और यूक्रेन को एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा बैटरी देने में जर्मनी भी अमेरिका का साथ देगा। जर्मनी ने पहले ही यूक्रेन को अहम सैन्य सहायता दी है जिसमें स्वचालित विमान रोधी बंदूक और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली आईआरआईएस-टी शामिल है। इसके बावजूद शोल्ज पर अपने देश में ही यूक्रेन को मार्डर वाहन समेत और अधिक हथियार भेजने का दबाव है।

### फ्लोरिडा में एक रेस्तरां के निकट गोलीबारी में कई घायल

**भाषा।** मियामी गार्डन (अमेरिका)

**दक्षिण फ्लोरिडा** में एक रेस्तरां के बाहर कहासुनी के बाद हुई गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि बृहस्पतिवार की रात कितने लोग गोलीबारी से मारे गए थे, लेकिन मियामी हेराल्ड ने कहा कि मियामी गार्डन्स में एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए। मियामी गार्डन्स के पुलिस प्रमुख डेल्मा नोएल-प्रैट ने कहा कि जांचकर्ता उन खबरों की जांच कर रहे हैं, जिनमें कहा गया है कि रेस्तरां में एक वीडियो शूट किया जा रहा था। नोएल-प्रैट ने कहा, हमारा मानना है कि यह एक अलग घटना है। मियामी गार्डन्स की पुलिस प्रवक्ता डायना गौरग्यू ने कहा कि वह 10 से अधिक लोगों के घायल होने की रिपोर्ट की पुष्टि नहीं कर सकतीं।

# बाइडन ने बेनेडिक्ट 16वें को वेटिकन दूतावास में श्रद्धांजलि अर्पित की

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने पोप एमेरिटस (सेवामुक्त) बेनेडिक्ट 16वें को बृहस्पतिवार को श्रंद्धाजलि अर्पित की। बेनेडिक्ट, जॉन पॉल के निधन के बाद 2005 में पोप चुने गए थे और छह सदियों में इस पद से इस्तीफा देने वाले पहले कैथोलिक धर्मगुरु थे। उन्होंने 2013 में यह पद छोड़ने की घोषणा की थी।

बाइडन यहां वेटिकन दूतावास पहुंचे और उन्होंने वहां बेनेडिक्ट के निधन से जुड़ी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। इस दूतावास को औपचारिक तौर पर एपोस्टोलिक ननसिएचर ऑफ द होली सी कहा जाता है। बाइडन ने शोक संदेश लिखने के बाद कहा, यह बेहद सम्मान की बात है। शोक पुस्तिका एक मेज पर रखी हुई थी और उसके पीछे बेनेडिक्ट 16वें की तस्वीर रखी हुई थी। राष्ट्रपति ने पत्रकारों से कहा कि बेनेडिक्ट शानदार व्यक्ति थे और उन्होंने पोप के साथ गुजारे गए वक्त को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे वह शांत और तार्किक लगे। मैने उनकी प्रशांसा की और मुझे वह शानदार लगे। बाइडन ने यह भी कहा कि उन्होंने बेनेडिक्ट के अंतिम संस्कार में शामिल होने पर विचार किया लेकिन वह इस नतीजे पर पहुंचे की उनके साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा अधिकारी, व्हाइट हाउस के सहयोगी, अन्य अधिकारी और पत्रकार भी होंगे और इन सब से वहां काफी असुविधा हो सकती थी।

# इंग्लैंड में गणित कौशल की कमी

● सुनक इसे दूर करने के लिए कर रहे प्रयास

**भाषा।** कोलचेस्टर (यूके),



**यूके के प्रधान** मंत्री ऋषि सुनक ने इंग्लैंड में 18 वर्ष की आयु तक के सभी छात्रों के लिए गणित का अध्ययन अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है, ताकि एक ऐसी दुनिया में जहां डेटा हर जगह है और आंकड़े हर काम का आधार हैं युवाओं की मदद की जा सके।

अनिवार्य गणित शिक्षा को 16 वर्ष से आगे बढ़ाना कोई नया विचार नहीं है। यह अन्य मंत्रियों द्वारा भी सुझाया गया है पर अमल में आने में विफल रहा है। हालांकि, जो स्पष्ट है, वह यह है कि प्रधानमंत्री का तर्क वास्तव में सही है। ब्रिटेन में गणितीय कौशल की कमी है। सरकार की 2017 स्मिथ रिव्यू में पाया गया कि उच्च शिक्षा में गैर-एसटीईएम डिग्री वाले लगभग 20 प्रतिशत छात्रों ने ही 16 साल की उम्र के बाद गणित का अध्ययन किया। नफील्ड फाउंडेशन की एक रिपोर्ट, जिसने इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, उत्तरी आयरलैंड और वेल्स की तुलना 20 अन्य विकसित देशों (एस्टोनिया, स्पेन, जापान, कोरिया और रूस सहित) से की, तो पाया कि वे केवल छह देशों में से चार थे जहां 16 के बाद गणित की किसी तरह की पढ़ाई जरूरी नहीं थी। यही नहीं, यूके में लगभग आधे वयस्कों के पास उसी स्तर का संख्यात्मक कौशल होने की सूचना है जो प्राथमिक स्कूल में एक बच्चे से अपेक्षा की जाती है। गणित कौशल की इस कमी को दूर करने के लिए अनुमान लगाया गया है कि ब्रिटेन को प्रति वर्ष 20 अरब पाउंड खर्च करने होंगे। सीमित साधन हालाँकि, सुनक की योजना की आलोचना की गई है। गणित शिक्षण का विस्तार करने के विचार में एक बाधा गणित के शिक्षकों की व्यापक कमी है। यह कमी शिक्षकों द्वारा पेशा छोड़ने से और बढ़ जाती है। लगभग सभी शिक्षकों में से एक तिहाई ने योग्यता प्राप्त करने के पांच साल बाद यह पेशा छोड़ दिया है। फंडिंग के मुद्दे भी हैं। स्कूलों को बजट में कटौती करनी पड़ी है, जिसका अर्थ है कि वे अपने कर्मचारियों और छात्रों को आवश्यक प्रावधानों की पेशकश करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### किशिदा-बाइडन मुलाकात से पहले जापान-अमेरिका के बीच होगी रक्षा मुद्दों पर वार्ता

**भाषा।** तोक्यो

**जापान के प्रधानमंत्री** फुमियो किशिदा के अगले सप्ताह अमेरिका दौरे पर जाने से पहले दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच रक्षा सहयोग को लेकर वार्ता होगी। किशिदा जी-7 देशों के अपने दौरे के अंतिम चरण में अमेरिका पहुंचेंगे।

किशिदा फ्रांस, इटली, ब्रिटेन और कनाडा समेत पांच देशों की अपनी यात्रा सोमवार को शुरू करेंगे और 13 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की अंतिम मुलाकात इंडोनेशिया के बाली में जी-20 सम्मेलन के दौरान हुई थी। अब किशिदा प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार वाशिंगटन दौरे पर जाएंगे। जापानी अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा और विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी अपने अमेरिकी समकक्षों क्रमशः लॉयड ऑस्टिन और एंटनी ब्लिंकन से टू प्लस टू सुरक्षा वार्ता के लिए बुधवार को रवाना होंगे। इसके बाद दोनों देशों के प्रमुख व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे।

# रिपब्लिकन पार्टी के मैक्कार्थी तीसरे दिन भी प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष पद नहीं हासिल कर सके

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष पद तीसरे दिन भी खाली रहा और कई दौर के मतदान के बाद भी रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैककार्थी पर्याप्त वोट नहीं जुटा सके। प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया अब तनावपूर्ण हो गई है, क्योंकि मैककार्थी सातवें, आठवें, नौवें, 10वें और 11वें चरण के चुनाव में भी पर्याप्त वोट जुटाने में नाकाम रहे हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों के विरोध के बावजूद रिपब्लिकन सांसदों ने स्थगन और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए शुक्रवार को फिर से जुटने के लिए वोट किया। मैककार्थी के समर्थकों और विरोधियों के बीच जारी गतिरोध के चलते सदन में नए सत्र का कामकाज शुरू नहीं हो सका। सदन में उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई, जब मैककार्थी के आलोचक रिपब्लिकन पार्टी के मैट गेट्ज ने सांकेतिक रूप से डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर वोट डाल दिया। इस कदम को पार्टी के भीतर भारी मतभेद के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप के नाम पर एक वोट पड़ने से पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। मैककार्थी के समर्थकों ने बहुमत हासिल करने के प्रयासों के लिए कई नए प्रस्ताव दिए हैं और पार्टी के सदस्यों से इस संबंध में बातचीत चल रही है। डेमोक्रेटिक पार्टी के जो नेगस ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी पार्टी के हकीम जेफरीज को नामित किया और कहा, इस सदन को एक विश्वसनीय नेता की जरूरत है। न्यूयॉर्क के जेफरीज को प्रत्एक चरण में अधिक मत मिले हैं, लेकिन वह पर्याप्त सदस्यों का समर्थन नहीं हासिल कर सके हैं। मैककार्थी दूसरे स्थान पर हैं। उन पर अब इस बात का दबाव है कि वह या तो पर्याप्त वोट जुटाएं अथवा इस दौड़ से हट जाएं।

**PUBLIC NOTICE**

My Client, Sh. Saurabh Goyal S/o Lt. Sh. Adesh Kumar Goyal R/o O-37, Sector 12, Noida U.P. is the registered owner of residential Lig Flat No. 37, Block-O, Sector 12, Noida U.P. My client's chain document i.e. registered transfer deed dated-26.02.1994 executed by Sh. Ramesh Kumar Rana in favor of Sh. Adesh Kumar Goyal vide reg no 863 SR-Noida has been lost. in this regard NCR report has been registered vide LR No:796883/2022. this property is going to be mortgage with IIFL Home Finance Limited. Any Person/ Bank/ Financial Institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned along with documentary evidence through registered A/D within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all, **SALIL TANGRI** S/o LATE SH. A.K. TANGRI R/o KC-29A, ASHOK VIHAR PHASE-I, DELHI-110052 Allottee/Mutatee of DDA MIG FLAT NO.29-A, GROUND FLOOR, BLOCK-KC, WAZIRPUR RESDENTIAL SCHEME, ASHOK VIHAR PHASE-I, DELHI-110052 have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. DEMAND/ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER AND ELECTRICITY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP & OTHER DOCUMENTS of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 18585/2023 dated 06/01/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above Address/Phone No. 8527134777 within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing) - MIG or Director (H)-MIG, Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

# चीन कर रहा यात्रा के दौरान संक्रमण का खतरा कम करने की कोशिश

**भाषा।** बीजिंग



**चीन कोविड** महामारी को नियंत्रित करने के तमाम उपायों के बाद इस महीने चंद्र नव वर्ष पर बड़ी संख्या में लोगों के यात्रा करने के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे को कम से कम करने के लिए प्रयासरत है।परिवहन मंत्रालय ने शुक्रवार को यात्रियों खासकर बुजुर्ग लोगों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों से यात्रा कम करने और भीड़ ना लगाने की अपील की।उप मंत्री शू चेंगुआंग ने संवाददाताओं से कहा, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कर रहे लोगों को मास्क लगाना चाहिए और अपने स्वास्थ्य और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। नागरिकों से पूरी तरह से घर पर रुकने की अपील बंद कर दी गई है जैसा कि सरकार ने यह महामारी की शुरुआत में ही किया था। हालांकि कुछ स्थानीय सरकारों ने प्रवासी श्रमिकों से घर नहीं लौटने का आग्रह किया है। चीन सरकार ने आर्थिक दुष्प्रभाव की बढ़ती चिंताओं और कहीं-कहीं पाबंदियों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच दिसंबर में अचानक लॉकडाउन, पृथकवास और सामूहिक जांच की व्यवस्था खत्म कर दी थी। इसके बाद देश में कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। चीन रविवार को विदेशों से आने वाले नागरिकों को अनिवार्य रूप से पृथकवास में भेजने की व्यवस्था को भी खत्म कर रहा है। दुनियाभर में चीन से आने वाले यात्रियों की कोविड जांच अनिवार्य करने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है। इन देशों का कहना है कि चीन महामारी के और खास तौर पर कोरोना वायरस के नए स्वरूपों के बारे में पर्याप्त जानकारी साझा नहीं कर रहा है जिसकी वजह से उन्हें चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोविड जांच अनिवार्य करना पड़ रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन इसी महीने या अगले महीने बीजिंग के अपने पहले दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान वे चीन के नवनियुक्त विदेश मंत्री किन गैंग से मुलाकात करेंगे।

### कोविड के चलते अन्य रोगों के प्रति बदल जाती है पुरुषों की शरीर की प्रतिक्रिया: अध्ययन

**वाशिंगटन।** कोविड-19 के कारण पुरुषो मे मजबूत प्रतिरोधकप्रतिक्रिया पैदा हो सकती है, जिसके चलते कोविड से उबरने के काफी समय बाद तक भी उनकी नियमित प्रतिरक्षा प्रणाली मे बदलाव देखने को मिल सकते है। एक अध्ययन मे यह बात सामने आई है। वैज्ञानिक लंबे समय से मानते रहे है कि किसी वायरल संक्रमण के बाद प्रतिरक्षा प्रणाली वापस स्थिर स्तर पर आ जाती है। हालांकि नेचर नामक पत्रिका मे हाल मे प्रकाशित अध्ययन मे पता चला है कि यह व्यक्ति के लिंग पर निर्भर करता है। अमेरिका के राष्ट्रीय एलर्जी और संक्रामक रोग संस्थान के अध्ययनकर्ताओ ने फ्लू के टीके लगवाने वाले लोगो की प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं का व्यवस्थित विश्लेषण किया। इसके बाद उन्होने इस विश्लेषण की तुलना दो तरह के लोगो की प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं से की।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मिस्टर फ्रेंच अरेबियन अरोमा (कर्ज़दार), नीता बेदी, सुबीर बेदी, मेसर्स इटियोशा पार्न (सह-कर्ज़दार) 081505500664 और 081555000002 | संपत्ति संख्या 40, सेक्टर 53, चरण-1, औद्योगिक एस्टेट कुंडली, सोनीपत, हरियाणा-132103/ क्षेत्रफल -10764 वर्ग फुट | रु. 2,54,78,650.34/- (दिसम्बर 30, 2022 तक) | रु. 5,60,00,000/- / रु. 56,00,000/- | जनवरी 07, 2023 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | जनवरी 25, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 24, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में **जनवरी 24, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **जनवरी 24, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली-110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जनवरी 24, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि :** जनवरी 07, 2023
**स्थान :** दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गई : नड्डा

**भाषा।** दावणगेरे (कर्नाटक)



**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गई है। उन्होंने कांग्रेस पर फूट डालो और राज करो की राजनीति करने एवं भ्रष्टाचार, घूसखोरी और जातिवाद का प्रतिनिधित्व करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मिशन, समाज की सेवा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जब 2014 में मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला, तो यह केवल प्रधानमंत्री या सरकार या लोगों या किसी दल का परिवर्तन नहीं था, बल्कि यह देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव था। नड्डा यहां भाजपा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रह थे। मैं बढ़ा-चढ़ा कर नहीं कह रहा हूं, संप्रग की पिछली सरकार ऐसे दलों के समूह के तहत थी जो वंशवादी व्यवस्था को बढ़ावा दे रहे थे, वे पारिवारिक दल थे, वे वोट बैंक की राजनीति में विश्वास कर लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई कर रहे थे। वे समाज को बांटने और शासन करने में विश्वास करते थे, वे धर्म और जाति के आधार पर विभाजन करने में विश्वास करते थे...।

भाजपा अध्यक्ष राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले अपने प्रचार अभियान के तहत यहां पेशेवरों और बुद्धिजीवियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में अप्रैल-मई तक विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने न केवल वंशवादी शासन, वंशवाद, जातिगत समीकरणों, वोट बैंक की राजनीति को चुनौती दी, बल्कि मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र पर बल दिया। आप पाएंगे कि देश ने यू-टर्न लिया और नई राजनीतिक संस्कृति आई। देश में रिपोर्ट कार्ड की राजनीति आ गई है और जब मैं आपके पास आता हूं तो मैं जाति व्यवस्था और धर्म के नाम पर समाज को बांटने की बात नहीं करता। जब मैं और मेरे नेता आपके पास आते हैं तो वे अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, सांसद जी. एम. सिद्धेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नड्डा ने कहा, ... एक जवाबदेह सरकार होनी चाहिए और यह नई संस्कृति आ गई है, हम एक जिम्मेदार, सक्रिय और जवाबदेह सरकार हैं। देश भर में कोविड-19 के खिलाफ सफल टीकाकरण अभियान, युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी, डिजिटल भुगतान में तेजी का श्रेय मोदी प्रशासन को दिया।

## मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन टीम भावना को मजबूत करने का शानदार मंचः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की और कहा कि भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए टीम भावना को मजबूत करने का यह एक शानदार मंच है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, मुख्य सचिवों के सम्मेलन में उपस्थित हूं। यह महत्वपूर्ण नीति संबंधी विषयों पर विचारों का आदान प्रदान करने और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की टीम भावना को मजबूत करने का एक शानदार मंच है। प्रधानमंत्री ने इस बैठक से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की। मुख्य सचिवों के इस राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत पांच जनवरी को हुई थी। प्रधानमंत्री शुक्रवार और शनिवार को इसकी अध्यक्षता करेंगे। मुख्य सचिवों का इस तरह का पहला सम्मेलन जून 2022 को धर्मशाला में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि यह सम्मेलन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी में गति लाने के लिए एक और पहल है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का केंद्रीय विषय राज्यों की साझेदारी के साथ तेज और सतत आर्थिक विकास हासिल करना है। सम्मेलन में केंद्र सरकार, मुख्य सचिव और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विषयगत विशेषज्ञों को मिलाकर 200 से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं। पीएमओ के मुताबिक सम्मेलन विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक कार्वाई की भूमिका तैयार करेगा, जिसमें रोजगार सृजन तथा समावेशी मानव विकास की वृद्धि पर जोर दिया जाएगा।



पोर्ट ब्लेयर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अंडमान और निकोबार दीपसमूह की यात्रा के दौरान सैन्य अधिकारी से बातचीत करते हुए।

## पाक सेना की हिरासत से बेटी को पेश करने का निर्देश देने की याचिक खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसने पाकिस्तानी अधिकारियों को उसकी बेटी और नवासे को पेश करने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि उसकी बेटी और नवासे को असम में उनके मूल स्थान से अगवा कर लिया गया था और बाद में अफगानिस्तान से बिना वैध दस्तावेज़ के पाकिस्तान में प्रवेश के दौरान पाकिस्तानी फौज ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अदालत का पड़ोसी देश के प्राधिकारियों पर कोई अधिकार नहीं है और उसके समक्ष याचिका भी विचारणीय नहीं है क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र के बाहर के मामले को उठाती है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिका यहां इसलिए दायर की गई है क्योंकि केंद्र सरकार दिल्ली से काम करती है और पाकिस्तानी दूतावास भी राष्ट्रीय राजधानी में स्थित है। पीठ ने कहा, यह अदालत पाकिस्तान में अधिकारियों को आपकी बेटी को पेश करने का निर्देश कैसे दे सकती है?... आपको समझना चाहिए कि ए विदेशी नागरिक नहीं हैं (बल्कि विदेशी अधिकारी हैं)। आप पाकिस्तान में अधिकारियों के खिलाफ राहत का दावा कर रही हैं। क्या हमारा पाकिस्तान में कोई क्षेत्रीय अधिकार है? पीठ में न्यायमूर्ति तलवंत सिंह भी हैं। इसने याचिका को खारिज कर दिया और याचिकाकर्ता को गुवाहाटी उच्च न्यायालय में कानून के अनुसार उचित कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता दी, क्योंकि वहां की अदालत के अधिकार क्षेत्र में यह मामला आता है। याचिकाकर्ता ने अपनी बेटी और नवासे को पेश करने के लिए केंद्र और पाकिस्तानी अधिकारियों के खिलाफ बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।

## क्या अमित शाह पुजारी हैं कि उन्होंने राम मंदिर बनकर तैयार होने की तिथि घोषित कर दीः खरगे

**पानीपत (हरियाणा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम अगले साल एक जनवरी तक पूरा होने की गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उन पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि क्या शाह राम मंदिर के पुजारी हैं जो वह ऐसी घोषणा कर रहे हैं। ऐसी घोषणा साधु-संतों को करनी चाहिए और गृह मंत्री के तौर पर शाह का जो कर्तव्य है उन्हें उस पर ध्यान देना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी राज्य त्रिपुरा में एक रैली में कहा था कि अगले साल एक जनवरी तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। शाह ने कहा था, राहुल बाबा सुनिए, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्एंद्र दास और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने भी राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की सराहना की थी।

## शहरी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस बलों का सुदृढ़ीकरण जरूरीः कलराज

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शहरों में घटित होने वाले नए प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए पुलिसिंग से जुड़ी प्रौद्योगिकी विकसित कर पुलिस बलों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जांच और अभियोजन की कार्वाई समयबद्ध ढंग से पूरी करने के लिए पुलिस एजेंसियों को मिलकर प्रभावी रूप में कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि कि जांच के वैज्ञानिक तरीकों का समुचित उपयोग कर पुलिस को अपने तंत्र को इतना मजबूत करना चाहिए कि अपराधी को समय पर सजा मिल जाए और निरपराध को कोई फंसा न सके।

वह शुक्रवार को यहां केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) द्वारा आयोजित जांच एजेंसियों के प्रमुखों के राष्ट्रीय सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की कानून व्यवस्था की रीढ़ वहां की पुलिस होती है। उन्होंने कानून के पालन में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा की निगरानी ही नहीं करते, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा के भी प्रहरी होते हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुए मिश्र ने कहा कि वैश्वीकरण एवं सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस दौर में आपराधिक मामलों की जटिलताएं कई गुना बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जांच और अभियोजन की कार्यवाही में तेजी लाने के लिए अपराध विवेचन में वैज्ञानिक विधियों और साधनों का त्वरित एवं दक्षतापूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक बालाजी श्रीवास्तव ने जांच एवं अनुसंधान में उत्तम कार्यप्रणाली और मानक प्रोत्साहन के महत्व के बारे में जानकारी दी।

## दो राज्यों के बीच सीमा में बदलाव विशुद्ध रूप से राजनीतिक मुद्दाः मेघालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेघालय सरकार** ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि दो राज्यों के बीच सीमाओं में बदलाव या क्षेत्रों के आदान-प्रदान से संबंधित मामला पूरी तरह से राजनीतिक मुद्दा है, जो कार्यपालिका के एकमात्र कार्यक्षेत्र में आता है। राज्य सरकार ने मेघालय उच्च न्यायालय के आठ दिसंबर, 2022 के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों द्वारा उनके सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर रोक लगा दी है।

शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में मेघालय सरकार ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात की समीक्षा करने में विफल रहा कि जब मामला राज्यों के बीच सीमा के सीमांकन जैसे संप्रभु कार्यों से संबंधित है, तो केवल याचिकाकर्ता के कहने पर अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता है। याचिका में कहा गया है, यह निवेदन किया जाता है कि दो राज्यों के बीच सीमाओं के परिवर्तन या दो राज्यों के बीच क्षेत्रों के आदान-प्रदान से संबंधित कोई भी मुद्दा देश के राजनीतिक प्रशासन और इसकी संघीय घटक इकाइयों से संबंधित विशुद्ध रूप से राजनीतिक प्रश्न है।

याचिका में कहा गया है कि दोनों राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सीमाओं का सीमांकन करने के लिए राज्यों के बीच एक संप्रभु अधिनियम है जिसे एक रिट याचिका के माध्यम से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है और अंतरिम आदेश पारित करके (राज्यों के अधिकार को) कम नहीं किया जा सकता है। याचिका के अनुसार, इतना ही नहीं, ऐसे मामलों के संबंध में न्यायिक समीक्षा का दायरा बेहद संकीर्ण है।

राज्य सरकार ने कहा है, "यह निवेदन किया जाता है कि विवादित फैसले को पारित करते वक्त (उच्च न्यायालय की) खंडपीठ इस बात की समीक्षा करने में विफल रही कि 29 मार्च, 2022 को असम और मेघालय के बीच छह क्षेत्रों के सीमा विवादों को सुलझाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राज्य सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय को एकल न्यायाधीश द्वारा पारित अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप करना चाहिए था क्योंकि यह अंतरिम राहत प्रदान करने के लिए न्यायिक रूप से निर्धारित सिद्धांतों का पालन किए बिना एक यांत्रिक तरीके से पारित किया गया आदेश था।

## प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बेटियों को उच्चतम न्यायालय लाए, कार्यस्थल दिखाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में शुक्रवार सुबह वकील उस समय आश्चर्यचकित रह गए, जब प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ अपनी दो बेटियों के साथ अदालत परिसर पहुंचे। प्रधान न्यायाधीश बेटियों को कार्यस्थल दिखाने के लिए उच्चतम न्यायालय लेकर आए थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ सुबह करीब 10 बजे अदालत परिसर पहुंचे और आगंतुक गैलरी से होते हुए बेटियों को अपने अदालत कक्ष (प्रथम अदालत) ले गए और उनसे कहा, देखिए, मैं यहीं बैठता हूं। प्रधान न्यायाधीश बेटियों को अपने कार्यस्थल के बारे में बताते हुए अपने कक्ष में ले गए और उन्हें वह स्थान दिखाया जहां न्यायाधीश बैठते हैं और जहां से वकील अपने मामलों की पैरवी करते हैं। सूत्रों ने कहा कि बेटियों ने पिता के कार्यस्थल को देखने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ अपनी गोद ली हुई बेटियों को अदालत का कामकाज दिखाने लाए।



शिवहर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा के दौरान जीविका दीदी को उपहार देते हुए।

## सड़क सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश को लेकर बैठक बुलाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश ए. एम. सप्रे की अध्यक्षता वाली समिति को सभी राज्यों में सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी तथा उसके मानदंडों के अमल पर राज्य-विशिष्ट दिशानिर्देश के लिए एक रूपरेखा तैयार करने के वास्ते दो सप्ताह के भीतर एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने इस बात को लेकर सहमति व्यक्त की कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 136ए (सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और प्रवर्तन) को लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

मोटर वाहन अधिनियम को 2019 में संशोधित किया गया था, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य के नियंत्रण वाले राजमार्गों, सड़कों और शहरी इलाकों में सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और प्रवर्तन के लिए धारा 136ए के प्रावधानों को शामिल किया जा सके। अब मुद्दा विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से प्रदेश-विशिष्ट दिशानिर्देशों को तैयार करके धारा 136ए के प्रावधानों के उचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। पीठ ने कहा, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 215बी ने एक सलाहकार की भूमिका में एक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन का मार्ग प्रशस्त किया है। रूपरेखा की दृष्टि से यह न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए एम सप्रे, सरकारी अधिकारी और न्यायमित्र के लिए उपयुक्त होगा कि वे तौर-तरीके निर्धारित करें। बैठक दो सप्ताह के भीतर बुलाई जा सकती है। न्यायमित्र बैठक में बनी आम सहमति के बारे में अदालत को रिपोर्ट कर सकते हैं। मामला अब फरवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

### क्विक न्यूज

## समलैंगिक विवाह पर उच्च न्यायालयों में लंबित सभी याचिकाओं को न्यायालय ने संलग्न किया, खुद करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे पर देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए उन्हें अपने पास स्थानांतरित कर लिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र से 15 फरवरी तक इस मुद्दे पर सभी याचिकाओं पर अपना संयुक्त जवाब दाखिल करने को कहा और निर्देश दिया कि 13 मार्च तक सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाए। पीठ ने कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता यदि अदालत के समक्ष भौतिक रूप से बहस करने के लिए उपलब्ध नहीं है तो वह डिजिटल मंच की सुविधा का लाभ उठा सकता है। शीर्ष अदालत ने रजिस्ट्री से उन सभी पक्षों को डिजिटल सुनवाई के लिए लिंक मुहैया कराने को कहा जो अदालत से डिजिटल तरीके से संवाद करना चाहते हैं। न्यायालय ने केंद्र की तरफ से पेश वकील कानू अग्रवाल और याचिकाकर्ताओं की वकील अरुंधति काटजू से इस मुद्दे, संबंधित कानूनों और पूर्व मिसाल, यदि कोई हो तो, पर एक लिखित नोट दाखिल करने और इसे आपस में व अदालत के साथ साझा करने को कहा। पीठ ने अधिवक्ता कानू अग्रवाल से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता छूट न जाए और सभी याचिकाओं का विवरण तैयार किए जाने वाले संकलन में शामिल किया जाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि न्यायालय के पास दो विकल्प उपलब्ध हैं क्योंकि एक याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष सुनवाई के लिए तैयार है और शीर्ष अदालत उसके फैसले का इंतजार कर सकती है या वह सभी याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित कर सकती है।

## मोदी सरकार ने सहकारी संघवाद के नए युग की शुरुआत कीः अधिकारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की अध्यक्षता में हुए मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के साथ ही आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने नीति निर्माण और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को अधिक सहयोगात्मक और परामर्शी बनाकर सहकारी संघवाद के नए युग की शुरुआत की है। मुख्य सचिवों के सम्मेलन का उद्देश्य समन्वय व राज्यों के साथ साझेदारी में तेज और निरंतर आर्थिक विकास करना है क्योंकि प्रधानमंत्री का मानना है कि यह नए भारत के विकास और प्रगति के लिए एक आवश्यक स्तंभ है। उनके मुताबिक, इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मोदी ने इस सम्मेलन की अवधारणा तैयार की थी और पिछले साल धर्मशाला में पहली बार इसका आयोजन किया गया।

अधिकारियों ने इस कड़ी में कई कार्यक्रमों और उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें प्रधानमंत्री ने सहकारी संघवाद को मजबूत करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर, जनवरी 2018 में मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम में काम कर रहे हैं ताकि सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से देश के सबसे पिछड़े जिलों में तेजी से विकास किया जा सके। मोदी सरकार ने कर संसाधनों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भी काम किया है। करीब 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे मोदी जानते हैं कि राज्यों के विकास की कुंजी पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उनकी सरकार ने करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का निर्णय लिया।

राज्यों को अपनी जरूरतों के अनुसार कार्यक्रम तैयार करने और उनके कार्यान्वयन के लिए अधिक संसाधन मिले हैं। एक अन्य उदाहरण माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद है, जहां केंद्र और राज्य दोनों निर्णय लेने में भागीदार हैं। परिषद का कामकाज राजकोषीय संघवाद का एक उदाहरण है जिसमें आम सहमति से निर्णय लिए जाते हैं। मोदी ने केंद्र और राज्यों को शामिल करते हुए प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म प्रगति की अनूठी अवधारणा भी शुरू की है। इस अनूठी पहल से केंद्र सरकार (सचिव), राज्य सरकार (मुख्य सचिव) और अन्य अधिकारी प्रधानमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं और सभी विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के समयसीमा में क्रियान्वयन के लिए एक साथ प्रयासरत हैं।

## डीपीएपी से कई नेताओं का चला जाना कोई झटका नहीं हैः आजाद

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि डीपीएपी से नेताओं का कांग्रेस में लौट जाना उनकी पार्टी के लिए कोई झटका नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने पुराने साथियों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीरजादा मोहम्मद सईद समेत डीपीएपी के 17 नेता शुक्रवार को नई दिल्ली में फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। आजाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह कोई झटका नहीं है क्योंकि उन तीनों का कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, मैं उनके विरूद्ध कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि वे मेरे पुराने साथी रहे हैं।

वह ताराचंद, सईद और ठाकुर बलवान सिंह का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिसीमन के बाद ए नेता बिना निर्वाचन क्षेत्र के रह गए थे, क्योंकि कुछ विधानसभा क्षेत्रों को आयोग ने आरक्षित कर दिया था। आजाद ने कहा, मैंने उन्हें (पार्टी में) पद दिए, क्योंकि वे मेरे पुराने सहयोगी थे और चुनाव लड़ नहीं सकते थे। लेकिन उन्हें यह नहीं हजम नहीं हो पाया। तो ठीक है। शायद वे जहां गए हैं, वे नहीं जानते हैं कि इन तीनों के पास बस पार्टी के पद थे, उनका कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं है। जब उनसे यह पूछा गया कि राजौरी में आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं को सांप्रदायिक रंग देने को वह कैसे देखते हैं, तो कहा, आतंकवादियों ने हमेशा ही यह करने का प्रयास किया है। यह कोई नई चीज नहीं है और पिछले 25 साल से हो रहा है, जब कभी सिखों एवं कश्मीरी पंडितों का नरसंहार होता है...। यह पाकिस्तान की नीति है, यह अफसोसजनक है और इससे कश्मीर के मुसलमानों को भी काफी कुछ झेलना पड़ता है। शायद हत्यारों को इसका अहसास नहीं है कि कश्मीरी मुसलमानों को यहां किसी गैर मुसलमान की हत्या को लेकर काफी कुछ झेलना पड़ता है। हमारे लाखों लड़के-लड़कियां देशभर में पढ़ रहे हैं। इन हत्याओं का किसी न किसी रूप में उनपर असर पड़ता है।

## महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने वाले पांच हजार यात्रियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** रेलवे ने दिसंबर महीने में एक अभियान चला कर महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने वाले क्रमशः 5100 और 6300 से अधिक यात्रियों को गिरफ्तार किया है। रेलवे की संपत्तियों, यात्रियों और यात्री क्षेत्रों की सुरक्षा और इससे संबधित मसलों की देखरेख करने वाले रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आरक्षित कोचों में अनधिकृत प्रवेश के खिलाफ एक महीने का अखिल भारतीय अभियान शुरू किया है। आरपीएफ का ध्यान मुख्य रूप से महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षित कोचों में अनधिकृत प्रवेश, भीख मांगना, किन्नरों द्वारा जबरन वसूली और ट्रेनों के सामान्य डिब्बों में अनाधिकृत लोगों द्वारा सीट हड़पने पर था। 5100 से अधिक लोगों को महिलाओं के लिए आरक्षित डब्बों में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने अथवा यात्रा करने लिए जबकि दिव्यांगों के कोच से 6300 से अधिक ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## अदालत ने संजय राउत के पेश होने के बाद उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट रद्द किया

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने भाजपा के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की मानहानि की एक शिकायत की सुनवाई में भाग न लेने के लिए शिवसेना नेता संजय राउत के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट शुक्रवार को रद्द कर दिया। राउत अदालत में पेश हुए, जिसके बाद वारंट रद्द कर दिया गया। इससे पहले जब मामले पर सुनवाई शुरू हुई तो राउत के वकील ने राज्यसभा सदस्य को व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का आग्रह किया, लेकिन शिवड़ी के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने याचिका खारिज कर दी और पहले आदेश दिए जाने के बावजूद अदालत में पेश न होने के लिए राउत के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने मामले में शुक्रवार को शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करने शुरू किए। राउत दोपहर के भोजनावकाश के बाद अदालत में पेश हुए, जिसके बाद अदालत ने वारंट रद्द कर दिया। मामले पर अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी। सोमैया ने यह दावा करते हुए अदालत का रुख किया था कि राउत ने निराधार और अपमानजनक आरोप लगाए कि उन्होंने और उनके पति ने मुंबई के समीप मीरा भायंदर इलाके में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण और देखरेख में 100 करोड़ रुपए का घोटाला किया।

## सोनिया की सेहत में सुधार हो रहा हैः अस्पताल

**नई दिल्ली।** वायरल श्वसन संक्रमण के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की सेहत में सुधार हो रहा है। सर गंगाराम अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, वायरल श्वसन संक्रमण के बाद भर्ती कराईं गईं सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार भी हो रहा है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष 76 वर्षीय सोनिया गांधी को वायरल श्वसन संक्रमण के कारण बुधवार को गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती कराने के समय सोनिया गांधी की पुत्री प्रियंका गांधी वाद्रा उनके साथ थीं।

# तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम पर भारत का फोकस

**● निर्णायक मैच आज : श्रीलंका की टीम ने भी कसी कमर**

**भाषा।** राजकोट


हार्दिक


अक्षर


सूर्य

**श्रीलंका को** शनिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में हराने के लिए भारतीय तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को पिछले मैच की हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।
पहले मैच में आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में 16 रन से हार गई। युवा तेज गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन हार का प्रमुख कारण रहा लेकिन उमरान मलिक और शिवम मावी को बखूबी पता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला है। उनकी खराब लाइन और लैंग्थ का श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने बखूबी फायदा उठाया। चोटों से उबरकर टीम में लौटे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने दो ओवरों में पांच नोबॉल डाली। वह पहले ओवर में लगातार तीन बार क्रीज से बाहर रहे और टी20 में नोबॉल की हैट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। पहले मैच में शानदार पदार्पण करने वाले मावी और अर्शदीप दोनों ने काफी नोबॉल फेंकी। ऐसे में कप्तान हार्दिक पंड्या को स्पिनरों पर निर्भर रहना पड़ा। वैसे महज एक मैच में खराब प्रदर्शन की गाज युवाओं पर नहीं गिरेगी क्योंकि उन्हें अनुभव की जरूरत है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा , युवा खिलाड़ियों के कैरियर में इस तरह के मैच आएंगे और हमें उनके साथ संयम बरतना होगा। लेकिन हमें समझना होगा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा , वे सीख रहे हैं।यह कठिन है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें संयम से काम लेना होगा। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहा। शुभमन गिल लगातार दूसरी बार असफल रहे और अब राहुल त्रिपाठी की तरह ही वह कोई मौका बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। त्रिपाठी भी अपने पहले मैच में नहीं चल सके। आधी टीम 60 रन के भीतर पवेलियन लौट चुकी थी जिसके बाद अक्षर पटेल और सूर्यकुमार यादव ने उम्दा बल्लेबाजी की। अक्षर के रूप में भारत को रविंद्र जडेजा जैसा उपयोगी हरफनमौला मिल गया है। अपने कोर खिलाड़ियों को टीम और मौके देगी क्योंकि अब उसे विराट कोहली और रोहित शर्मा के दौर से इस प्रारूप में आगे निकलना है। निर्णायक मैच में टीम में किसी बदलाव की संभावना कम है। कोच द्रविड़ कह ही चुके हैं कि बहुत ज्यादा बदलाव उन्हें पसंद नहीं है। एशिया कप चैम्पियन श्रीलंका ने शानदार वापसी करके भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। उसे हालांकि मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है। टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे।

# अगले टी-20 विश्व कप के लिए बना रहे हैं टीम, संयम की जरूरत : द्रविड़



**भाषा।** पुणे

**मुख्य कोच** राहुल द्रविड़ ने कहा है कि अगले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम तैयार की जा रही है और ऐसे में युवा खिलाड़ियों को अनुभव दिए जाने की जरूरत है। द्रविड़ ने कहा कि श्रीलंका से दूसरे टी20 में मिली हार की एक अहम वजह खिलाड़ियों की अनुभवहीनता थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के पास अनुभवी अंतिम एकादश थी जबकि भारत ने दो महीने पहले हुए टी20 विश्व कप की तुलना में बिल्कुल अलग टीम उतारी थी। उन्होंने बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा , ए युवा खिलाड़ी काफी हुनरमंद हैं लेकिन सीख रहे हैं। यह आसान नहीं है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। टीम अगले टी20 विश्व कप के लिए तैयार की जा रही है। उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के लिए इस प्रारूप में दरवाजे बंद होने का संकेत देते हुए कहा कि युवाओं के साथ संयम से काम लेने की जरूरत है और टीम प्रबंधन को चाहिए कि उनका साथ देता रहे। हमने इस श्रृंखला से पहले आखिरी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस टीम के तीन या चार खिलाड़ी ही मौजूदा टीम में है। हमारी नजरें अगले टी20 विश्व कप पर है और यह युवा टीम है। अब फोकस भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर है और द्रविड़ का मानना है कि अधिक से अधिक युवाओं को टी20 खेलने का मौका देने का यह सही समय है। अच्छी बात यह है कि इस साल वनडे विश्व कप होना है।उस पर अधिक फोकस रहेगा। उसके बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप है। ऐसे में टी20 मैचों में युवाओं को मौके दिए जा सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में शिवम मावी, उमरान मलिक, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी जैसे युवाओं को मौका दिया। उन्हें मौके देने के साथ उनका साथ देने की भी जरूरत है।हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। हमें यह भी समझना होगा कि इस तरह के मैच आएंगे ही।

### स्पिन हरफनमौला विभाग में हमारी टीम काफी मजबूत

**पुणे।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भारतीय टीम के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला विभाग से खुश है और उन्होने कहा कि इस समय टीम इस विभाग मे काफी मजबूत है। द्रविड़ ने यह संकेत दिया कि रविंद्र जडेजा जल्दी ही टीम मे होगे जिससे स्पिन हरफनमौला विभाग मे भारत और मजबूत हो जाएगा। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 मे भारत की 16 रन से हार के बाद द्रविड़ ने कहा , मुझे लगता है कि हमारा स्पिन हरफनमौला विभाग इस समय काफी मजबूत है। शाहबाज अहमद भी टीम का हिस्सा थे। वाशिंगटन सुंदर भी है और फिर जडेजा भी आ जाएंगे।हम टीम से खुश है। अक्षर पटेल ने इस मैच मे दो विकेट लेने के साथ 31 गेंद मे 65 रन बनाए। कोच ने कहा कि इससे उनके पास विकल्प बढ गए है। टी20 क्रिकेट मे जब भी मौका मिलता है, उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अच्छा संकेत है। उसके जैसे खिलाड़ी , सुंदर और जडेजा के आने से हमारे पास विकल्प बढ जाएंगे। कोच ने यह भी कहा कि तेज गेंदबाजी मे शिवम मावी के प्रदर्शन से कप्तान हार्दिक पंड्या काफी खुश है। मावी ने इस मैच मे तेजी से 26 रन भी बनाए। द्रविड़ ने कहा , तेज गेंदबाजी मे हम हार्दिक पर काफी निर्भर है। हम चाहते है कि दूसरे खिलाड़ी भी आगे आएं। मावी की बल्लेबाजी देखकर अच्छा लगा। उसने कप्तान के चेहरे पर मुस्कान ला दी। तेज गेंदबाजो को इस तरह बल्लेबाजी करते देखकर अच्छा लगा।

### भुवनेश्वर में होगी एमओसी की बैठक

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) पुरुष हॉकी विश्व कप के इतर 20 जनवरी को भुवनेश्वर मे अपने मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक आयोजित करेगा। विश्व कप का आयोजन 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला मे होगा। एमओसी के सदस्य आमतौर पर टॉप्स एथलीटो के चयन के लिए अपनी मासिक बैठको के लिए दिल्ली मे मिलते है। यह पहली बार होगा जब वे किसी अन्य शहर मे बैठक करेंगे।

### टीम में वापसी पर हुआ सुखद आश्चर्य : शिखा

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को एक साल पहले अचानक से राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम मे वापसी से पर उन्होंने सुखद आश्चर्य हुआ है। इस 33 साल की खिलाड़ी ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अक्टूबर 2021 मे खेला था। वह पिछले साल न्यूजीलैंड मे खेले गए एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम की अहम सदस्य थी।

### इटली के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी वियाली का निधन

**रोम।** इटली के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी जियानलुका वियाली का 58 साल की उम्र मे निधन हो गया। इटली की फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वियाली ने 1985 से 1992 तक इटली की राष्ट्रीय टीम के लिए 59 मैच खेले और इसमे 16 गोल दागे। चेल्सी मे खिलाड़ी और प्रबंधक की भूमिका निभाने से पहले उन्होने सम्पदोरिया और जुवेंटस दोनो को सीरी ए और यूरोपीय ट्राफियां जीतने मे मदद की थी।

### प्रनेश भारत के 79वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने

**स्टाकहोम।** एम प्रनेश फिडे सर्किट का पहला टूर्नामेंट रिल्टन कप खिताब जीतकर भारत के 79वें ग्रैंडमास्टर बन गए। सोलह वर्ष के प्रनेश ने 2500 रेटिंग का आंकड़ा पार करके ग्रैंडमास्टर बनने के तीनो नॉर्म पूरे कर लिए। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए खिलाड़ी को तीन जीएम नॉर्म हासिल करने होते है और 2500 ईएलओ अंक का आंकड़ा भी पार करना होता है। प्रनेश ने यहां आठ गेम जीते और इंटरनेशनल मास्टर कान कुकुसारी (स्वीडन) और ग्रैंडमास्टर निकिता मेशकोव्स (लाटविया) से आगे रहे। इस टूर्नामेंट मे 29 राष्ट्रीय महासंघो के 136 खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत के आर राजा रित्विक छह अंक लेकर आठवे स्थान पर रहे।

### विदर्भ पर मध्यप्रदेश की बड़ी जीत में चमके आवेश

**इंदौर।** आवेश खान के पांच विकेट की मदद से गत चैम्पियन मध्यप्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच मे शुक्रवार को विदर्भ को 205 रन से हराया। जीत के लिए 407 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने एक विकेट पर 13 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसकी सारी उम्मीदे कप्तान फैज फजल पर टिकी थी। भारत के लिए एक वनडे खेल चुके फजल ने 193 गेंद मे आठ चौकों की मदद से 65 रन बनाए लेकिन टीम की हार नही टाल सके। विदर्भ की पहली पारी मे आवेश ने सात विकेट लिए थे। उन्होंने पहला विकेट नचिकेत भूते (12) के रूप मे लिया। बाद मे उन्होने अथर्व तायडे (एक) को पवेलियन भेजा। पुनीत दाते ने गणेश सतीश (पांच) को आउट करके विदर्भ को एक और झटका दिया। इस समय स्कोर चार विकेट पर 61 रन था। फजल को अक्षर वाडकर (38) के रूप मे अच्छा साझेदार मिला।

# थापा और हुसामुद्दीन को स्वर्ण पदक

**● सेना ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी का खिताब बरकरार रखा**

**भाषा।** हिसार



**अनुभवी** शिवा थापा और मोहम्मद हुसामुद्दीन ने छठी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शुक्रवार को जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने 10 पदकों के साथ टीम के खिताब को अपने पास बरकरार रखा। रिकॉर्ड छह बार के एशियाई पदक विजेता असम के थापा को फाइनल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसआरवी) के अंकित नरवाल कड़ी चुनौती नहीं पेश कर सके। थापा ने 63.5 किग्रा वर्ग के इस मुकाबले में 2021 विश्व युवा चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता को 5-0 से हराया। एसएससीबी के मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन को 57 किग्रा भार वर्ग फाइनल में 2016 विश्व युवा चैंपियन आरएसपीबी के सचिन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले साल के फाइनल में हार का सामना करने के बाद दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता ने इस बार 4-। से जीत दर्ज की। एशियाई चैंपियनशिप (2022) के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) को 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर के खिलाफ अपने फाइनल मुकाबले में वाकओवर मिला। सागर मामूली चोट के कारण मैच में भाग नहीं ले सके। हुसामुद्दीन और नरेंद्र के साथ-साथ एसएससीबी के मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट के अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कुल छह स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव किया। विश्वामित्र चोंगथम (51 किग्रा), सचिन (54 किग्रा), आकाश (67 किग्रा) और सुमित (75 किग्रा) टीम के अन्य स्वर्ण पदक विजेता हैं। आरएसपीबी (दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ दूसरे जबकि पंजाब (एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्थानीय मुक्केबाज अभिमन्यु (80 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) ने अपने शानदार अभियान को कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ खत्म किया। दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण मिला।

# दिल्ली के कोच अभय हो सकते है बर्खास्त

**● चयनकर्ता खोड़ा ने निलंबन पर जताई निराशा**

**भाषा।** नई दिल्ली

**निखिल चोपड़ा,** गुरशरण सिंह और रीमा मल्होत्रा की अगुवाई वाली दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की क्रिकेट सलाहकार समिति रणजी ट्रॉफी मैचों में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच अभय शर्मा को बर्खास्त करने की तैयारी में है। दिल्ली की टीम के नाम चार मैचों में सिर्फ दो अंक है और उस पर ग्रुप चरण में आखिरी स्थान पर रहने का खतरा मंडरा रहा है। टीम के इस लचर प्रदर्शन से रेलवे के पूर्व कप्तान अभय के फैसले सवालों के घेरे में आ गए हैं और डीडीसीए में कोई भी शीर्ष अधिकारी उनसे खुश नहीं है। डीडीसीए के एक वरिष्ठ निदेशक ने कहा, चयन समिति को बाहर किए जाने के बाद अभय भी आलोचना से बच नहीं सकते क्योंकि इस तरह की हार के लिए वह भी बराबर के जिम्मेदार हैं। चयनकर्ताओं ने टीम का चयन जरूर किया लेकिन उस टीम में से अंतिम एकादश के चयन में कोच की भूमिका अहम होती है। अभय भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर सरनदीप सिंह को पछाड़ कर दिल्ली के मुख्य कोच बने थे। डीडीसीए में हालांकि कई लोग मानते हैं कि यह एक गलत निर्णय था। डीडीसीए के मुख्य चयनकर्ता के पद से हटाए जाने से आहत गगन खोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की हार पर अपना दृष्टिकोण रखने का मौका नहीं मिलने से निराश और हैरान है।

### पीसीबी प्रमुख का आरोप बेबुनियाद, क्रिकेट कैलेंडर 22 दिसंबर को भेज दिया गया था: एसीसी

**कुआलालंपुर।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने अगले दो साल के क्रिकेट कैलेंडर को लेकर अपने अध्यक्ष जय शाह का बचाव करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव और एसीसी अध्यक्ष शाह ने गुरुवार को दो साल के कार्यक्रम कैलेंडर को ट्विटर पर साझा किया था। इसके बाद सेठी ने आरोप लगाया था कि एसीसी का कार्यक्रम साझा करने से पहले पीसीबी को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, एसीसी की नई संरचना और कैलेंडर 2023-24 को एकतरफा तरीके से जारी करने के लिए जय शाह को धन्यवाद, विशेष रूप से एशिया कप 2023 से लिए जिसका पाकिस्तान मेजबान है।

# बोंजी ने जेंडशल्प को हराकर किया उलटफेर

**● पहली बार एटीपी टूर के फाइनल में**

**भाषा।** पुणे

**फ्रांस के बेंजामिन** बोन्जी ने टाटा ओपन महाराष्ट्र के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां दुनिया के 35 वें रैंकिंग के खिलाड़ी बोटिच वान डे जेंडशल्प को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया। वह इस जीत से पहली बार एटीपी विश्व टूर स्तर के टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे है। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज बोंजी ने दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 7-6 6-7 6-। से शिकस्त दी। उन्होंने इस जीत के साथ ही नीदरलैंड के दो खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना को समाप्त कर दिया। दिन के पहले सेमीफाइनल में नीदरलैंड के टालियोन ग्रीकस्पूर ने आठवीं वरीयता प्राप्त रूस के खिलाड़ी असलान करात्सेव को 7-6 6-। से शिकस्त दी।

# जोकोविच एडीलेड इंटरनेशनल सेमीफाइनल में

**● मुकाबला मेदवेदेव से**

**भाषा।** एडीलेड



**शीर्ष वरीयता** प्राप्त नोवाक जोकोविच ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिए अहम माने जा रहे इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव ने रूस के ही कारेन खाचानोव को 6-3, 6-3 से हराया। जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सके थे। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने छठी वरीयता प्राप्त जानिक सिनेर को 7-5, 6-1 से मात दी। वहीं जापान के योशिहितो निशिओका ने आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन को हराया। महिला वर्ग में क्वालीफायर लिंडा नोस्कोवा ने दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका को मात दी। चेक गणराज्य की नोस्कोवा ने 6-4, 6-7, 7-6 से जीत दर्ज की। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मरकेटा वोंड्रूसोवा को 6-3, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# सरफराज की शतकीय पारी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ड्रॉ कराया टेस्ट

**भाषा।** कराची



**पूर्व कप्तान सरफराज** अहमद ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी को और शानदार बनाते हुए दूसरी पारी में शतक जड़ा जिससे पाकिस्तान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी ओवरों में रोमांचक हुए दूसरे टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने में सफल रहा। दो मैचों की इस श्रृंखला के दोनों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चार साल के बाद टीम में वापसी कर रहे सरफराज ने 118 रन की पारी खेली। उन्होंने इससे पहले तीन पारियों में अर्धशतक लगाया था। खराब रोशनी के कारण जब अंपायरों ने खेल को रोकने का फैसला किया तब पाकिस्तान को जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी जबकि न्यूजीलैंड को एक विकेट की दरकार थी। जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 304 रन बनाए। सरफराज ने चार घंटे और 48 मिनट की पारी के दौरान 176 गेंद का सामना किया और नौ चौके तथा एक छक्का जड़ा। उन्होंने सऊद शकील (32) के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की मैच में पाकिस्तान की वापसी कराई। इससे पहले न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन शुक्रवार को पाकिस्तान के पांच विकेट 80 रन पर निकाल दिए थे। ऑफ स्पिनर माइकल ब्रेसवेल (75 रन पर चार विकेट) ने बाबर आजम और शान मसूद को छह गेंद के भीतर पवेलियन भेजा। इसके बाद ईश सोढ़ी (59 रन पर दो विकेट) ने इमामुल हक को बोल्ड किया।

# यूपी पर भारी पड़ा हरियाणा,बढ़त लेकर 3 अंक जुटाए


तमिलनाडु के शंकर

**● इश्वरन 82 रन पर नाबाद रहे**

**● बंगाल उत्तराखंड का मैच बराबरी पर**

**भाषा।** देहरादून

**अभिमन्यु इश्वरन** ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए दूसरी पारी में 82 रन बनाए लेकिन उत्तराखंड की टीम रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के इस मैच को शुक्रवार को ड्रॉ कराने में सफल रही। इश्वरन ने अपने नाम के इस स्टेडियम में पहली पारी में 165 रन बनाए थे। वहीं हरियाणा ने उत्तर प्रदेश पर पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए । इश्वरन ने उन्होंने मैच के चौथे और आखिरी दिन अपने कल के स्कोर में 58 रन जोड़े जबकि सुदीप कुमार घरामी (72) ने 48 रन और जोड़े। बंगाल ने अपने दूसरी को सात विकेट पर 206 रन पर घोषित की जिससे उत्तराखंड को जीत के लिए 322 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तराखंड ने अपनी पारी में 23 ओवर में बिना किसी नुकसान के 69 रन बनाए। स्टंप्स के समय टीम ने बिना किसी नुकसान के 69 रन बना लिए थे। अवनीश सुधा 54 रन जबकि जीवनजोत सिंह 14 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को तीन अंक मिले। ग्रुप तालिका में बंगाल 19 अंक के साथ दूसरे जबकि उत्तराखंड 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। ग्रुप के अन्य मैचों में ओडिशा ने पहली पारी में बढ़त के आधार में नगालैंड के खिलाफ तीन अंक हासिल किए। हरियाणा ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए।

### तमिलनाडु ने मुंबई को ड्रॉ पर रोका

**जायसवाल की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के बाद भी**

**● रणजी राउंडअप**

**मुंबई।** मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (60 गेंद में नाबाद 66) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के बाद भी मुंबई की टीम तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच को जीतने से शुक्रवार को यहां 74 रन से दूर रह गई। जीत के लिए 212 रन का पीछा करते हुए मुंबई ने जब 24.2 ओवर मे तीन विकेट पर 137 रन बनाए थे तब दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ करने पर सहमति जता दी। इससे पहले तमिलनाडु ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 380 रन से आगे खेलते हुए दो सत्र मे बल्लेबाजी की और 168 रन जोड़कर टीम पूरी टीम आउट हो गई। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन ने नाबाद 107 रन बनाए जबकि विजय शंकर ने 174 गेंद की पारी मे 103 रन का योगदान दिया। जीत के लिए एक सत्र मे 212 रन का पीछा करते हुए मुंबई को पृथ्वी साव (15) और जायसवाल ने तेज शुरुआत दिलाई। एल विग्नेश ने हालांकि जायसवाल को आउट कर तमिलनाडु को पहली सफलता दिलाई। अरमान जाफर (29) ने इसके बाद जायसवाल का अच्छा साथ दिया लेकिन जाफर और कप्तान अजिंक्य रहाणे (11 रन) के पांच ओवर के अंदर आउट हो जाने के बाद टीम ने मैच ड्रॉ कराना सही समझा। ग्रुप के अन्य मैच मे आंध्र ने हैदराबाद को 154 रन से हराया जबकि असम और महाराष्ट्र का मैच ड्रॉ रहा।

### कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ को सात विकेट से हराया, गोवा ने केरल को मात दी

**बेंगलुरू।** मध्यम तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाख के प्रथम श्रेणी क्रिकेट मे पहली बार पांच विकेट की मदद से कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच मे शुक्रवार को सात विकेट से हराया। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 35 रन से आगे खेलने वाली छत्तीसगढ टीम विशाख की गेंदबाजी का सामना नही कर सकी। उन्होंने पहली पारी मे शतक जमाने वाले आशुतोष सिंह (18) को आउट किया। अमनदीप खरे (50) और मयंक वर्मा (46) ही कुछ देर टिककर बल्लेबाजी कर सके। कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया को के गौतम ने आउट किया। विशाख ने खरे का विकेट लेकर छत्तीसगढ को एक और झटका दिया। इसके बाद उन्होंने शशांक सिंह, अजय मंडल और सौरभ मजूमदार के विकेट लिए। इस समय स्कोर पांच विकेट पर 59 रन था। जीत के लिए 123 रन के लक्ष्य के जवाब मे कर्नाटक ने सलामी बल्लेबाज कप्तान मयंक अग्रवाल (14) और आर समर्थ (24) के विकेट जल्दी गंवा दिए।

### द.अफ्रीका का सूपड़ा साफ करने की आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेरा

**सिडनी।** खराब मौसम के कारण दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने की की आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है क्योंकि तीसरा टेस्ट ड्रॉ की ओर अग्रसर है। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दो दिन मैच विलंब से शुरू हुआ और शुक्रवार को कोई खेल नहीं हो सका। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में चार विकेट पर 475 रन बना लिए हैं और उस्मान ख्वाजा 195 के स्कोर पर क्रीज पर हैं। अब आस्ट्रेलिया दुविधा में है कि उसे बाकी दो दिन में कितने रन बनाने होंगे और दक्षिण अफ्रीका को दूसरी बार आउट करने के लिए कितना समय लगेगा क्योंकि पिच स्पिनरों की मदद नहीं कर रही है। यहां शुक्रवार की सुबह से ही बारिश हो रही है जिससे मैदानकर्मियों को फील्ड तैयार करने का मौका ही नहीं मिला। पहले दो टेस्ट के साथ आस्ट्रेलिया श्रृंखला पहले ही जीत चुका है। तीसरा टेस्ट जीतने पर जून में इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाती। ख्वाजा ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरा शतक जमाया और अपने कैरियर का सर्वोच्च स्कोर भी बना चुके हैं।इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 174 रन था जो उन्होंने 2015 में ब्रिसबेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।